# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




सिंगर शिल्पा राव ने विधायक कल्पना सोरेन संग मंच पर मिलाया सुर


• बोकारो, मंगलवार 18 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 181 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### हाथियों ने महिला को कुचला, मौत

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जगेश्वर ओपी क्षेत्र स्थित खरकंडा गांव में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक 45 वर्षीय महिला सांझो देवी को कुचलकर मार डाला। हाथियों ने गांव के कई घरों में भी तोड़फोड़ की। हाथियों ने घंटों तक गांव में जमकर उत्पात मचाया, जिससे ग्रामीण दहशत में आ गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को लालपनिया रोड को जाम कर दिया। ग्रामीण मृतका के परिवार और क्षतिग्रस्त घरों के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### गंगा सतलुज एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री की मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बनारस से धनबाद आ रही गंगा सतलुज एक्सप्रेस में एक यात्री की मौत हो गई। 35 वर्षीय दिवाकर कुमार ट्रेन में बेहोशी की हालत में मिले थे। धनबाद स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही जीआरपी ने उन्हें उतारकर रेलवे अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिवाकर के चचेरे भाई गजेंद्र राम ने बताया कि एक महीने पहले उनके पिता का निधन हो गया था जिसके बाद वह गंगा स्नान के लिए बनारस गए थे। गजेंद्र राम के अनुसार धनबाद पहुंचने से करीब 10 मिनट पहले दिवाकर की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि ठंड लगने या दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हुई होगी।

### तीन दिनों बाद धुर्वा डैम से चौथे पुलिसकर्मी का शव बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के धुर्वा डैम में शुक्रवार को हुए दर्दनाक हादसे में लापता चौथे पुलिसकर्मी का शव सोमवार सुबह बरामद कर लिया गया। बता दें कि शुक्रवार शाम प्रिंसिपल जिला जज, जमशेदपुर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का वाहन अचानक अनियंत्रित होकर डैम में जा गिरा था। वाहन में सवार दो पुलिसकर्मी और दो सरकारी चालक डूब गए थे। लगातार तीन दिनों की कोशिशों के बाद सोमवार सुबह एनडीआरएफ को सफलता मिली और सत्येन्द्र कुमार का शव डैम से बरामद कर लिया गया। धुर्वा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### जेपीएससी कार्यालय के बाहर छात्रों का सत्याग्रह आंदोलन शुरू

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा फूड सेफ्टी ऑफिसर और सीडीपीओ परीक्षा परिणाम जारी नहीं किए जाने से नाराज अभ्यर्थियों ने सोमवार को जेपीएससी कार्यालय के बाहर सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया। रांची में आयोग कार्यालय के सामने सुबह से ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं जुटे और शांतिपूर्ण ढंग से धरना देकर रिजल्ट जारी करने की मांग करते रहे। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा आयोजित हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है लेकिन आयोग की ओर से न तो परिणाम जारी किया गया है और न ही किसी निश्चित समयसीमा की घोषणा की गई है।

सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन

# अपने कार्यों से समाज को दें नई दिशा : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में सोमवार को 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने 78 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। इसके साथ ही 37 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। दीक्षांत समारोह में सर्वश्रेष्ठ स्नातक के रूप में तृप्ति शोभा मरांडी को सम्मानित किया गया। वह दुमका के सेंट जेवियर्स कॉलेज महारो की गणित विभाग की यूजी सत्र 2021-24 की छात्रा रही हैं। उन्होंने अपने सत्र में सर्वोत्तम अंक प्राप्त किए हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने शोध और नवाचार से नई संभावना विकसित कर समाज के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि जीवन के नए अध्याय की यह शुरुआत है। चुनौतियां आएंगी पर अवसर अनंत हैं। राज्यपाल ने कहा कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा दें। आपका कार्य समाज और राष्ट्र के सर्वोच्च हित में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता केवल आपकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि यह समाज के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ कुनुल कांदीर, जामा क्षेत्र की विधायक लुईस मरांडी समेत जिले के अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय अमर शहीद सिद्धो कान्हू के नाम पर बना है जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। राज्यपाल ने कहा कि सिद्धो कान्हू जनजाति समुदाय ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कहा कि आज का यह दीक्षांत समारोह आपके शिक्षा का अंत नहीं है बल्कि यह तो एक नई शुरुआत है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और बेहतर स्वास्थ्य समेत तमाम क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान देकर लोगों के हित में काम करें। राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें आप भी अपना बहुमूल्य योगदान देकर अपनी भूमिका अदा करें।



# जेवर दुकानदार को घायल कर जेवरात की लूट

## जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे अपराधी : एसडीपीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिला मुख्यालय स्थित बरही चौक पर रविवार रात हथियारबंद अपराधियों ने जय माता दी ज्वेलर्स के दुकानदार रविंद्र कुमार से लाखों रुपए के जेवरात लूट लिए। यह घटना रात करीब 9 बजे हुई, जब वो दुकान बंद कर जेवरातों से भरा बैग अपनी कार में रख रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार अपराधी मौके पर पहुंचे और हवाई फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के बाद अपराधियों ने कार का शीशा तोड़कर जेवरात से भरा बैग छीन लिया। रविंद्र कुमार ने विरोध करने का प्रयास किया, जिस पर अपराधियों ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर कोडरमा की ओर फरार हो गए। घायल प्रोपराइटर को स्थानीय लोगों की मदद से हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अपराधी पहले से रेकी कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने थाना प्रभारी विनोद कुमार को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी बिनोद कुमार यादव ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना से बरही के व्यापारियों में चिंता का माहौल है। व्यापारियों ने प्रशासन से अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। बरही के एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने बताया कि पीड़ित द्वारा स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन में अपने तीनों दुकान के जेवरों की लूट का जिक्र किया है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, करोड़ों रुपए के जेवरात की लूट हुई है। मामले की जांच की जा रही है, अपराधी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी के आसेहार स्थित टिटही टोला में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। महिला दो बच्चों की मां है। परिजनों ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान 38 वर्षीय उदय यादव के रूप में हुई है। यह घटना रविवार रात को हुई जिसके बाद सोमवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। मृतक के भाई संजय कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि उनके भाई उदय की हत्या भाभी रंजू देवी ने अपने प्रेमी चंदन पासवान के साथ मिलकर की है। चंदन लेस्लीगंज के चौरा का रहने वाला है। संजय के अनुसार चंदन और रंजू के बीच पिछले डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता था और रंजू देवी अपने पति को जान से मारने की धमकी भी देती थी। संजय यादव ने आरोप लगाया कि रविवार रात रंजू देवी और उसके प्रेमी ने मिलकर उदय यादव की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद रंजू कुछ देर तक नाटक करती रही लेकिन बाद में स्थिति स्पष्ट हो गई। पुलिस को मौके से गला दबाने में इस्तेमाल की गई रस्सी भी मिली है। आरोपी पत्नी और प्रेमी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी प्रेमी चंदन पासवान पेशे से ड्राइवर है। वह अक्सर गांव के राजेश सिंह के पास आता-जाता था। इसी दौरान उसका उदय यादव की पत्नी रंजू देवी से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। गांव में भी उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं होती थीं।

# हर समस्या का समाधान शोकॉज नहीं : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की अचानक कृषि निदेशालय पहुंची। कृषि निदेशालय में मंत्री ने उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी मांगी गई। कृषि मंत्री के औचक निरीक्षण से विभागीय अधिकारी योजना से संबंधित जानकारी और डाटा तैयार करने को लेकर परेशान दिखे। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि ये जरूरी नहीं है कि योजनाओं की सुस्ती पर अधिकारियों को शोकॉज नोटिस या कार्रवाई ही की जाए बल्कि रचनात्मक सोच और ठोस कार्य योजना के जरिए भी योजनाओं को गति प्रदान की जा सकती है। उद्यान निदेशालय के अधिकारियों के साथ औचक बैठक करने पहुंची मंत्री ने योजनाओं को धरातल पर उतारने में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए विस्तार से चर्चा की। समय सीमा के अंदर योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर उन्होंने इस बात पर ज्यादा फोकस किया कि कैसे उन अड़चनों को दूर कर योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके? कृषि मंत्री ने इस दिशा में उद्यान निदेशालय के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। बैठक में इस बात की जानकारी दी गई कि मशरूम के वितरण से लेकर मधुमक्खी पालन से संबंधित योजना आगे बढ़ रही है। मूल रूप से इस बैठक का उद्देश्य, राज्य में उद्यानिकी की योजनाओं को गति प्रदान करना और समय सीमा के अंदर योजनाओं का क्रियान्वयन करना रहा है। इस बैठक में उद्यान निदेशक माधवी मिश्रा, निदेशक विकास कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि निदेशालय में संचालित किसान कॉल सेंटर का भी औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने कॉल सेंटर से किसान को फोन लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी देने की प्रक्रिया को समझा। कृषि मंत्री की उपस्थिति में किसान को फोन लगाकर उसकी परेशानी के बारे में जानकारी पूछी गई। इस मौके पर मंत्री ने अधिकारियों को कॉल सेंटर में कार्यरत ऑपरेटरों को विभाग की योजनाओं से अपडेट रखने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्देश भी दिया। इसके साथ ही कृषि मंत्री ने किसानों से टोल फ्री नंबर 18001231136 पर कॉल कर कृषि से संबंधित परेशानी को साझा करने और समाधान की जानकारी लेने की अपील की है।



# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में अनियमितता

## गढ़वा में लाभुकों को कागजों पर ही मिला योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले में लाभुकों को योजना के लाभ से वंचित रखने का मामला सामने आया है। यहां शीर्ष पदों पर बैठे लोग ही लाभुकों के हितों पर डाका डाल रहे हैं। बड़े-बड़े ओहदे पर बैठे लोग अपने सगे संबंधियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में व्यस्त हैं। वेंडर पर सरकारी योजना का लाभ लेने का आरोप लगा है। दरअसल गढ़वा पशुपालन विभाग और गव्य विकास योजना में घोर अनिमियता बरतने का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना में लापरवाही का आलम यह है कि आदिवासियों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है। पशुपालन विभाग से नगर उंटारी प्रखंड के कोइंदी गांव में रहने वाले एक उरांव परिवार को सूकर विकास योजना का लाभ सिर्फ कागजों पर ही मिला है। विभाग वास्तविक लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने में नाकाम दिख रहा है। कांडी प्रखंड के लामारी कला में ग्रामीणों को मुर्गीपालन योजना के तहत लाभ मिलना चाहिए था लेकिन यहां भी लाभुकों को लाभ से वंचित कर दिया गया है। इधर गव्य विकास योजना की ओर से अभी हाल में ही एक वेंडर पर 29 लाख रूपये के घोटाले का आरोप लगा है जिसके बाद उसपर प्राथमिकी तक दर्ज कर दी गई है। रमना प्रखंड के इस वेंडर पर खुद ही 22 योजनाओं का लाभ लेने का आरोप लगा है। इस मामले में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी पर भी आरोप है कि उन्होंने अपने सगे संबंधियों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए योजना में नाम जुड़वाए हैं। दोनों पर योजनाओं में 10% कमीशन लेने का आरोप लगा है। मामले में डीसी दिनेश यादव ने कहा कि ऐसी कोई शिकायत है तो जो भी शिकायतकर्ता हैं, वो अपना आवेदन दे सकता है। उस पर हम नियम अनुसार जांच कराएंगे और यदि सत्य पाया जाता है तो कार्रवाई होगी।

## दो पालियों में होगा टीचर्स नीड असेसमेंट

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों का आवश्यकता आधारित आकलन (टीचर्स नीड असेसमेंट) 18 से 20 नवंबर तक होगा। इसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के वैसे शिक्षक सम्मिलित होंगे, जिन्होंने इस मूल्यांकन में सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण कराया है। इसके माध्यम से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग इसका आकलन करेगा कि शिक्षकों को किस तरह के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसी के आधार पर शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 18 नवंबर को पहले दिन दोनों पालियों में प्राथमिक शिक्षक भाग लेंगे।

# झारखंड में ला-नीना का प्रभाव लंबे समय तक सताएगी सर्दी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। क्योंकि इस बार ला-नीना डेवलप हो रहा है, जो सामान्य से ज्यादा वर्षा का कारण बनता है। साथ ही प्रशांत महासागर में समुद्री सतह के तापमान में गिरावट आती है। ऊपर से पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड में उत्तर-पश्चिम से उत्तरी हवा आ रही है जो कनकनी बढ़ा रही है। 17 नवम्बर को राज्य के 11 जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जतायी गई है। इनमें पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, चतरा, रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा और लातेहार जिला शामिल है। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक ला-नीना की वजह से इस साल समय से पहले यानी नवंबर माह से ही कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। यह सिलसिला अगले साल फरवरी माह तक चल सकता है। खास बात है कि पिछले साल की तुलना में इस साल अच्छी ठंड पड़ेगी। इस बीच राहत की बात है कि 18 नवंबर से पूर्वी हवा चलने की वजह से न्यूनतम पारा में 3-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ेतरी की संभावना है। ऐसे में अगले तीन से चार दिनों तक कनकनी से थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम केंद्र के मुताबिक 18 से 20 नवंबर तक सुबह के वक्त हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहेगा। हालांकि बाद में मौसम साफ रहेगा। 18 नवंबर को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# जनता के बीच फिर जाएगी हेमंत सरकार, पंचायत स्तर पर शुरू होगा कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में एक बार फिर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। हेमंत सरकार के द्वारा पूर्व में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में काफी सफलता मिलने के बाद एक बार फिर सरकार ने जनता के बीच जाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिव, सरकार के सभी प्रधान सचिव, सभी सचिव, सभी प्रमंडलीय आयुक्त और सभी उपायुक्तों को दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांच के बाद उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी 21 नवंबर से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में आम लोगों से जुड़े छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, लैंप्स पैक्स सदस्य अभियान, सार्वजनिक पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और अबुआ आवास योजना के तहत प्राप्त आवेदन को प्राथमिकता के आधार पर लिए जाएंगे। राज्य के हर जिलों में पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले विशेष शिविरों का जायजा लेने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद जिलों का दौरा करने वाले हैं। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत होने से पहले इस पर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्षी दल भाजपा ने पिछले आपके द्वार कार्यक्रम की तरह आम लोगों के आवेदनों को कूड़ेदान में डालने की बात कहते हुए इसकी आलोचना की है। पार्टी के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि जिस तरह से पिछले आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों के आवेदन लेकर उसका समाधान नहीं किया गया, उसी तरह से एक बार फिर लोगों को भ्रमित करने के लिए सरकार द्वारा यह कोशिश की जा रही है, जिसका कुछ भी फायदा होने वाला नहीं है। क्योंकि सरकार की मंशा ही नहीं है कि लोगों की समस्या का समाधान किया जा सके। इधर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने विपक्ष के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कितना सफल रहा। यह जनता जानती है। कांग्रेस प्रवक्ता सतीश मुंजनी ने कहा कि विपक्ष हमेशा नकारात्मक बातें करता है। यदि आवेदन को कूड़ेदान में डाला गया तो एक भी ऐसे आवेदन को सार्वजनिक करें, जिसे जनता ने सरकार को सौंपा था। बहरहाल आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हेमंत सरकार के सफल कार्यक्रमों में से रहा है जिसके माध्यम से लोगों को यह उम्मीद रहती है कि उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा।




बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


C M Y K

# सुनील वर्णवाल परिसदन भवन पहुंचे की नीति आयोग के सभी आयामों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आकांक्षी जिला रूपांतरण कार्यक्रम के तहत सुनील कुमार वर्णवाल द्वारा संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ किया गया बैठक, दिया गया जरूरी दिशा-निर्देश नीति आयोग के तहत आकांक्षी जिला प्रखंड रूपांतरण कार्यक्रम के सभी आयामों में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं बुनियादी ढांचे से संबंधित सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ लागू किया जाए, ताकि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंडों की रैंकिंग में सुधार लाया जा सके वर्णवाल ने आकांक्षी प्रखंड जमुआ में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया, कहा सरकारी योजनाओं व शैक्षणिक कार्यक्रमों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाये, ताकि प्रत्येक लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचे सकें गिरिडीह आकांक्षी जिला के केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी सुनील कुमार वर्णवाल परिसदन भवन पहुंचे। जहां जिला उपायुक्त रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया।



इसके पश्चात समाहरणालय सभागार में आकांक्षी जिला प्रखंड रूपांतरण कार्यक्रम के तहत सुनील कुमार वर्णवाल द्वारा संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी सुनील कुमार वर्णवाल ने आकांक्षी जिले एवं आकांक्षी प्रखंड जमुआ के विकास से संबंधित निर्धारित सभी आयामों जैसे स्वास्थ्य और पोषण, कृषि और जल संसाधन, शिक्षा, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं बुनियादी ढ़ांचा के लिए अबतक किये गये कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। इसमें ग्रामीण सड़क, ग्रामीण पेयजलापूर्ति, ग्रामीण क्षेत्र और स्कूलों में विघुत व्यवस्था और पेयजलापूर्ति तथा इंटरनेट सेवा की समीक्षा की। उन्होंने कम्यूनिटी इनवॉलमेंट और आमजनों की जागरूकता पर जोर दिया। कहा कि जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। बैठक के दौरान आकांक्षी जिला और खासकर आकांक्षी प्रखंड जमुआ के लिए निर्धारित प्रक्षेत्र के कार्यों में और अधिक तेजी एवं सुधार लाने के लिए शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, कौशल विकास एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई तकनीक से कार्य करने का निर्देश दिया वर्णवाल ने कहा कि कई आयामों में जिला का प्रदर्शन संतोषजनक है, जबकि कुछ में प्रदर्शन असंतोषजनक है। इसमें अविलंब सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में प्रगति कम है, उनमें समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, विभागीय समन्वय को और सशक्त बनाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं बुनियादी ढांचे से संबंधित सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ लागू किया जाए, ताकि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंडों की रैंकिंग में सुधार लाया जा सके। इसके अलावा स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र की समीक्षा करते हुये गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी में बढ़ोत्तरी, मालन्यूट्रिशन पर नियंत्रण, डायबिटीज व हाईपरटेंशन की नियमित जांच आदि बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वहीं नीति आयोग के इंडिकेटर के तहत शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों में पेयजल, शौचालय और बाउंड्री वॉल की आवश्यकता पर रिपोर्ट दें। विद्युतीकरण और पठन-पाठन की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। बच्चों की उपस्थिति में सुधार लाने के प्रयास किये जायें। साथ ही आयुष्मान कार्ड को मिशन मोड में करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए श्री वर्णवाल ने कहा कि सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण में तेजी लाई जाय, माईक्रो और डीप इरिगेशन सिस्टम को बढ़ावा दिया जाय, फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार किया जाए। साथ ही जिले में चल रहे सभी योजनाओं के कार्यो को का समय-समय पर अद्यतन एमआईएस एंट्री सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिया ताकि योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि पोर्टल पर प्रदर्शित हो सके वर्णवाल ने आकांक्षी प्रखंड जमुआ में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया, कहा सरकारी योजनाओं व शैक्षणिक कार्यक्रमों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाये, ताकि प्रत्येक लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचे सके केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी सुनील कुमार वर्णवाल ने आकांक्षी प्रखंड जमुआ में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर और विद्यालयों का निरीक्षण किया, जिसमें स्वास्थ्य उपकेंद्रों और स्कूलों के कामकाज और बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने आरोग्य मंदिरों में सुविधाओं के विस्तार के निर्देश दिए और स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन और स्वच्छता जैसे मुद्दों की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जमुआ प्रखंड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य संसाधनों का अवलोकन किया एवं वहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रोस्टरवार जानकारी सुनिश्चित की। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, संस्थानों की कार्यप्रणाली एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, मध्याहन भोजन संचालन व विद्यालय की स्वच्छता की जांच की गयी। श्री वर्णवाल ने निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं व शैक्षणिक कार्यक्रमों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाये, ताकि प्रत्येक लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचे सके। उन्होंने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा व पंचायत विकास से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवता व समयबद्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। मौके पर उपायुक्त, रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी जमुआ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे

# पीएलआई-आरपीएलआई महा मेला की तैयारी हेतु संक्षिप्त अभिमुखीकरण सह प्रेरणात्मक बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** टाउन हॉल, गिरिडीह में डाक अधीक्षक राजेश पाठक की अध्यक्षता में आगामी 28 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाले पीएलआई झआरपीएलआई महा मेला की तैयारी हेतु एक संक्षिप्त अभिमुखीकरण सह प्रेरणात्मक बैठक आयोजित की गई।




इस अवसर पर डाक अधीक्षक, गिरिडीह, ने पीएलआई मेला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन डाक विभाग की प्रतिष्ठा, जनविश्वास और सेवाओं के विस्तार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी जीडीएस कर्मचारियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचें, उन्हें डाक जीवन बीमा पीएलआई की विशेषताओं और लाभों के बारे में जागरूक करें' डाक अधीक्षक ने बताया कि पीएलआई न केवल सुरक्षित निवेश का साधन है, बल्कि आमजन के लिए भरोसेमंद बीमा कवच भी प्रदान करता है कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संकल्प लिया' कार्यक्रम में मंटू साहू, सहायक डाक अधीक्षक उत्तरी अनुमंडल अभिषेक कुमार, डाक निरीक्षक गोमिया अनुमंडल मनीष कुमार, डाक निरीक्षक, पश्चिमी अनुमंडल एवं आइपीपीबी प्रबंधक, गिरीडीह रंजीत कुमार सिंह सह समस्त गिरिडीह डाक मंडल के जीडीएस, कर्मचारी एवं डायरेक्ट एजेंट्स ने भाग लिया।

# हेड मास्टर पर लगा छात्रा से अभद्र व्यवहार करने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** अररिया आर.एस. थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इतहरा के हेडमास्टर समसुल होदा मासूम पर एक छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और स्कूल पहुँचकर हेडमास्टर को पकड़ लिया।



आक्रोशित ग्रामीणों ने उन्हें करीब दो घंटे तक बंधक बनाकर रखा। सूचना मिलने के बाद आर.एस. थाना पुलिस मौके पर पहुँची और काफी मशक्कत के बाद हेडमास्टर को भीड़ से छुड़ाया। लेकिन पुलिस जब उन्हें गाड़ी में बैठाकर थाने ले जाने लगी, तभी गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस की मौजूदगी में ही उसकी पिटाई शुरू कर दी। बाद में पुलिस ने किसी तरह स्थिति नियंत्रित की और आरोपी हेडमास्टर को सुरक्षित थाने पहुँचा दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि हेडमास्टर स्कूल की छात्राओं के साथ पहले भी इसी तरह का व्यवहार करता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत होने के बावजूद शिक्षा विभाग ने उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे उनके मन में आक्रोश और बढ़ गया।

वहीं हेडमास्टर समसुल होदा मासूम ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। मामला जिला शिक्षा पदाधिकारी के संज्ञान में भी जा चुका है,अब जांच के बाद कठोर कार्रवाई होनी तय मानी जा रही है। वहीं कई शिक्षकों का कहना था कि हेडमास्टर के इस करतूत से पूरा शिक्षक समुदाय ही बदनाम हो गया है। इसपर जांच कर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

# 'नशा मुक्त भारत अभियान' की 5वीं वर्षगांठ पर होगा आज सामूहिक शपथ ग्रहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत में आज सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार की ओर से 'नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन' योजना के तहत चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान ' की 5 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिले में एक विशाल जन-जागरूकता और सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से 11:30 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनएमबीए अभियान की उपलब्धियों पर ध्यान आकर्षित करना, सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना और नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है।अवसर पर नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्कूल और कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएं, तथा रैलियों जैसी कई गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने जिले के कर्मियों और आम जनता से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

# अन्तर्राजीय फेरी सेवा बहाल होने से यात्रियों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** झारखंड के साहेबगंज शकुंतला घाट एवं मनिहारी घाट के बीच नदी मार्ग के बीच संचालित अन्तर्राजीय यात्री फेरी सेवा साहिबगंज जिला प्रशासन के आदेश पर सोमवार से आरंभ कर दी गयी है। सोमवार को झारखंड के भगवान बिरसामुंडा शकुंतलाघाट से यात्री फेरी सेवा के तहत संचालित लंच सवारी लेकर मनिहारी घाट दोपहर लगभग दो बजे पहुंचा। पार उतरनेवाले अनेक यात्रियों ने फेरी सेवा पुनः बहाल होने पर सुखद यात्रा के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।



यात्रियों ने बताया कि जल स्तर बढने के मद्देनजर प्रशासन की ओर से एहतियात बरतते हुए नदी मार्ग में यात्री फेरी सेवा पर रोक आयत की गयी थी. इस दौरान ऊफनती नदी में नाव से पार उतरने की विवशता के बीच जान जोखिम मे डालकर यात्रा करनी पडती थी। वक्त भी अधिक लगता था साथ ही भय के साये में अधिक किराया देकर यात्रा करनी पडती थी।शादी विवाह के इस मौसम में शादी समारोह व अन्य उद्देश्य से की जानेवाली यात्रा में सुगमता होने से लोगों मे हर्ष है। घाट प्रबंधक प्रताप रंजन ने बताया कि फिलवक्त पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुरूप फेरी सेवा उपलब्ध रहेगी। घाट पर यात्री सुविधाओं की व्यवस्था भी शीघ्र बहाल की जा रही है।मनिहारी गंगा किनारे चाय नास्ते की दूकान चलाकर जीवीकोपार्जन करने वाले अनेक दूकानदारों ने बताया कि फेरी सेवा आरंभ हो जाने से गंगा किनारे की रौनक लौट आयी है।

# जय माता दी ज्वेलर्स से 5 करोड़ के सोने चांदी के जेवरातों की लूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही पटना रोड स्थित जय माता दी ज्वेलर्स से रविवार की रात बाइक सवार लुटेरों ने 2 लाख रुपये नगदी समेत 3 किलो 500 ग्राम के सोने के जेवर और 60 किलो चांदी और 35 किलो बना हुआ चांदी का जेवर लूट कर ले गए। जय माता दी ज्वेलर्स के मालिक सुरेन्द्र कुमार ने लूट की घटना के बाद बरही थाना में मामला दर्ज कराया है।


सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया है कि रविवार की रात 9 बजे दुकान बंद कर दुकान के सामने अपनी कार में दुकान का सामान और बिक्री का पैसा 2 लाख रुपया रखकर अपने घर जाने वाला था कि अपाचे और पल्सर बाइक से चार लड़के हेलमेट लगाए हुए आए और हथियार का भय दिखाकर फायर करते हुए उसकी कार के पास पहुंचकर कार का सीसा तोड़कर तीन बैग और दो प्लास्टिक का बोरी में रखे सामान और पैसा लुटकर पटना रोड की ओर भाग गए। उन्हें लुटने से रोकने के लिए उसके भाई रवीन्द्र कुमार की अपराधियो से हाथापाई भी हुई। अपराधियों ने उसके भाई को कट्टा के बट से मारते हुए सामान लुटकर भाग गए। सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी गाड़ी में जय माता दी ज्वेलर्स इटखोरी और जय माता दी ज्वेलर्स पटना रोड बरही का सामान था। दुकान बंद कर उसे अपने घर ले जा रहे थे। बैग और बोरी में 60 किलो चांदी और एक हरे रंग के बैग में 35 किलो बना हुआ चांदी का जेवरात था। सोने के जेवरात के दो बैग थे जिसमें लगभग 3 किलो 500 ग्राम बना हुआ जेवरात जिसमें टाप्स, बाली, झुमका, चेन, चूड़ी, अंगूठी, हार और अन्य सामान थे जो 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट के थे। सभी में उनके दुकान का पहचान चिह्न लगा हुआ है। दुबारा देखने पर वे अपने जेवरातों की पहचान कर सकते हैं।

# बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाए जेवर व नकदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला /कटिहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के एजी बाजार निवासी शंभू जायसवाल के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाकर जेवर नकदी उडा लिया। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर घुसे और गोदरेज में रखे तीन लाख के सोना चांदी के गहने एवं करीब पचास हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गये। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल है। घटना को लेकर शंभू जायसवाल की पत्नी मंजू देवी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में बताया है कि 14 नवंबर को परिवार के सभी लोग अपने पैतृक गांव पूर्णिया जिला के नंदगोला गए थे। 16 नवंबर की शाम घर लौटने पर दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो गोदरेज अलमारी खाली थी और सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की घटना की जानकारी होते ही उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे



सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। पीड़िता ने प्रशासन से चोरी गए सामान की बरामदगी और चोरों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर यूनिटी मार्च का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गिरिडीह में 18 मार्च को सरदार @150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत इसे लेकर नया परिषदन भवन संसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

उक्त जानकारी नये परिसदन भवन में आयोजित प्रसेवार्ता को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान मेरा युवा भारत माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में संचालित हो रहा है। कहा कि अभियान का उद्देश्य




युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र-निर्माण के प्रति गर्व की भावना को सुदृढ़उन्होंने बताया कि गिरिडीह जिले में जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन उनके नेतृत्व में 18 नवंबर को सुबह 9 बजे झंडा मैदान से किया जाएगा एवं पदयात्रा में जिले के विभिन्न महाविद्यालय तथा अन्य संस्थानों के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी से संबद्ध 500 से अधिक युवा प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त आम जनमानस की भी व्यापक भागीदारी की अपेक्षा उन्होंने की है। करना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी आधारित विकसीत भारत संकल्प के अनुरूप है।

# ग्रामीण इलाके में प्रखंड विकास पदाधिकारी का हुआ आगमन, जनता से की मुलाकात : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को जागरूक होना होगा,ग्रामीण इलाकों में बिचौलिया है हावी माले के आमंत्रण पर गिरिडीह प्रखंड विकास पदाधिकार गणेश रजक महुआटांड पहुंचे दर्जनों महिला और पुरुष ने अपनी अपनी समस्या का जिक्र किया अपनी अपनी कागजात दिखाई,वृद्धा पेंशन, मैईया योजना, अबुवा आवास, पीएम आवास, दिव्यांग पेंशन आदि कई योजना की चर्चा हुई साथ ही साथ दर्जनों का काम हुआ, कईयों का जांच किया गया, महुआडांड़, खेशमी, बोनासिंघा, श्रीरामपुर, हेटपहरी पुरनीपेटियार, कलामाँझो, पिपराटांड़, भितीया, फुल्ची, कोरमोरवा, कोलहरिया आदि गांव में बहुत समस्या है।

आज महुवतांड में खुद आकर पदाधिकारी देखा, तमाम लोगों से निवेदन है कि अपने अपने



जनप्रतिनिधियों को दिया गया आवेदन के बारे में दबाव डाल कर आवेदन के बारे पूछे वरना महुआडांड़ में असंगठित मजदूर मोर्चा के ऑफिस या माले के लोगों से मिलकर सभी योजना के लिए समझे, हम सब मदद करेंगे।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इस क्षेत्र के आम लोगों से मिलकर बहुत चीजों को जाना, उसके बाद माले के लोगों ने कहा कि क्षेत्र में पानी की बहुत समस्या है, इसपर पहल की बात की है,जल्द कुछ खास होगा। ज्ञात हो कि माले नेता राजेश सिन्हा और माले नेता कन्हाई पांडेय के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों से मिलकर,सरकारी योजना बेहतर करने की बात कही है,इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात की गई है,जल्द पानी के लिए भी कुछ उपाय करेंगे,प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ सहयोगी नंदन सिन्हा और उदय कुमार भारती भी उपस्थित थे ग्रामीणों ने कहा ऐसा सभी ज्ञान में अफसरों के आने पर जनता और अफसर से डायरेक्ट संबंध बढ़ेगा,जनता के काम में बिचौलिया का सफाया होगा सिन्हा कर पांडेय ने कहा कि इलाके में बहुत समस्या है संबंधित अफसर को जानकारी देकर ग्राम ग्राम में आमंत्रित किया जाएगा उपस्थित प्रखंड सचिव मसूदन कोल,सनातन साहू,किशोर राय,चंदन टुडू, घुमा टुडू,दिलीप हासदा,मनोज हसदा, रामस्वरूप मांझी, पवन यादव,भीम कोल,मोहन कोल, लखन कोल,राजू दास,सहदेव तुरी,राजन तुरी, सकलदेव कोल ,महिला भी दर्जनों उपस्थित थी।

# मधुबनी जिले में विकास योजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुबनी।** बिहार में मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में डीआरडीए स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ अंतर विभागीय समन्वय, विभिन्न विकास योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता एवं कार्यालय गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।



जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक सोमवार को इस बैठक में अंतर्विभागीय समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में प्राप्त भूमि अतिक्रमण, भूमि की उपलब्धता, भूमि का सीमांकन आदि मामलों को पोर्टल पर डालने हेतु कहा तथा उन्होंने कहा कि इसे एडीएम राजस्व मुकेश रंजन देखेंगे एवं अगली बैठक में उसकी प्रगति से अवगत करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतर विभागीय मामलों में सिर्फ पत्राचार से काम नहीं चलेगा,इसमें तीव्रगति से समाधान करना होगा ताकि विकास योजनाओं को ससमय क्रियान्वित किया जा सके। बैठक में शिक्षा विभाग के कुछ विद्यालयों में अतिक्रमण,भूमि की उपलब्धता एवं सीमांकन आदि मामलों को अविलंब समाधान हेतु अपर समाहर्ता मुकेश रंजन को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया।

# स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने वैसे नवजात बच्चे जिनका वजन जन्म के पश्चात 2500 ग्राम से कम है उसकी सीएचसीवार समीक्षा की, बताया गया कि सबसे अधिक लेस्लीगंज में 11, चैनपुर में 10 और डालटनगंज में 10 ऐसे मामले हैं।पलामू जिले में लो बर्थ वेट 6 प्रतिशत है। उपायुक्त ने इस मामले पर विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा वितरण किये जाने वाला पोषाहार किट अनिवार्य रूप से गर्भवती महिलाओं तक पहुंचाने एवं उक्त महिला ही इसका सेवन करें इसका ट्रैक रखने पर बल दिया।




बर्थ डोज़ इम्यूनाइजेशन का बेहतर संचालन को लेकर प्राइवेट क्लिनिक के संचालकों के साथ बैठक की जायेगी। बैठक में उपायुक्त ने बच्चे के जन्म के बाद लगाये जाने वाले टीकों की सीएचसी वार जानकरी ली। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को तय समय में सभी टीका लगाये जायें यह सुनिश्चित करने की बात कही। इसपर कई सीएचसी प्रभारी ने उपायुक्त के समक्ष निजी हॉस्पिटलों में जन्म लेने वाले बच्चों के टीकाकरण में आने वाली परेशानियों को रेखांकित किया। इस दौरान प्राइवेट क्लिनिक के संचालकों संग बैठक करने व योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उपचार पर भी विशेष चर्चा की गई। आयुषमान योजना की समीक्षा के दौरान कवरेज बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी पीवीटीजी समूह का शत-प्रतिशत आयुषमान कार्ड वितरण करने पर बल दिया। इसी तरह उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन, फैमिली प्लानिंग, इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, ट्यूबरक्लोसिस रिपोर्ट, सिकल सेल स्क्रीनिंग स्टेटस, अर्बन हेल्थ, मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना की समीक्षा की। बैठक में सीएस डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव के अलावे विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी बीडीएम, बीपीएम समेत अन्य उपस्थित रहे।

# अपराध नियंत्रण और प्राथमिक मुद्दों की विस्तृत समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू )।** पलामू जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आज क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक महोदया ने की। इस बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराध नियंत्रण को सुदृढ़ करने एवं सुरक्षा मानकों को उन्नत करने से संबंधित आठ प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा और निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को लंबित वारंट एवं कुर्की मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चार वर्ष या उससे अधिक पुराने मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। बीते माह में हुई हत्या, लूट, डकैती, महिला उत्पीड़न, साइबर फ्रॉड एवं अन्य महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गई। संबंधित थाना को कड़े व समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**सघन वाहन जांच अभियान**

जिले में नियमित अंतराल पर सघन व प्रणालीगत वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। अवैध हथियार, शराब, नशीले पदार्थ एवं संदिग्ध लोगों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया।

**अपराध नियंत्रण**

अपराध नियंत्रण के लिए थाना स्तर पर इंटेलिजेंस-आधारित कार्रवाई, रात्रि गश्ती, तथा हाई-क्राइम पॉइंट्स पर विशेष पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायतों का त्वरित निपटारा करने एवं पोस्को एक्ट के मामलों की सतर्क समीक्षा करने के साथ- पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु तेज कार्रवाई पर विशेष बल दिया गया।

**साइबर अपराध पर नियंत्रण**

तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर नियंत्रण हेतु विशेष टीम सक्रिय रखने, पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

**पासपोर्ट सत्यापन एवं अन्य प्रशासनिक अपडेट**

पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया को तेज एवं पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया गया। थानों को लंबित सत्यापन को समय सीमा के भीतर पूरा करने का आदेश दिया गया।

# पीवीटीजी समूहों को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में नवजात शिशुओं के लो बर्थ वेट मामलों की सीएचसीवार समीक्षा की गई। बताया गया कि जन्म के बाद 2500 ग्राम से कम वजन वाले बच्चों की संख्या लेस्लीगंज में 11, चैनपुर में 10 और डालटनगंज में 10 है। वर्तमान में जिले में लो बर्थ वेट की दर 6 प्रतिशत है। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले पोषाहार किट को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने की बात कही कि पोषाहार किट का सेवन केवल संबंधित गर्भवती महिला ही करे। उपायुक्त ने जन्म के तुरंत बाद लगाए जाने वाले बर्थ डोज़ टीकों की सीएचसी वार स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बच्चों को तय समय पर टीकाकरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। कई सीएचसी प्रभारियों ने निजी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों के टीकाकरण में आ रही कठिनाइयों को रेखांकित किया। इस पर उपायुक्त ने निजी क्लिनिक संचालकों के साथ एक बैठक आयोजित करने और कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया। बैठक में डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार पर विशेष चर्चा की गई। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि आगामी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी पीवीटीजी समूहों को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा बैठक में एएनसी रजिस्ट्रेशन, फैमिली प्लानिंग, इम्यूनाइजेशन, ट्यूबरक्लोसिस रिपोर्ट, सिकल सेल स्क्रीनिंग, अर्बन हेल्थ, मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, विभिन्न सीएचसी प्रभारी, बीएएम बीडीएम, बीपीएम और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## सिपाही को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 15वीं बैच के कांस्टेबल महेंद्र पासवान के पार्थिव शरीर को औरंगाबाद पुलिस केंद्र में श्रद्धांजलि दी गयी। महेंद्र पासवान औरंगाबाद में कार्यरत थे। वैसे वह रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के देव मार्केडेय गांव के रहने वाले थे। ज्ञात हो कि रविवार को रोहतास जिले के राजपुर-डेहरी रोड में ऑटो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार 37 वर्षीय सिपाही महेंद्र पासवान की मौत हो गयी थी। सासाराम में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। मिली जानकारी के अनुसार, सिपाही महेंद्र पासवान अपने गांव से बाइक पर सवार होकर डेहरी की ओर जा रहे थे। बीपीजेपी महिला कॉलेज गेट के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया,जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये। कुछ लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां के डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## 35 वर्ष की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दो लाख रूपये एकमुश्त जारी होः राकेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मेदिनीनगर (पलामू )।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने प्रेस बयान जारी कर झारखंड के तमाम निवासियों को रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड रजत जयंती के अवसर पर मइयां सम्मान योजना 2500 जो दिया जा रहा है वह 18 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक के महिलाओं को 200000(दो लाख )एकमुश्त जारी किया जाए ताकि महिलाएं खुद का अपना स्वरोजगार और कुटीर उद्योग, मध्यम उद्योग के नाते अपना व्यवसाय चला सके और अपना जीविकोपार्जन परिवार के साथ कर सके। मईयां सम्मान योजना से महिलाएं स्वालंबी नहीं बन सकती। उनके हाथ को काम चाहिए और रोजगार चाहिए। 35 से 50 वर्ष की महिलाओं को मईयां सम्मान योजना का लाभ उन्हें दिया जाए ताकि अपना गुजर बसर वह 2500 के माध्यम से 50 वर्ष की आयु की महिलाएं कर सके। साथ ही झारखंड के तमाम वृद्धो के लिए वृद्धा पेंशन है, विधवाओं के लिए विधवा पेंशन है।विकलांग के लिए विकलांग पेंशन है। ऐसे लोगों को 100 प्रत्येक दिन के हिसाब से 3000 उनके खाते में सरकार की ओर से ट्रांसफर किया जाए ताकि मूलभूत सुविधाओं,जीविकोपार्जन एवं अपना चिकित्सा के लिए पैसे का इस्तेमाल कर सके। आने वाले कैबिनेट की बैठक में यह ठोस निर्णय झारखंड को स्वावलंबी बनाने के लिए 200000 का प्रस्ताव को मंजूरी करें, ताकि झारखंड के सभी महिलाओं को स्वालंबी बनाया जा सके।

## नवादा में क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के निदेशक एम. रामचंद्रुडु ने जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण चरण-1 (मकान सूचीकरण) हेतु क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सटीक जनगणना देश की नीतियों की नींव है, इसलिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता सर्वोपरि है। कार्यक्रम में डीएम रवि प्रकाश सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को पहली बार लागू होने वाली पूर्णतः डिजिटल प्रणाली—एचएलओ मोबाइल ऐप, डिजिटल लेआउट मैप, जियो-टैगिंग प्रक्रिया—की विस्तृत जानकारी दी गई।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 143_2025-26, दिनांक 14.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में हावड़ा मंडल सीटीआरएस-6.246 टीकेएम। इन स्थानों में- दाँईहाट डाउन लूप 0.049-0.838=0.789 किमी; कटवा पीएफ लाइन 1 0-0.455=0.455 किमी-पीएफ लाइन 2 0.155-1.300=1.145 किमी-पीएफ लाइन 5 0-0.166=0.166 किमी-0.417-0.499=0.082 किमी-कटवा-आजिमगंजः गंगाटिकुरी अप लूप लाइन 0-1.357=1.357 किमी-सालार अप लूप लाइन 0-1.448=1.448 किमी-टेंया डाउन लूप लाइन 0-0.804=0.804 किमी, टीएफआर-12.794 टीकेएम इन स्थानों में बैण्डेल-कटवा-अप 104.355-104.500=0.145 किमी, बैण्डेल-कटवाः अप 89.455-95.366 = 5.911 किमी, कटवा-आजिमगंज डाउन 114.660-121.398 =6.738 किमी और टीआरआर (पी)-8.44 टीकेएम इन स्थानों में-आजिमगंज-नलहाटी डाउन 39.500-41.000 =1.500 किमी, आजिमगंज -नलहाटी डाउन 41.000-42.500=1.500 किमी, आजिमगंज-नलहाटीः डाउन @ 45 एवं 46 @ 000-39.500=1.500 किमी, आजिमगंज-नलहाटीः डाउन-33.100-34.500 =1.400 किमी, आजिमगंज-नलहाटीः डाउन - 42.500-43.740 =1.240 किमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,85,22,486.76, **बयाना राशिः** रु. 2,42,600/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 08.12.2025 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-403/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नालंदा के डीएम आज राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित

### जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किया गया चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे नालंदा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग के राष्ट्रीय जल शक्ति मिशन ने नालंदा को वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मान 18 नवंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वयं नालंदा के डीएम कुंदन कुमार को यह पुरस्कार देंगी। यह चयन जल संरक्षण एवं सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में जिले द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर हुआ है।



नालंदा के डीएम कुंदन कुमार ने बताया कि जिले का चयन 'जल शक्ति अभियान 1.0 – जल शक्ति, जन भागीदारी श्रेणी' में किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को एक नई दिशा दी है और जल संरक्षण के क्षेत्र में नालंदा ने नए मानक स्थापित किए हैं। इसके परिणामस्वरूप जिले में जल संसाधनों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है और जागरूकता भी बढ़ी है। डीडीसी श्रीकांत कुण्डलिक खांडेकर ने बताया कि जिले ने जल संरक्षण के लिए कई नवाचार किए हैं। चेक डैम निर्माण, आहर-पाइन की उड़ाही, सोख्ता निर्माण, जल संचयन संरचनाओं का विकास और व्यापक स्तर पर पौधरोपण जैसे कार्यों ने नालंदा में जल सुरक्षा को मजबूत किया है। इन प्रयासों की बदौलत नालंदा न केवल बिहार बल्कि देशभर के जिलों के लिए एक प्रेरणादायी माडल के रूप में उभरकर सामने आया है।

सामुदायिक सहभागिता, नवाचार और सतत प्रयासों की वजह से मिलने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान नालंदा की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## केविके के कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर की कलमबंद हड़ताल


**बिहारशरीफ/नबिटा सं।** हरनौत बाजार में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में केविके कर्मियों की लंबित मांगों की पूर्ति को लेकर फॉरम ऑफ़ केविके और एआइसीआरपी के आह्वान पर सोमवार को एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल रहा। इस दौरान केवीके प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ सीमा कुमारी समेत अन्य वैज्ञानिक व कर्मियों ने प्रशासनिक भवन में ताला लगाकर धरना पर बैठें व अपनी नाराजगी जताई। उनकी प्रमुख मांगों में ससमय वेतन, एकसमान राष्ट्रीय नीति, परोदा समिति की रिपोर्ट को लागू करना, समान कार्य समान वेतन, भेदभाव से मुक्ति, प्रोन्नति, पेंशन अंशदान और देशभर के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में एकसमान निष्पक्ष नीति लागू करना आदि शामिल हैं।

# एक ही रात में दो हत्याकांड

### पुलिस जांच में जुटी रास्ते के विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने एक मामले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे शव की गुत्थी सुलझाने के लिए एफएसएल टीम की मदद ली जा रही है। बताया जाता है कि भागनबीघा थाना क्षेत्र के मोरातालाब गांव में एक मामूली रास्ते का विवाद रविवार देर शाम खूनी रूप ले गया। यहां बदमाशों ने घर में घुसकर पवन पासवान को ईंट-पत्थरों से पीट-पीटकर मार डाला। स्वजन ने बताया कि पवन पासवान पानीपत में मजदूरी करता था और शनिवार को ही गांव लौटा था। उनका आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से गली और रास्ते को लेकर उनके ही गोतिया (पड़ोसियों) से विवाद




चल रहा था, जो रविवार को हिंसक हो उठा। स्वजन ने पुलिस पर शुरुआती लापरवाही का भी आरोप लगाया है। घटना के दौरान मौके पर तनाव इतना बढ़ गया था कि पुलिस को स्थिति संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलने पर भागनबीघा थानाध्यक्ष दल-बल के साथ पहुंचे और तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित सरयुग पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं दूसरी घटना खुदागंज थाना क्षेत्र के बरदाहा गांव में सोमवार सुबह गांव के बाहर खेत के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक की पहचान 25 वर्षीय इशू कुमार के पुत्र सुभाष चौरसिया के रूप में हुई है। परिवार वालों ने इशू की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी समेत स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। डीएसपी ने बताया कि यह हत्या है या कुछ और यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाकर हर पहलू से छानबीन की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः ओ-एसी-टी-113 से 114-25-26 (खुली), दिनांक 14.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम संख्याः 1, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-113-25-26, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में इन-सीटू ग्लूड जॉइंट के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 51,57,822/- **बयाना राशि :** रु. 1,03,200/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह। **क्रम संख्याः2, केस संख्याः** ओ-एसी-टी-114-25-26, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में पेट्रोल और मजदूर की आपूर्ति सहित रेल जॉइंटों की वेल्डिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 45,96,015.50, **बयाना राशि :** रु. 91,900/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 09.12.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-245/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जिला परिषद अध्यक्ष ने नहीं दिया त्यागपत्र टुनटुन साह को 23 पार्षदों का समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिला परिषद अध्यक्ष को लेकर माहौल गर्म हो गया है। अध्यक्ष मिथुन कुमार के नाथनगर विधायक बनने के बाद जल्द ही पद खाली होना है। अध्यक्ष सोमवार को जिला परिषद पहुंचे। इसके बाद वे उपविकास आयुक्त से मिले और डीआरडीए डायरेक्टर के साथ उनकी गाड़ी पर जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभी वे त्यागपत्र नहीं दे रहे हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि जिला परिषद अध्यक्ष मंगलवार को त्यागपत्र दे सकते हैं। इधर, 21 पार्षदों ने उप विकास आयुक्त को ज्ञापन देकर योजना संबंधित भुगतान रोकने का आग्रह किया है। इसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अनंत कुमार उर्फ टुनटुन साह शामिल थे। टुनटुन साह को 23 पार्षदों का समर्थन प्राप्त हो गया है। वे फिर से जिला परिषद अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे हो गए हैं। वहीं, जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव कुमार के कक्ष में लगभग एक दर्जन पहुंचे और उप विकास आयुक्त से मिलने का निर्णय लिया गया। 21 पार्षदों ने उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर कहा है कि मिथुन कुमार उर्फ मिथुन कुमार यादव के नाथनगर विधानसभा सदस्य पद पर निर्वाचित होने से अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी वित्त योजनाओं की राशि का गलत तरीके से निकासी एवं भुगतान होने की संभावना बनी हुई है, इसलिए हम सभी जिला परिषद सदस्य आपसे अनुरोध करते हैं कि पुनः अध्यक्ष पद पर आसीन होने तक किसी प्रकार के भुगतान दपर रोक लगाई जाए। जनहीत में वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने और जिला परिषद की राशि का गलत भुगतान होने से राकने की कृपा की जाए। 21 पार्षदों में अधिकांश ऐसे पार्षद हैं, जिन्होंने मिथुन कुमार को अध्यक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**पद खाली होने के बाद प्रभार मिलेगा उपाध्यक्ष को**

जिला परिषद अध्यक्ष को लेकर एक बार फिर चुनाव होगा। तीन साल में यह तीसरा मौका होगा, जब अध्यक्ष पद को लेकर चुनाव होगा। अगले दो-तीन दिनों में अध्यक्ष मिथुन कुमार अपने पद से त्यागपत्र देंगे। पद खाली होने के बाद तत्काल उपाध्यक्ष को अध्यक्ष का प्रभार दिया जाएगा। नियम के मुताबिक अध्यक्ष का पद खाली होने के 15 दिनों के अंदर चुनाव होना है। जिला परिषद के वरिष्ठ सदस्य गौरव राय ने बताया कि अध्यक्ष पद का प्रभार 15 दिनों से अधिक समय तक किसी को नहीं दिया जा सकता है। अभी जिला

# चाचा की हत्या के आरोप में युवक की हुई गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के हसनगंज गांव निवासी एवं हत्या के नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार नामजद आरोपित कुंदन कुमार यादव पिता सरयुग यादव है। उस्की गिरफ्तारी झारखंड के धनबाद में नाटकीय ढंग से की गई है। बताया गया कि 22 जून को हसनगंज गांव के सत्येंद्र प्रसाद यादव को पोल्ट्री फार्म देखने की बात बोलकर गांव के ही अजय यादव और संजय यादव ले गए थे। वहीं गांव के स्कूल के पास पहले से घात लगाए नामजद आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी। कुंदन कुमार यादव अपने हाथ में कुदाल से सतेंद्र प्रसाद यादव के सिर पर वार कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपितभाग खड़े हुए। घायल व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र सुरेंद्र कुमार द्वारा पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में कुल 7 लोगों को नामजद बनाया गया था। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में तीन नामजद आरोपित को गिरफ़्तार किया जा चुका है। अन्य चार नामजदों की गिरफ्तारी के पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-30-25, दिनांक 14.11.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** आसनसोल मंडल -जसीडीह गुड्स शेड-बाउंडरी वॉल, फेंसिंग, स्क्रीन गार्ड, वाटर स्प्रिंकलरों का प्रावधान, पीएम 10 एनालाइजर की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना, परिवेशी वायु गुणवत्ता और ध्वनि स्तर की निगरानी के लिए डिजिटल डिस्प्ले की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना, आरडब्ल्यूएच, गार्लैंड ड्रेन, वृक्षारोपण, आसपास के क्षेत्र में ग्रीन बफर जोन विकसित करना और गुड्स शेड के ऊपर उपयोगकर्ताओं के लिए बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 14,77,330.89, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 29,600/-, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 09.12.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-244/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. एमसी/40/सी/आरएसपी/डोर ब्लॉकिंग/2025-26, दिनांक 13.11.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. एमसी-40-सी-आरएसपी-डोर ब्लॉक, कार्य का नामः** "3000 बीओएक्सएन वैगनों में दरवाजों की ऊँचाई में कमी और ब्लॉकिंग।" **निविदा मूल्य :** रु. 2,56,86,735/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 2,78,400/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 05.12.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-241/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# प्रेमी ने की गला रेतकर प्रेमिका की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** थाना क्षेत्र के भूरना पंचायत अंतर्गत तुड्डी गांव में रविवार रात प्रेम-प्रसंग के विवाद के दौरान विवाहिता 30 वर्षीया बिजली कुमारी की गला रेत कर हत्या कर दी गई। उसकी शादी चार वर्ष पूर्व बौंसी थाना अंतर्गत मड़वाबरन गांव में हुई थी।सोमवार सुबह ग्रामीण जब खेत गये तो धान के खेत में महिला का रक्तरंजित शव मिला। इसकी सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए पुलिस को सूचना दी। पुलिस दल ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए बौंसी के एसडीपीओ इंद्रदेव बैठा, थानाध्यक्ष महेश कुमार, एफएसएल टीम एवं तकनीकी सेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया। घटनास्थल से पुलिस ने मटन से भरा कटोरा, खून से सनी दो चादरें, एक चप्पल, एक जेंट्स घड़ी सहित कई सामान बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, मृतका पिछले दस माह से अपने पति के साथ दिल्ली में रह रही थी। नौ नवंबर को वह विधानसभा चुनाव में मतदान करने अपने पति के साथ मायके आई थी। मतदान के बाद वह पिछले एक सप्ताह से तुड्डी गांव स्थित मायके में ही ठहरी हुई थी।

स्वजन के अनुसार, रविवार शाम बिजली अपनी छोटी बहन के साथ शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान कथित प्रेमी ने उसे मिलने के लिए बुलाया, जिसके बाद बिजली ने अपनी बहन को घर भेज दिया और स्वयं उससे मिलने चली गई। देर रात लौटकर न आने पर भी उसकी बहन सो गई, लेकिन सोमवार सुबह उसकी लाश मिली।

मृतका के पिता गुजर दास ने आरोप लगाया है कि बौंसी थाना क्षेत्र के बिरनिया गांव निवासी छोटू कुमार ने इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया है।

बताया गया कि छोटू बौंसी के एक निजी चिकित्सक के यहां कंपाउंडर का काम करता था। इस दौरान उसका बिजली के घर में आना-जाना होता था। इसी से दोनों के बीच चार वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। मतदान के सिलसिले में लौटी बिजली से मिलने छोटू रविवार शाम तुड्डी गांव पहुंचा था। जहां कथित तौर पर विवाद के दौरान उसकी हत्या कर दी गई।एसडीपीओ इंद्रदेव बैठा ने कहा कि मामले का प्रारंभिक उद्भेदन कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# रोहिणी आचार्य के मामले में कूद महिला आयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिवार से उठकर यह विवाद अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। विभिन्न दलों के नेताओं ने इसे अनुचित बताया है। इस बहाने लालू परिवार पर हमला बोला है।

इस बीच अब पारिवारिक विवाद पर राज्य महिला आयोग की नजर भी है। अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा ने इसे उत्पीड़न का मामला बताया है। उन्होंने कहा है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष ने कहा कि कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें रोहिणी आचार्य ने अन्याय की बात कही है। ऐसे में यह पारिवारिक विवाद के साथ उत्पीड़न का मामला है।

रोहिणी कह रही हैं कि उनका मायका छूट गया, सच में किसी महिला का मायका छूटना बेहद दर्दनाक होता है। रोहिणी के चेहरे पर दर्द साफ झलक रहा है।

आयोग की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इन हालात में उनके परिवार से किसी का वक्तव्य जरूर सामने आना चाहिए था, स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले समय में रोहिणी आचार्य कोई आवेदन करती हैं तो उसपर कार्रवाई की जाएगी। बिहार की बेटी की आंखों में आंसू नहीं होना चाहिए। फिलहाल स्वतः संज्ञान लेने की जरूरत नहीं है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

रोहिणी आचार्य विवाद के बीच ही सोमवार को चुनाव परिणाम पर राजद की बड़ी बैठक हुई है। इसमें राजद सुप्रीमो ने कहा कि तेजस्?वी ही नेता प्रतिपक्ष होंगे।

फिलहाल रोहिणी मामले में तेज प्रताप यादव के अलावा किसी अन्य का बयान सामने नहीं आया है। उनके मामा साधू यादव और सुभाष यादव का बयान सामने आया है। दोनों मामा ने घटना की निंदा की है। उन्होंने बाहरी के परिवार में एंट्री पर सवाल उठाए हैं।

# ऑक्सीजन प्लांट बंद रहने से मरीजों को हो रही परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मातृ-शिशु अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा है। इसके ठप होने से अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए सिलेंडरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इससे विभाग को हर माह करीब 60 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं। साथ ही सिलेंडर खत्म होने का संकट भी लगातार बना रहता है। जानकारी के अनुसार, 31 मार्च 2021 को तैनात प्लांट आपरेटर की संविदा समाप्त होने के बाद अब तक दूसरा कोई नहीं मिल सका है। मातृ-शिशु सदन परिसर में 600 व 300 एलपीएम क्षमता वाले दो आक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए थे।

मार्च 2023 में प्लांट का संचालन कर रहे तकनीशियन का अनुबंध समाप्त होने के बाद इसका नवीकरण नहीं हुआ। इसके बाद प्लांट पूरी तरह बंद हो गया। इस वर्ष एक आउटसोर्सिंग कंपनी को संचालन की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन उसने अब तक प्लांट नहीं चलाया है।

इस बीच माडल अस्पताल भी शुरू हो चुका है, जिसे इसी प्लांट से ऑक्सीजन की आपूर्ति होनी है। फिलहाल माडल अस्पताल और मातृ-शिशु सदन की एसएनसीयू यूनिट समेत अन्य वार्डों में सिलेंडर के सहारे ही मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

हर माह 200 से 250 सिलेंडर की खपत हो रही है। जानकारी के अनुसार प्लांट चालू हो जाने पर केवल इमरजेंसी वार्ड में सिलेंडरों की जरूरत होगी, जिस पर अधिकतम दो से पांच हजार रुपये का खर्च आएगा।

इससे सरकार के राजस्व की भी बचत होगी। इलाज कराने आए कुढ़नी के अरविंद कुमार ने कहा इतना बड़ा प्लांट बनाकर भी इसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है, इसे जल्द चालू करना चाहिए। सदर अस्पताल प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया राज्य मुख्यालय से लगातार संपर्क किया जा रहा है। इस बीच सभी वार्डों में आक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। बहुत जल्द इस समस्या का निदान हो जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष चुने गये तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ही रहेंगे। राजधानी के एक पोलो रोड स्थित तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर हुई राजद विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। चुनाव में करारी हार के तीन दिनों बाद राजद नेताओं की बैठक की गई। इसमें परिणाम पर विस्तार से मंथन कि या गया और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुई बैठक में हार की समीक्षा की गई।

राजद सुप्रीमो ने कहा कि तेजस्वी ने पार्टी को आगे बढ़ाया है। आगे भी राजद के जरूरी निर्णय वही लेंगे। इससे पूर्व नेताओं ने तेजस्वी का अभिनंदन किया। करीब चार घंटे तक चली बैठक में तेजस्वी यादव ने जीतने वाले नेताओं व हारने वालों से विमर्श किया। इसी में राजद सुप्रीमो ने कहा कि? तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष होंगे।

बताया गया कि बैठक में वन टू वन बात की गई। चुनाव के परिणाम को कोर्ट ले जाने पर भी बात हुई है। महागठबंधन के नेताओं से विमर्श कर इसमें आगे फैसला लिया जाएगा।

बैठक में पहुंचे उजियारपुर विधायक आलोक मेहता ने कहा कि समीक्षा की जा रही है कि कहां-कहां मैनीपुलेशन किया गया, प्रजातांत्रिक मूल्यों का हनन किया गया।

# समारोहपूर्वक मनायी गयी महाबोधि मंदिर के स्वर्ण शिखर की 12वीं वर्षगांठ

## थाईलैंड की मंदिर के संरक्षण और सौंदर्यीकरण में है महत्वपूर्ण भूमिका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** महाबोधि मंदिर में स्वर्ण शिखर परियोजना की 12वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक समारोह आयोजित किया गया। थाईलैंड ने इस पवित्र मंदिर के संरक्षण और सौंदर्यीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक बौद्ध भिक्षु, श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संघों के प्रतिनिधि, स्वर्ण शिखर समिति का एक प्रतिनिधिमंडल और कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

सभी ने पहले मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को नमन किया और अपने कार्य की सफलता की कामना की। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति की सचिव डा. महाश्वेता महारथी ने अपने संबोधन में थाईलैंड की गोल्डन स्पायर समिति का हार्दिक स्वागत किया और उनके दीर्घकालिक योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने 2014 में इस परियोजना की शुरूआत को याद किया, जिसमें पवित्र मंदिर के मौजूदा तांबे के शिखर को सोने की चादरों से मढ़ने का काम शुरू किया गया था। यह प्रयास थाईलैंड सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के समर्पण, सटीकता और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ किया गया था।

सचिव ने शिखर के रखरखाव, मौसम से प्रभावित हिस्सों की सफाई और इस वर्ष जीर्णोद्धार कार्य के चौथे चरण को पूरा करने में गोल्डन स्पायर टीम के निरंतर समर्पण की भी सराहना की।

उन्होंने उन इंजीनियरों, शिल्पकारों और स्वयंसेवकों का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके सावधानीपूर्वक मचान निर्माण प्रयासों से दक्षिणी अग्रभाग और ऊपरी स्तूप की सफल सफाई संभव हो पाई। उन्होंने इस पवित्र कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने में सहयोग और समर्थन के लिए बोधगया के मेट्टाधाम मंदिर की भी हार्दिक सराहना की।

इस अवसर पर थाईलैंड के उप संघराजा सोमदत, थाईलैंड के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व निदेशक; एक मंत्री और कोलकाता स्थित थाईलैंड के महावाणिज्य दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी, महाबोधि महाविहार की मुख्य भिक्षु सिरीपोर्न तान्याथेप; भिक्षु चालिंदा, भिक्षु डा दीनानंद, भंते डा मनोज, बीटीएमसी के सदस्य डा. अरविंद सिंह और विभिन्न बौद्ध देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न मठों के प्रमुख भिक्षु शामिल थे।

# बिहार में एनडीए की ईमानदार जीत भी कम खतरनाक नहीं !



मान लिया जाये कि बिहार में चुनाव पूरी ईमानदारी से हुए हैं और एनडीए की धमाकेदार जीत 'जनता की इच्छा' का ही परिणाम है तो यह तस्वीर वोट-चोरी से ज्यादा खतरनाक है। यह लोकतंत्र के मध्ययुगीन राजतंत्र और नागरिक के प्रजा में बदलने का संकेत है जहाँ सरकार और जनता का रिश्ता दाता और पाता में ढल चुका है। जनता मालिक होने के बजाय एक ऐसे दास में तब्दील हो चुकी है जिसमें स्वतंत्र होने की कोई इच्छा भी नहीं बची है। वह दो वक़्त की रोटी देने वालों के लिए इतनी आभारी है कि उसके लिए जान दे सकती हैं वोट क्या चीज है।

पंजाब, दिल्ली, नोएडा में मजदूरी करने वाले कंपनी में असंगठित तरीका से काम करने वाले जो अपना परिवार लेकर रहते बिहार से हैं। छठ पर भी बिहार गए थे लेकिन लौट आए। कोई इरादा नहीं था कि वोट देने के लिए बिहार जाना है। लेकिन अचानक उन्होंने ऐलान कर दिया कि वोट देने जाना होगा। कहने की जरूरत नहीं कि उन्हें सपरिवार बिहार ले जाने और वापस लाने की व्यवस्था किसी और ने की थी। और वह और कोई और नहीं बीजेपी का तंत्र था। उन्होंने बताया कि बिहार जाकर वोट नहीं दिया तो सरकारी फायदे वाले लिस्ट से नाम कट जाएगा। पाँच किलो राशन हो या कुछ और। यहाँ ये बात भी समझनी होगी कि दूसरे राज्य में रहने के बावजूद उनके गाँव में उनके नाम का राशन घर के दूसरे लोग ले लेते हैं। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि वोट बीजेपी को ही देना है नहीं तो बाकी एक लाख नब्बे हजार डूब जाएँगे। उन्हें बताया गया था कि दस हजार रुपये पहली किस्त है। मिलना दो लाख है। पर इसके लिए एनडीए की सरकार बनना जरूरी है !

दो लाख की लटकती गाजर अगर मुँह में आ रही हो तो लटकाने वाले की जाति क्या देखना। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि महिलाओं को मिलने वाला यह पैसा सिर्फ. महिलाओं का नहीं है। यह परिवार के लिए आशा है जिसमें पुरुष भी शामिल हैं। अगर अमुक सरकार बनने से सीधे दो लाख रुपये घर आने की उम्मीद हो तो फिर पुरुष भी प्रभावित होगा। यह करोड़ों वोटरों को अपने पाले में बाँधने का पुख़्ता इंतजाम था। रिश्वत और ब्लैकमेल का यह खुला खेल चुनाव आयोग की उन आँखों में चुभता भी कैसे, जिन पर मोदी नाम का चश्मा चढ़ा हुआ है।

नीतीश कुमार की निश्चित ही यह उपलब्धि है कि वे बीस साल से मुख्यमंत्री हैं और कोई बड़ी अड़चन नहीं हुई तो चौथाई सदी भी इस पद पर रहते हुए पूरा कर सकते हैं। जो लोग फिर से नीतेशे कुमार' आने की अपनी भविष्यवाणी सही होने पर खुश हैं, उन्हें यह भी तो बताना चाहिए कि नीतीश कुमार ने बिहार को इन बीस सालों में कहाँ से कहाँ पहुँचाया? आज भी बिहार सबसे गरीब प्रदेश क्यों हैं? शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल क्यों है? औद्योगीकरण चार कदम भी आगे क्यों नहीं बढ़ा जबकि ग्यारह साल से डबल इंजन की सरकार है? हाल ही में करीब बीस पुल टूटे और बीजेपी नेता आर.के.सिंह ही बिजली विभाग में 62 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगा रहे हैं जो बताता है कि भ्रष्टाचार किस स्तर पर है।

बिहार की यह तस्वीर बताती है कि नीतीश कुमार केवल मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दिन काटते हैं। पिछले दिनों केरल से खबर आयी थी कि वहाँ चरम गरीबी का उन्मूलन कर दिया गया है। पूरी तरह साक्षर प्रदेश है और स्वास्थ्य व्यवस्था में भी अव्वल है। लगातार इस प्रदेश ने मानव विकास सूचकांक में प्रगति की है। शिशु मृत्यु दर के मामले में तो केरल, अमेरिका से भी बेहतर है। जबकि केरल में आमतौर पर पाँच साल में सरकार बदल जाती है। हालांकि पिछली बार ऐसा नहीं हुआ था। ऐसे में नीतीश कुमार के इतने लंबे कार्यकाल के हासिल पर बात क्यों नहीं होनी चाहिए।

बिहार का जो हाल है, उसमें विपक्ष को मौका मिलना स्वाभाविक होता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तेजस्वी या महा-गठबंधन के प्रयासों और कार्यशैली से शिकायत रखने वालों को नहीं भूलना चाहिए कि जन सुराज तीन साल से पलायन और रोजगार जैसे संवेदनशील मुद्दों को लेकर गाँव-गाँव जा रहा था लेकिन प्रशांत किशोर की सारी मेहनत का नतीजा भी शून्य रहा। इसका मतलब है कि मसला कहीं ज्यादा गहरा है जिस पर विचार किया जाना चाहिए।

राजनीतिक रूपसे जागृत बिहार में यह बेजारी यूँ ही नहीं है। बीजेपी ने केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के बाद देश भर में जैसा माहौल बनाया जा रहा है, यह उसकी स्वाभाविक परिणति है। बिहार में लगातार सरकार में रहते हुए धर्म के आधार पर गोलबंदी के लिए वह लगातार सक्रिय है।

भारत को तमाम कुर्बानियों के बाद आजादी मिली थी। महात्मा गाँधी के महा-प्रयास से जनता यह बात अच्छी तरह समझ गयी थी कि अंग्रेज विदेशी हैं और उनके शासन को खत्म करना होगा। उस पीढ़ी को यह भी समझ थी कि अंग्रेजों के जाने के बाद राजा-महाराजाओं का राज भी नहीं होगा और उन्होंने कर दिखाया। लेकिन आज की चुनौती यह समझाना है कि आजादी का करना क्या है? लोकतंत्र सिर्फ. वोट देने का नाम नहीं लोक-व्यवहार भी है? जनता को बिना किसी भेदभाव के वोट का जो अधिकार मिला उसके लिए कई देशों में सैकड़ों साल तक संघर्ष चला लेकिन यहाँ एक झटके में सब-कुछ हासिल हो गया। सवाल उन अधिकारों के महत्व को समझाने का है। एक आधुनिक संविधान बना लेना ही काफी नहीं है, उसके योग्य बनना भी होगा।

यानी चुनौती महात्मा गाँधी के दौर से बड़ी है जबकि प्रयास उसके मुकाबले छोटे हैं। विपक्ष बता रहा है कि देश में फासीवाद आ रहा है लेकिन जनता को ऐसा कुछ नहीं लगता। ऐसे में सोचना चाहिए कि समस्या कहाँ है? क्या जनता फासीवाद का मतलब समझती भी है? क्या भाषा और मुहावरों को बदलने की जरूरत है जिससे देश पर हावी लूटतंत्र की भयावहता को जनता भी महसूस कर सके? वह निरंतर चलने वाला वैचारिक अभियान और जनता से गहन संवाद की लंबी श्रृंखला कहाँ है जो प्रजा को नागरिक बनाने के लिए जरूरी है। जबकि इस प्रयास को उलटने के लिए आरएसएस और बीजेपी का संवादतंत्र चौबीस घंटे सक्रिय है। विपक्ष के परिसर में सिर्फ दल नहीं होते, इसमें मीडिया, न्यायपालिका और सरकार पर अंकुश रखने वाली तमाम संवैधानिक संस्थाएँ भी आती हैं। यह अफसोस की बात है कि विपक्षी दल इस परिसर में अकेले खड़े हैं। जरूरत हर मोर्चे पर बड़ी रेखा खींचने की है। इतिहास बताता है हम लड़ाइयाँ नहीं चुनते, बल्कि लड़ाइयाँ हमें चुनती हैं। इस लड़ाई से मुँह चुराने वालों को विपक्ष कहलाने का हक नहीं है। **रणधीर झा, पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य,अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस।**

# कार्रवाई करने गयी उत्पाद विभाग की टीम पर बदमाशों ने की फायरिंग

## बालू लदा ट्रैक्टर सहित शराब बनाने का उपकरण जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के छोटी मिसियाडीह गांव में रविवार को अवैध शराब चुलाई की सूचना पर गई उत्पाद विभाग की टीम पर बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी। गोलीबारी की इस वारदात से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। टीम ने किसी तरह खुद को बचाया और तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस, उत्पाद विभाग, खनन विभाग और बिजली विभाग की संयुक्त टीम गांव में पहुंची और बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया।

छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने गांव के एक सुनसान स्थान से अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही शराब बनाने के कई उपकरण, भट्ठी के अवशेष और अन्य सामान भी बरामद किए गए। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही सभी आरोपी और अवैध शराब माफिया हथियारों के साथ मौके से फरार हो गए।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम को गांव में अवैध शराब चुलाई की गतिविधि होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम जैसे ही गांव पहुंची, तभी पहले से घात लगाए बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि पुलिस बल के पहुंचते ही सभी आरोपी कम पुलिस बल का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी जारी है। उत्पाद अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा गांव में छापेमारी की जा रही है जहां से अवैध शराब बनाने और बालू के अवैध कारोबार का नेटवर्क का पता चला है। उन्होंने कहा कि टीम ने न सिर्फ बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है, बल्कि शराब बनाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। बिजली विभाग की टीम द्वारा चोरी से बिजली का उपयोग हीटर का उपयोग का अलग से मामला दर्ज किया गया है।

# पहाड़ों को किया गया बंदोवस्त, बढ़ेगा राजस्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** राजस्व जुटाकर सरकारी खजाना भरने में सबसे बड़े अव्वल जिले के खनन विभाग की आय सिकुड़ रही है। विभाग के राजस्व की यह स्थिति जिले में अवस्थित पहाड़ी भूखंडों की नई बंदोबस्ती नहीं होने से खड़ी हुई है। जिले में पिछले कई वर्षों से खनन क्षेत्रों की नई बंदोबस्ती नहीं हुई है।

जिन बंदोबस्त भूखंडों पर पत्थर खनन का कार्य हो रहा है, उसमें भी सात में से चार की अवधि अगले महीने पूरी हो रही है। इसके बाद जो तीन पहाड़ी भूखंड खनन के लिए बचेंगे, उनकी बंदोबस्ती की अवधि अगले वर्ष जून से लेकर अगस्त समाप्त हो जाएगी।

जिले में पत्थर उत्खनन के लिए जिला स्तरीय समिति ने नए सिरे से 12 पहाड़ी भूखंडों को चिह्नित कर-के उसकी सूची और भौगोलिक ब्योरा सरकार को भेजा है। विभाग के मिली आधिकारिक जानकारी में बताया गया कि अभी जिले के सात पहाड़ी भूखंडों पर पत्थर का खनन हो रहा है, जिसमें चार एक भूखंड मटोखर की अवधि इसी महीने समाप्त हो रही है।

इसके अलावा, तीन और खंड जिसमें चांदी पहाड़ के दो तथा पचना पहाड़ के एक खंड की अवधि अगले महीने पूरी हो जाएगी। इसके बाद जनवरी से मात्र तीन खंडों पर खनन का कार्य होगा, जिसमें चकंदरा के दो तथा वाजिदपुर के एक खंड शामिल हैं।

अगर नई बंदोबस्ती नहीं हुए तो अगले वर्ष के उतरांध में जिला के पहाड़ों से पत्थर खनन का कार्य पूरी तरह से बंद हो जाएगा, जिसके कारण राज्य सरकार के राजस्व वसूली के साथ राज्य में विकास कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं।

# पैसे नहीं आने पर जीविका दीदियों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत खाते में अब तक 10 हजार रुपये की राशि नहीं आने पर वंचित जीविका दीदीयों ने जीविका कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया।

सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सपरदह पंचायत की जीविका दीदी सीमा देवी, चुनचुन देवी, बीना देवी, नीतू देवी, डोली देवी, अंजली देवी, पूजा देवी, कविता देवी, मोनिका देवी, प्रीति कुमारी, रूपम कुमारी, पूजा कुमारी सहित दर्जनों की संख्या में महिलाएं देवीदास टोला स्थित जीविका कार्यालय पहुंची।

विभागीय पदाधिकारियो की उदासीनता एवं लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जीविका दीदीयों ने आरोप लगाया कि सरकार के निदेर्शानुसार बीते 17 सितंबर को आवेदन भरकर सारे कागजात जीविका सीएम को सुपुर्द कर दिया गया, लेकिन अब तक उन सभी के खाते में रुपये नहीं आया है, जबकि कई दीदीयों के खाते में राशि आ चुकी है, जो सरकार के घोषणा के बाद समूह में शामिल हुई है, जबकि हम लोग कई वर्षों पूर्व से ही विभिन्न जीविका ग्राम संगठन से जुड़कर कार्य करते आ रहे हैं। बावजूद राशि नहीं मिली है।

संबंधित जीविका सीएम व जीविका सीसी से पूछे जाने पर वे लोग हमेशा गोल मटोल जवाब देकर टाल दिया करते हैं। हंगामा कर रहीं जीविका दीदीयों ने बीडीओ व जीविका बीपीएम को आवेदन देकर अविलंब समस्या के समाधान करने की मांग की।इस बाबत जीविका बीपीएम संजीत कुमार ने बताया कि इस मामले में साकारात्मक प्रयास कर जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। बीडीओ अमरेंद्र कुमार ने कहा कि उक्त समस्या के बाबत उन्हें अब तक कोई जानकारी नहीं थी। अब आवेदन दिए जाने के बाद निश्चित ही इस मामले को गंभीरता से लेकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# एएनएम ने वसूले 1500 रुपये

**औरंगाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में प्रसव कराने आई महिलाओं के स्वजन से एएनएम द्वारा रुपये लेने का मामला प्रकाश में आया है। अस्पताल में इस तरह के मामले हमेशा सुनने को मिलते हैं परंतु कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। मदनपुर प्रखंड के घोड़ाडिहरी पंचायत के कठबर टोले बंगलापर गांव की उत्तम देवी ने सोमवार को अस्पताल परिसर में कहा कि रविवार की सुबह बहू सुनीता देवी का प्रसव कराने अस्पताल आई थी। शाम में बहू को लड़का जन्म दिया। ड्यूटी पर एएनएम आभा कुमारी एवं आरती कुमारी थीं। आभा द्वारा प्रसव कराने के एवज में रुपये की मांग की गई। कहा गया कि हमलोगों की ड्यूटी खत्म हो रही है, जल्दी कीजिए। उत्तम ने 1,100 रुपये दिए तो उसमें से 100 रुपये फेंका गया। कहा गया कि और रुपये दीजिए। नहीं देने पर हाथ पकड़कर कमरे में ले जाने लगी, इसी दौरान गिरने से पैर में चोट लगी है। इलाज सोमवार को सीएचसी मदनपुर में कराया गया। इसके बाद उत्तम के पति धर्मदेव रिकियासन ने 500 रुपये दिए।

# मांगों के समर्थन में एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**अररिया।** सोमवार को फॉरम ऑफ केवीके और एआईसीआरपी के आह्वान पर कृषि विज्ञान केंद्रों की लंबे समय से लंबित मांगों की पूर्ति हेतु एक दिवसीय देशव्यापी कलमबंद हड़ताल का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र अररिया में किया गया। फॉरम की प्रमुख मांगें ससमय वेतन, एकसमान राष्ट्रीय नीति, परोदा समिति की रिपोर्ट को लागू करना, समान कार्य समान वेतन, भेदभाव से मुक्ति, प्रोन्नति, पेंशन अंशदान, चिकित्सा भत्ता का भुगतान, रिटायरमेंट लाभ सुनिश्चित करना एवं और देशभर के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में एकसमान निष्पक्ष नीति लागू करना सहित अन्य मांगें शामिल हैं।वक्ताओं ने कहा कि 1974 से भारत सरकार के कार्य हेतु उसी के धनराशि से संचालित अभी फिलहाल देश भर में 731 कृषि विज्ञान केंद्र कार्यरत हैं जिसमें कुल 88 कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों को प्रोन्नति, पेंशन, ग्रेच्युटी इत्यादि सभी सुविधाएं दी जाती है लेकिन शेष कृषि विज्ञान केंदों के साथ सौतेलापन व्यवहार करते हुए उनके कर्मियों को संवैधानिक लाभों से वंचित रखा जा रहा है। अभी 2 साल से नवनियुक्त कर्मियों को अंशदायी पेंशन योजना के तहत नियोक्ता अंशदान भी नहीं दिया जा रहा है जो भारत के श्रम अधिनियम के विरुद्ध है।

विदित हो कि पूरे देश में कृषि विज्ञान केदो के लिए शत प्रतिशत राशि भारत सरकार द्वारा दी जाती है और एक समान कायार्देश के अनुसार सभी कृषि विज्ञान केंद्र में काम होते हैं लेकिन कर्मियों के साथ सौतेलापन एवं भेदभाव अपनाया जा रहा है। हाल ही वर्ष 2025 के जनवरी माह में बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के द्वारा कुछ वैज्ञानिकों को समय पूर्व रिटायर कर दिया गया तथा अनेकों वैज्ञानिकों के प्रोन्नतियों को रद्द कर कर दिया गया।परिषद द्वारा 5 अगस्त 2025 को एवं पुनः 13 नवंबर को इस दिशा में निर्देश जारी करने के बावजूद बिहार कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने गलत निकले गए आदेशों को वापस नहीं कर रहा है इन सभी से क्षुब्ध होकर राष्ट्रीय फॉरम के आह्वान पर देशभर में सभी कृषि विज्ञान केंद्र में आज एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल किया जा रहा है। यदि हमारी मांगे ससमय पूरी नहीं की जाती है तो आने वाले समय में जल्द ही हम लोग विश्वविद्यालय प्रशासन का घेराव करेंगे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अटारी कार्यालय पटना का भी घेराव कर अपनी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# एनडीए की वापसी से विपक्ष में घबराहट : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रचंड बहुमत से बनने जा रही एनडीए सरकार से विपक्ष बौखला गया है। उनके अनुसार चुनाव परिणाम आने के बाद विपक्षी दलों में अफरा-तफरी और सिर-फुटौवल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कोई इवीएम पर सवाल उठा रहा है, कोई वोट चोरी का आरोप लगा रहा है तो कोई चुनाव आयोग पर ठीकरा फोड़ रहा है जबकि यह सब जनता के स्पष्ट जनादेश की अवहेलना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार की बहुसंख्यक वोटरों ने चुपचाप एनडीए के पक्ष में मतदान किया और इसके पीछे दो प्रमुख कारण रहे—पहला, विकास और उसकी



तेज रफ्तार और दूसरा, समाज में 'माय समीकरण' के नाम पर भय और दबाव का माहौल बनाने की विपक्ष की कोशिश। उन्होंने कहा कि लोगों को डर था कि कहीं राज्य में फिर से जंगलराज न लौट आए, इसीलिए सभी तबके के मतदाताओं ने शांतिपूर्वक एनडीए को समर्थन दिया। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग अपने एक परिवार को एकजुट नहीं रख सकते, जो जनता को मालिक नहीं बल्कि मनोरंजन का साधन समझते हैं जिन्हें सेवा नहीं बल्कि सत्ता का मेवा चाहिए—वे अब कुर्सी के लिए छटपटा रहे हैं। लेकिन बिहार के प्रबुद्ध मतदाताओं ने स्पष्ट जनादेश दिया है जिसे नकारने की कोशिश लोकतांत्रिक भावनाओं के विपरीत है। मंत्री ने कहा कि बूथों पर तैनात विपक्षी पोलिंग एजेंट और काउंटिंग हॉल में मौजूद उनके प्रतिनिधि भी यह समझ चुके हैं कि इस बार सभी वर्गों ने लगभग एकमुश्त मतदान किया है। उन्होंने बिहार के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने विकास, शांति और समावेशी प्रगति के पक्ष में जनादेश दिया है जिसे सम्मानपूर्वक स्वीकार करना चाहिए।

## आगामी सरकार का मुख्य लक्ष्य 'विकसित बिहार' के सपने को साकार करना : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की अहम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि 19 नवंबर को विधानसभा भंग करने की सिफारिश राज्यपाल को भेजी जाएगी जिससे आगे की संवैधानिक प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। इसके साथ ही कैबिनेट ने यह भी तय किया कि 20 नवंबर को बिहार की नई सरकार का गठन होगा और शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ नई मंत्रिपरिषद के सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शपथ लेंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आगामी सरकार का मुख्य लक्ष्य 'विकसित बिहार' के सपने को साकार करना है। उन्होंने बताया कि सभी सहयोगी दलों ने एक स्वर में यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार का भविष्य विकास पर निर्भर है और इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संयुक्त रूप से निर्णय लिए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, आधारभूत संरचना और तकनीकी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुधार आगामी सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त दृष्टि व नेतृत्व में बिहार तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, औद्योगिक विकास को गति देने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## मोदी-नीतीश सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरी उतरेगी: प्रेम रंजन पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि बिहार की जनता ने इस चुनाव में एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनका भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभवी एवं विकास-प्रधान नेतृत्व पर कायम है। जनता का यह विश्वास सिर्फ मतदान का निर्णय नहीं, बल्कि राज्य को तेज गति से प्रगति की राह पर आगे बढ़ता देखने की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि बनने जा रही एनडीए सरकार केवल राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता, रोजगार सृजन और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाली सरकार होगी। पटेल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रीय दृष्टि और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशासनिक अनुभव का संयोजन आने वाले वर्षों में बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सरकार केवल वादों की नहीं, बल्कि डिलीवरी और परफॉर्मेंस की सरकार होगी। केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से विकास की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि बिहार की जनता ने जिस भरोसे के साथ एनडीए को जनादेश दिया है, वह सरकार के लिए जिम्मेदारी भी है और संकल्प भी। मोदी-नीतीश की यह भरोसेमंद सरकार बिहार की जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

## 'कचरे से सृजन, सृजन से प्रेरणा' : बी.डी. कॉलेज में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रदर्शनी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्टार्ट-अप सेल, बी.डी. कॉलेज, पटना द्वारा 17 नवम्बर 2025 को कॉलेज परिसर में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रदर्शनी का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में हुआ जिनके सतत प्रोत्साहन ने संस्थान में नवाचार आधारित गतिविधियों को सशक्त बनाया है। कार्यक्रम का संचालन स्टार्ट-अप सेल प्रभारी डॉ. विशाल विजय एवं को-ऑर्डिनेटर सचिन राज ने किया जिनके प्रयासों से विभिन्न विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया जिसमें उषा झा (अध्यक्ष, बिहार महिला उद्योग संघ), प्रो. नूपुर बोस (पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल) तथा प्रो. प्रीति कश्यप (विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) शामिल थीं। छात्रों ने अपशिष्ट एवं पुनर्चक्रण योग्य सामग्री से नवोन्मेषी, उपयोगी एवं पर्यावरण-सम्मत वस्तुएं तैयार कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर शाहब बाबू प्रथम, गुलाम सुहानी एवं आदित्य राज द्वितीय तथा अनु कुमारी, निशा कुमारी एवं रवीशंकर प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने हेतु प्रेरित किया। निर्णायकों ने छात्रों की कल्पनाशीलता, सूझ-बूझ और उत्कृष्ट प्रस्तुति की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें निर्णायकों, अध्यापकों, छात्र प्रतिनिधियों तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 115 लोगों की हुई जांच



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में कुल 115 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 22 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 70 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 11 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 17 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया।

## महाप्रबंधक ने किया सोनपुर मेला में 'रेल ग्राम प्रदर्शनी' का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सोनपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में 'रेल ग्राम प्रदर्शनी' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह भी उपस्थित थीं। महाप्रबंधक ने रेल ग्राम में आकर्षण का केंद्र बने वाणिज्य यांत्रिक, सिग्नल,संरक्षा, सुरक्षा एवं चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में यात्री सेवा एवं रेल परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं एवं यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं सहित रेलवे से संबंधित जानकारियों को पोस्टर द्वारा दर्शाया गया है। रेल ग्राम में लगाये गये टॉय ट्रेन बच्चों के मध्य विशेष आकर्षण का केंद्र है। रेल ग्राम परिसर में श्रद्धालू यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष टिकट काउंटर भी खोला गया है। रेल ग्राम प्रदर्शनी को सम्मिलित रूप देते हुए जम्मू-कश्मीर के पीर पंजाल रेलवे सुरंग का रूप दिया गया है जिसमें मेलार्थियों को रेल कोच का अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही सभी कंपार्टमेंट में अलग-अलग विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है। पीर पंजाल टनल में कवच सुरक्षा प्रणाली से आप अवगत होते हुए विभिन्न विभागों के प्रदर्शनियों से रूबरू होते है । यहां 'रेल स्मृति केंद्र' भी खोला गया है जहां से रेलवे से संबंधित स्मृति खरीद सकते हैं। यहां बच्चों के मनोरंजन हेतु गेमिंग जोन, सेल्फी पॉइंट आदि लगाए गए हैं। सेल्फी के लिए हवा में लटकते इंजन वंदे भारत का मॉडल इत्यादि उपलब्ध है।

## गया जिले में अब तक 33 राइस मिलों का किया गया रजिस्ट्रेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत किसानों से सरकारी स्तर पर धान खरीद की खरीद की जा रही है।किसानों से धान खरीद की जाने के साथ ही धन से चावल तैयार करने की भी प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए जिले में अब तक 33 राइस मिलों का रजिस्ट्रेशन किया गया है।इसमें से 27 उसना और छह अरवा चावल राइस मिल हैं।इन राइस मिलों से तैयार किए गए चावल एसएफसी के गोदाम में जमा कराया जाएगा। फिर इस चावल को जनवितरण प्रणाली के लाभुकों के बीच वितरण किया जाएगा।मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि पैक्स और व्यापार मंडल सहकारी समिति द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र में धान बिक्री करने वाले जिले में अभी तक तीन हजार 875 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराए हैं।इसमें से दो हजार 504 रैयत किसान हैं और एक हजार 371 गैर रैयत किसान शामिल हैं। धान क्रय केंद्रों पर वैसे ही किसानों से धान की खरीद की जाएगी जो किसान कृषि विभाग के माध्यम से निबंधित है।

# पीपीयू में 41 कर्मचारियों को मिला प्रमोशन, 2020 से लंबित प्रक्रिया पूरी

### दस्तावेज कमी वाले कर्मचारियों को सुधार का मौका, कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू) में लंबे समय से लंबित प्रमोशन प्रक्रिया को आखिरकार आगे बढ़ाते हुए 41 कर्मचारियों को पदोन्नति दे दी गयी है। वर्ष 2020 में प्रारंभिक रूप से प्रमोशन के लिए आवेदन मांगे गये थे, लेकिन कई कारणों से प्रक्रिया अधर में पड़ी रही। इसके बाद 2023 में पुनः आवेदन का मौका दिया गया जिस पर कुल 136 कर्मचारियों ने आवेदन किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो चरणों में उनकी स्क्रूटनी की और आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद 41 कर्मचारियों को प्रमोशन के योग्य पाया। इसमें अधिकांश एलडीसी से यूडीसी में प्रमोशन पाये हैं। इसमें दो जूनियर इंजीनियर को भी प्रमोशन मिला है। प्रमोशन कमिटी की बैठक पीपीयू के कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें कुलसचिव डॉ अबू बकर रिजवी, सीसीडीसी प्रो शिव कुमार, सरकार के प्रतिनिधि अरुण कुमार और प्रतिमा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में सभी आवेदनों की समीक्षा की गयी और मेरिट, सेवा रिकॉर्ड एवं आवश्यक कागजात के आधार पर पदोन्नति के फैसले लिये गये। कुलसचिव ने कहा है कि जिन कर्मचारियों के दस्तावेज अधूरे पाये गये हैं, उन्हें सुधार और आवश्यक प्रमाण उपलब्ध कराने के लिए समय दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेज पूर्ण होने के बाद उनके मामलों पर भी विचार किया जायेगा। ताकि योग्य उम्मीदवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**आगे की सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी तय समय पर**

प्रमोशन मिलने से लाभान्वित हुए 41 कर्मचारियों में उत्साह देखा जा रहा है। कई कर्मचारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्षों से लंबित प्रक्रिया को पूरा करना एक सकारात्मक कदम है जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और कार्यप्रणाली में भी सुधार आयेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि आगे की सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी तय समय पर बेहतर तरीके से पूरी की जायेंगी।

**कर्मचारी किसी भी संस्थान की रीढ़ होते हैं**

कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय कर्मचारी किसी भी संस्थान की रीढ़ होते हैं और उनके कैरियर विकास से संस्थान के कामकाज में गुणवत्ता स्वतः बढ़ती है। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप प्रमोशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। कुलसचिव ने भी कहा कि कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। यूनिवर्सिटी व कॉलेज स्तर पर कर्मचारी काफी काम करते हैं। अब आगे समय पर सभी को परमोशन मिलेगा। पीपीयू में प्रमोशन प्रक्रिया के पूरा होने के बाद अन्य प्रशासनिक सुधारों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने संकेत दिया है कि जल्द ही और भी लंबित मामलों का निपटारा किया जायेगा जिससे कर्मचारी और शैक्षणिक कार्य दोनों सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

# महिलाओं को ही नहीं बल्कि पुरुषों को भी होता है ब्रेस्ट कैंसर

### मेदांता पटना ने जागरूकता का नया अभियान शुरू किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। स्तन कैंसर को अक्सर केवल महिलाओं की बीमारी माना जाता है, लेकिन चिकित्सा विज्ञान के अनुसार पुरुष भी ब्रेस्ट कैंसर से प्रभावित हो सकते हैं। इसी महत्वपूर्ण तथ्य को सामने लाने के उद्देश्य से जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना ने आज 'आओ देखो सीखो' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य स्तन स्व-जांच के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, लेकिन इस बार विशेष रूप से यह संदेश दिया गया कि स्तन स्वास्थ्य पर ध्यान केवल महिलाओं के लिए ही नहीं, पुरुषों के लिए भी



उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन पटना हाई कोर्ट में किया गया जिसमें हाई कोर्ट के न्यायाधीश, वकीलों और कर्मचारियों के अलावा डॉ. रवि शंकर सिंह (मेडिकल डायरेक्टर, मेदांता पटना) और डॉ. निहारिका रॉय (सीनियर कंसल्टेंट, ब्रेस्ट सर्विसेज, मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा पुरुषों में भी ब्रेस्ट टिश्यू होता है, इसलिए पुरुष ब्रेस्ट कैंसर से अछूते नहीं हैं। दुर्भाग्य से जागरूकता की कमी के कारण पुरुषों में यह बीमारी अक्सर देर से पकड़ी जाती है। हमारी कोशिश है कि समाज समझे-स्तन स्वास्थ्य सभी का मुद्दा है, केवल महिलाओं का नहीं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पहचान से उपचार की सफलता कई गुना बढ़ जाती है, इसलिए पुरुषों को भी स्तन क्षेत्र में किसी भी गांठ, दर्द, सूजन या बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए। कार्यक्रम की विशेषज्ञ वक्ता डॉ. निहारिका रॉय ने बताया स्तन स्व-जांच बेहद सरल है और पुरुष भी इसे आसानी से कर सकते हैं। शुरुआती लक्षणों को पहचानना ही ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ सबसे मजबूत हथियार है-चाहे महिला हो या पुरुष। उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर अब उम्र, लिंग या सामाजिक वर्जनाओं का विषय नहीं रह गया है। जितनी जल्दी लक्षण पहचान लिए जाएं, उतना बेहतर परिणाम मिलता है। कार्यक्रम के बाद 17 और 18 नवंबर को स्तन स्व-जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों को विशेष सिम्युलेटर पर सही विधि सिखाई गई। सैकड़ों प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया जिनमें महिलाओं के साथ पुरुष कर्मचारियों ने भी सक्रिय रुचि दिखाई। कार्यक्रम में अनेक बुद्धिजीवियों ने भाग लिये जिनमें न्यायमूर्ति राजीव रॉय, न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव, पी. के. शाही, महाधिवक्ता, बिहार, रमाकांत शर्मा, अध्यक्ष, बिहार बार काउंसिल, शैलेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, निवेदिता निर्विकार, वरिष्ठ अधिवक्ता,अजय कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता, अर्चना सिन्हा, अध्यक्ष, बिहार महिला महासंघ शमा सिन्हा, सचिव, बिहार महिला महासंघ अनुराधा सिंह, कोषाध्यक्ष, बिहार महिला महासंघ इत्यादि। मेदांता पटना का 'आओ देखो सीखो' अभियान अब स्तन स्वास्थ्य को केवल महिलाओं तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि यह संदेश दे रहा है कि 'ब्रेस्ट कैंसर किसी को भी हो सकता है- समय पर जांच हर किसी के लिए जरूरी है।'

## सभी सरकारी वाहन चालकों को दिया जायेगा सुरक्षित ड्राइविंग का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** परिवहन विभाग द्वारा सोमवार को विश्वेशरैया भवन स्थित सभाकक्ष में राज्य के सभी सरकारी वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों, संकेतकों तथा सुरक्षित ड्राइविंग से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों एवं विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में सरकारी विभागों के वाहन चालक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग रिसर्च द्वारा दिया गया। राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि विकास आयुक्त के निर्देश के आलोक में राज्य के सभी सरकारी वाहन चालकों एवं अन्य श्रेणी के चालकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी ताकि सरकारी वाहन चालक न केवल कुशल चालक बन सकें बल्कि सरकारी प्रणाली के अनुरूप सड़क सुरक्षा के नियमों, प्रावधानों एवं नवीनतम अद्यतन जानकारियों से अवगत रह सकें। पूर्व से यातायात उल्लंघनकर्ताओं को सड़क सुरक्षा के नियमों व संकेतों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य परिवहन आयुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता का विषय है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु नियमों की समझ, व्यवहारगत सुधार और यातायात संकेतों का पालन अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सभी सरकारी चालकों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिला वाहन चालकों पर सरकार का विशेष फोकस है।

## संजय यादव पर फूटा राजद कार्यकर्ताओं का गुस्सा, राबड़ी आवास के बाहर हंगामा


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में आरजेडी को मिली भारी हार के बाद पार्टी के भीतर नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। लालू यादव के समर्थक अब तेजस्वी यादव के सलाहकार और राजद सांसद संजय यादव पर सीधा हमला कर रहे हैं। सोमवार को विधायक दल की बैठक के बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राबड़ी देवी के घर के बाहर जुटे और संजय यादव के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। संजय यादव मुर्दाबाद के नारे लगाये। कई कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पार्टी की शर्मनाक हार और संगठन की कमजोरी के पीछे संजय यादव ही जिम्मेदार हैं। इससे पहले राबड़ी आवास पर लालू की बेटी रोहिणी आचार्या और तेजस्वी यादव के बीच संजय यादव को लेकर विवाद हुआ था। रोहिणी ने दावा किया था कि संजय का नाम लेने पर उन्हें गाली दी गई और उन पर चप्पल तक फेंका गया।

# ट्रेड फेयर के बिहार पवेलियन में छाया 'गजानन सिद्धिविनायक फूड'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार पवेलियन के स्टॉल नंबर 12 पर प्रदर्शित 'गजानन सिद्धिविनायक फूड' इस वर्ष ट्रेड फेयर 2025 में लोगों का विशेष आकर्षण बना हुआ है जहां फेमस कतरनी, स्वर्ण मंसूरी एवं सोनम चावल को लोग खूब पसंद कर रहे हैं एवं ऑर्डर बुक करा रहे हैं। यह कंपनी बिहार में पूरी तरह जैविक खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) के माध्यम से चावल का उत्पादन और विक्रय करती है। बिना किसी



रासायनिक प्रक्रिया के तैयार किए गए इनके चावल 100% शुद्ध, प्राकृतिक और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं। कंपनी के पास कुल 7 प्रकार के चावल हैं जिनकी कीमत 40 रुपये किलो से 70 रुपये किलो तक है। इनमें सबसे लोकप्रिय मनसूरी चावल (40/किलो), सोनम स्टीम चावल (70/किलो) और कतरनी व्हाइट सेला चावल (50/किलो) हैं जिन्हें उपभोक्ताओं की ओर से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। स्थापना से ही गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने की सोच के साथ काम कर रही इस कंपनी के संस्थापक पवन कुमार झुनझुनवाला हैं जबकि संचालन की जिम्मेदारी गोपाल कुमार झुनझुनवाला संभालते हैं। स्टॉल पर आने वाले आगंतुक न सिर्फ चावल की गुणवत्ता और सुगंध से प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि इसके रसायनमुक्त, स्वच्छ और हाइजेनिक उत्पादन की सराहना भी कर रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के बीच यह चावल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ट्रेड फेयर में मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से साफ है कि 'गजानन सिद्धिविनायक फूड' बिहार के ऑर्गेनिक ब्रांड के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

इसके अलावा पवेलियन में स्टेट अवॉर्डी नाजदा खातून का सिक्की आर्ट, मंजूर आलम का डिजाइनर लेदर उत्पाद एवं राकेश कुमार के हैंडलूम कढ़ाई शूट उत्पाद को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। बिहार के चंपारण से आए लेदर उत्पाद स्टॉल के मंजूर आलम ने बताया कि लेदर के पर्स, लेडीज पर्स, बैग, ऑफिस बैग, ट्रॉली बैग, बेल्ट एवं अन्य उत्पाद के खास डिजाइन को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

# संपादकीय

## विपक्ष का कोई पैतरा नहीं आया काम

बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है। पहला, इस चुनाव का माहौल बनना शुरू हुआ था स्पेशल इटेनशिप रिवीजन से और आखिर में जंगलराज पर आकर टिक गया। महागठबंधन ने एसआईआर को वोट चोरी के रूप में पेश किया। प्रक्रिया के दौरान आम लोगों को जिस तरह की दिक्कत आई, उससे ऐसा माहौल बना भी कि जनता में नाराजगी बढ़ रही है। लेकिन, लगता है कि आखिर में जनता ने इसे एक जरूरी प्रक्रिया समझ कर स्वीकार किया। दूसरा, इलेक्शन में एनडीए की ओर से सबसे ज्यादा कोई शब्द सुनाई पड़ा, तो वह था जंगलराज। यह लड़ाई अतीत की याद बनाम भविष्य के बीच भी थी। और केवल इसी बार नहीं, पिछले दो दशकों में बिहार में हुए हर चुनाव पर लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की छाया रही है। दोनों ही सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन एनडीए ने उन्हें चर्चा में बनाए रखा। तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे। तीसरा, नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं। उनके खराब स्वास्थ्य को लेकर भी अटकलें होती रहीं। लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े पॉलिटिकल ब्रैंड हैं। वह अब तक नौ बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। चौथा, बिहार के सामने सबसे बड़ा सवाल था कि क्या यह बदलाव का समय है और विकल्प कौन हैं? दोनों चरणों में रेकॉर्ड मतदान हुआ। यह संकेत था कि परिणाम भी ऐतिहासिक होगा। पांचवां, यह चुनाव याद रहेगा फ्रीबीज की घोषणा के लिए। पहली बार बिहार ने इस तरह के ऐलान देखे, जहां दोनों तरफ से होड़ मची हुई थी। दोनों खेमों ने महिलाओं और युवाओं पर फोकस किया।

**बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जनता के बदलते मन-मिजाज की एक झलक पेश की है। ताजा चुनाव परिणाम शायद इसी ओर इशारा कर रही है कि कुल मिलाकर जदयू, बीजेपी एवं एनडीए के लिए एक बड़ी सफलता है। क्या पीएम मोदी बिहार की अर्थव्यवस्था को लेकर कोई बड़ा फैसला करेंगे और इसके साथ ही अब वह क्या रणनीति अपनाएंगे। बिहार में मुकाबला मुख्य रूप से जदयू के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ एनडीए और राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन के बीच था। इस बार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को भी बड़ा झटका लगा है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के एक्जिट पोल नतीजे के बाद जो आश्चर्यकारी परिणाम आये हैं, उसकी गूंज आने वाले पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखायी देगी।**

# बिहार में नीतीश कुमार का जादू बरकरार

(बरुण कुमार सिंह)

लोकतंत्र के इस मंदिर की चैखट पर विराजमान दृश्य कुछ ऐसा है जिसमें हालात किसी एक पार्टी तक ही सीमित नहीं, बल्कि सभी प्रमुख दलों में टिकटों की दावेदारी में राजद व कांग्रेस और जदयु व भाजपा, लोजपा और इसके साथ ही कोई भी अन्य दल इनसे अछूता नहीं है। 10,000 रुपये महिलाओं के खाते में भेजने के कारण महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ा और उन्होंने नीतीश सरकार के लिए जमकर मतदान किया जो आज के चुनाव परिणाम में दिखाई दे रहे हैं, इस चुनाव परिणाम ने सारे एग्जिट पोल को झुठला दिया। इस चुनाव परिणाम ने जदयू, भाजपा एनडीए गठबंधन की सत्ता को बरकरार रखा बल्कि उनकी ताकत एवं सीटों में इजाफा पहले से बहुत ही बेहतर हुआ है। चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया कि नीतीश का जादू अभी भी बिहार में बरकार है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की दर्जनों रैलियां बताती हैं कि एनडीए इस चुनाव को लेकर कितना संवेदनशील है। क्योंकि इसका असर पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी असर देखने को मिलेगा। नीतीश कुमार का प्रदर्शन पहले से बेहतर हुआ है, खास तौर पर महिलाओं की वजह से, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर उनका नाम औपचारिक रूप से घोषित नहीं किया गया। इससे उनका वोटर कुछ असहज रहा। राजद महागठबंधन का स्तर बहुत मुश्किल भरा रहा है, आरजेडी अपने पिछले प्रदर्शन को भी कायम नहीं रख सकी 1 नंबर से वह 3 नंबर पर पहुंच गई, इस बार का उसका प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा, उसके मुद्दे और वायदे जनता को पिछली बार की तरह नहीं आकर्षित कर पाई। सत्ता में उसकी आने की कोशिश और पीछे चली गई। पिछली बार आरजेडी ने 75 सीटें जीती थीं, जो आज 28 सीटों पर सिमट कर रह गई। सरकारी नौकरियां, माई बहन योजना, 30000 रुपये महिलाओं को सरकार बनते ही एकमुश्त देने की घोषणा एवं आजीविका दीदी को पक्की नौकरी और उनकी वेतन 30000 रुपये तक करने का वायदा भी कुछ खास असर नहीं कर पाया। जनसुराज पार्टी की स्थिति मोटे तौर पर निराशाजनक ही कही जाएगी, क्योंकि वह पार्टी अपना खाता तक नहीं खोल पाया। प्रशांत किशोर खुद कहते रहे हैं कि या तो अर्श पर होंगे या फर्श पर। अगर नतीजे उनके पक्ष में नहीं आए वे इसे अपने बयान की पुष्टि ही मानेंगे। प्रशांत किशोर ने शुरुआत में कहा था कि वे राघोपुर से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन बाद में पीछे हट गए, इससे उनके कार्यकर्ता निराश हुए, जब नेता ही मैदान छोड़ दे, तो कैडर का मनोबल गिरना स्वाभाविक है। महागठबंधन में भी तालमेल की कमी दिखी। चुनाव से दस दिन पहले तक पार्टियों में बातचीत नहीं हो रही थी। पिछली बार के मुकाबले नीतीश कुमार की सीटें बढ़ी, एनडीए के भाजपा सहित सभी दलों ने अपना स्ट्राइक रेट बेहतर किया है। पहले के चुनाव में चिराग पासवान नीतीश के विरोध में लड़े थे, लेकिन इस बार वह नीतिश के साथ थे, इससे दोनों दलों एवं एनडीए गठबंधन को इसका फायदा मिला। बिहार के लोगों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भरोसा अभी भी बना हुआ है। चुनाव परिणाम ने पूर्व के सारे अनुमान को गलत साबित कर दिया क्योंकि एंटी-इनकंबेंसी का असर घोषित चुनाव परिणाम में स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं पड़ रहा है। बिहार में कुल 67.13 फीसदी का रिकॉर्ड मतदान हुआ। लेकिन महिलाओं ने इससे भी आगे बढ़कर 71.78 फीसदी मतदान किया, जबकि पुरुषों का मतदान फीसदी 62.98 प्रतिशत रहा। कई जिलों में महिलाओं ने पुरुषों से 10 से 15 फीसदी ज्यादा वोटिंग की। महिलाएं पिछले 15 सालों से लगातार ज्यादा संख्या में वोट कर रही थीं, लेकिन 2025 में उनकी भारी भागीदारी ने सबको चैंका दिया। नीतीश कुमार की 10वीं पारी सुनिश्चित करने में महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये का कैश ट्रांसफर टर्न अराउंड का सबसे बड़ा फैक्टर साबित हुआ। महिला वोटरों का भरोसा उनके पक्ष में मजबूत हुआ और विपक्ष की रणनीति कमजोर पड़ गई। नीतीश की ये स्कीम चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई। इस योजना के तहत 1.5 करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इसका अप्रत्यक्ष असर लगभग 4 से 5 करोड़ परिवारों पर पड़ा। कहा जा सकता है कि इस स्कीम ने नीतीश और बीजेपी को तगड़ा वोट हासिल करने में मदद की है। महिलाओं के पक्ष में स्कीम डिलीवरी का नीतीश कुमार का लंबा इतिहास रहा है। इसमें मुफ्त साइकिल, शराबबंदी, छात्रवृति, पंचायत में 50 प्रतिशत सीटों का आरक्षण, सरकारी नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण अहम हैं। इस बार नीतीश कुमार ने 10 हजार नगदी देने का न सिर्फ वादा किया बल्कि इसे डिलीवर भी किया। इसका नतीजा उन्हें महिलाओं के बंपर वोटों के रूप में मिला।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)



## 2020 में खराब प्रदर्शन के बाद नीतीश कुमार की वापसी- कैसे लिखी गई जेडीयू की विजय गाथा?

(सुधांशु माहेश्वरी)

2020 के विधानसभा चुनाव में जब जेडीयू सिर्फ 43 सीटों पर सिमट गई थी, तब उनके राजनीतिक अस्तित्व पर ही सवाल उठने लगे थे। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे निश्चित रूप से अप्रत्याशित हैं, लेकिन नीतीश कुमार की वापसी उससे भी अधिक दिलचस्प राजनीतिक कहानी बयां करती है। लगातार 20 साल तक बिहार की राजनीति पर छाए रहने वाले नीतीश कुमार को लेकर पिछले कुछ वर्षों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी थीं।

2020 के विधानसभा चुनाव में जब जेडीयू सिर्फ 43 सीटों पर सिमट गई थी, तब उनके राजनीतिक अस्तित्व पर ही सवाल उठने लगे थे। बीजेपी बड़े भाई की भूमिका में आ चुकी थी और सर्वेक्षणों में भी नीतीश की लोकप्रियता लगातार गिरती दिख रही थी। तेजस्वी यादव को भी भरोसा हो गया था कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री वही बनने वाले हैं। लेकिन इस चुनाव के नतीजों ने तेजस्वी यादव की उम्मीदों को पंख लगने से पहले ही काट दिया। पिछले पांच वर्षों में जेडीयू ने जमीन पर जो मेहनत की और संगठन को जिस तरह फिर से खड़ा किया, वह इस नतीजे में स्पष्ट दिखता है। 2020 में जेडीयू को सिर्फ 43 सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार उसने 85 सीटें जीतकर अपनी दमदार वापसी दर्ज की।

2020 के चुनाव में चिराग पासवान का प्रसिद्ध नारा- भाजपा से बैर नहीं, नीतीश तेरी खैर नहीं ने राजनीतिक माहौल सेट कर दिया था। एलजेपी ने उस चुनाव में 135 उम्मीदवार उतारे थे और उनकी रणनीति जेडीयू के ज़्यादातर उम्मीदवारों को सीधा नुकसान पहुंचाने की थी। बाद के विश्लेषण में यह बात सामने आई कि जेडीयू की लगभग 34 सीटों पर जेडीयू की हार जितने वोटों से हुई, उससे ज्यादा वोट चिराग की पार्टी ले गई। अगर एलजेपी उन सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतारती, तो जेडीयू की सीटें 75 से अधिक हो सकती थीं।

चिराग की एनडीए वापसी, नीतीश को फायदा?

इस चुनाव में चिराग पासवान एनडीए के साथ रहे। उनकी पार्टी को मिले करीब साढ़े 5 प्रतिशत वोट सीधे-सीधे एनडीए को ट्रांसफर हुए। इसका लाभ भाजपा, जेडीयू और गठबंधन के अन्य दलों को मिला। जेडीयू की सीटें बढ़ना इसका स्पष्ट संकेत है। नीतीश कुमार कुर्मी जाति से आते हैं, जिसकी बिहार में आबादी लगभग 3 प्रतिशत है। इसके बावजूद वह 20 वर्षों से मुख्यमंत्री बने हुए हैं। इसका कारण यह है कि उन्होंने कई बड़ी जातियों- सवर्ण, कुशवाहा, पासवान, मुसहर, मल्लाह आदि में गहरी पैठ बनाई है। ये जातियां किसी एक दल की स्थायी वोटर नहीं रहतीं, लेकिन नीतीश ने इनके बीच स्थायी विश्वास पैदा किया है। इसी 'साइलेंट वोट बैंक' ने एक बार फिर उनकी जीत सुनिश्चित की। जानकारों का कहना है कि भाजपा ने भी जेडीयू के इस स्तर के प्रदर्शन की उम्मीद नहीं की थी। उन्हें लगा था कि जेडीयू की सीटों में सुधार हो सकता है, लेकिन 101 में से 85 सीटें जीतना अनुमान से कहीं ज़्यादा था। यह सिर्फ मोदी फैक्टर का असर नहीं, बल्कि नीतीश के प्रति भरोसा भी उतना ही महत्वपूर्ण रहा। 2020 में भले ही नीतीश को मुख्यमंत्री की कुर्सी मिली थी, लेकिन अधिक सीटें भाजपा के पास होने के कारण वे राजनीतिक दबाव में थे। इस बार परिणामों ने पूरी तस्वीर बदल दी है- जेडीयू और भाजपा अब बराबरी की स्थिति में हैं और मुख्यमंत्री की कुर्सी भी नीतीश के पास सुरक्षित है। एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतीश कुमार ने महिला वोटरों का विश्वास बड़े स्तर पर जीता है। पहले इसे निर्णायक नहीं माना जाता था, लेकिन पिछले दो चुनावों में महिलाएं नीतीश की सबसे बड़ी सहायक बनी हैं। महिलाओं से जुड़ी कई योजनाएं इस चुनाव में निर्णायक रहीं हैं, कुछ ऐसी हैं जो पिछले पांच सालों से अपना प्रभाव बनाती जा रही थीं। बात चाहे महिला रोजगार योजना की हो, पेंशन लाभ की हो या फिर साइकिल वितरण की, इन सभी योजनाओं ने जमीन पर अपना असर दिखाया है। 2020 में चिराग फैक्टर से नुकसान हुआ था, लेकिन 2025 में एनडीए की एकजुटता ने महिला वोटों को मजबूती से एनडीए के साथ रखा। बिहार के मतदाताओं के बीच 'सुशासन बाबू' वाली नीतीश की छवि अभी भी जीवित है और जंगलराज के नरेटिव पर भारी पड़ती है। तेजस्वी यादव ने नौकरियों का वादा खूब किया, युवाओं को लुभाने की कोशिश की।

# बगावत की चिंगारी को बुझा कर बहुमत की ज्वाला पैदा करना कोई अमित शाह से सीखे

(नीरज कुमार दुबे)

देखा जाये तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुनावी शैली की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह रणनीति को तीन आयामों में रचते हैं– संगठन, समाज, और संदेश। यही भाजपा का वह मॉडल है जिसने उसे बार-बार कठिन इलाकों में जीत दिलाई है।

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्ट्राइक रेट का 90 प्रतिशत से ऊपर रहना संगठनात्मक पराक्रम का भी परिणाम है। चुनाव से पहले के हालात पर गौर करें तो नीतीश कुमार के खिलाफ एंटी-इनकम्बेंसी को खत्म करना सबसे बड़ी चुनौती थी। साथ ही गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बँटवारे और सबको साथ लेकर चलने की चुनौती भी थी। ऐसे में अमित शाह ने यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ली। बिहार में अमित शाह ने 4-5 महीने पहले ही मोर्चा संभाल लिया था। अमित शाह के कमान संभालने के बाद भाजपा और सहयोगियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। अमित शाह (जेडीयू),एलजेपी, आरएलएसपी और हम को एक मंच पर लेकर आये। सीट-दर-सीट जातीय समीकरण का सटीक विश्लेषण किया गया और संभावित विवादों को समय रहते शांत किया गया। यह वह काम है जो सामान्यतः चुनाव घोषित होने के बाद शुरू होता है लेकिन अमित शाह ने महीनों पहले इसकी नींव तैयार कर दी थी।

देखा जाये तो अमित शाह का चुनावी अभियान केवल मंच के भाषणों तक सीमित नहीं होता। उनकी शैली हमेशा जमीनी संरचना को मजबूत करने पर आधारित होती है। 5 जिला स्तरीय संगठन बैठकें, 5 क्लस्टर स्तर की बैठकें, 35 विशाल रैलियाँ, 1 महत्त्वपूर्ण रोड शो और और हर दौरे पर कोर ग्रुप के साथ बैठकें की गयीं। इस दौरान अमित शाह लगातार एक ही बात दोहराते रहे कि 'बूथ जीते बिना चुनाव नहीं जीता जाता।' उनका यह फोकस बालू की दीवार को भी कंक्रीट का किला बना देता है। अमित शाह की निगरानी में बिहार में भाजपा का बूथ नेटवर्क तगड़ा हुआ और परिणाम सामने आया– प्रचंड जनादेश। हालांकि यह दांव जितना आकर्षक था, उतना ही जोखिमभरा भी क्योंकि ज़मीनी स्तर पर तुरंत असंतोष की लहर उठी। वर्षों से पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे और कई ने बगावत की चेतावनी दे दी। स्थिति ऐसी थी कि यह प्रयोग भाजपा के लिए आत्मघाती भी साबित हो सकता था। लेकिन राजनीति में संकट वहीं खत्म होता है जहाँ अमित शाह का प्रवेश होता है। चुनावी अभियानों के महारथी, संघटनात्मक इंजीनियरिंग के सिद्धहस्त और आधुनिक भारतीय राजनीति के अजेय रणनीतिकार, अमित शाह ने एक बार फिर दिखा दिया कि उन्हें यूँ ही भाजपा का 'चाणक्य' नहीं कहा



जाता। हम आपको बता दें कि अलिनगर उन सीटों में से थी जिन्हें भाजपा पारंपरिक रूप से अनुकूल नहीं मानती। मैथिली ठाकुर जैसे युवा चेहरे को उतारना प्रधानमंत्री मोदी के उस बड़े प्रयोग का हिस्सा था जिसमें वह पार्टी में युवाओं, कलाकारों और नई पीढ़ी को निर्णायक भूमिका में लाना चाहते हैं। लेकिन पुराने कार्यकर्ताओं की नाराज़गी ने स्थिति को नाजुक बना दिया। यहीं अमित शाह ने अपनी विशिष्ट शैली में कमान संभाली। उन्होंने थकान को दरकिनार करते हुए एक के बाद एक फोन कॉल किए, हर 'आक्रोशित' नेता को शांत किया, हर असंतुष्ट कार्यकर्ता को सुना और धीरे-धीरे बगावत की आग को पूरी तरह शांत कर दिया। यह वही हस्तक्षेप था जिसने मैथिली ठाकुर के लिए रास्ता साफ किया। पार्टी के दिल्ली और पटना दोनों ही धड़ों में यह स्वीकार किया गया कि अलिनगर की ऐतिहासिक जीत अमित शाह की अथक मेहनत और उनके अद्वितीय संकट प्रबंधन क्षमता का परिणाम थी। बात सिर्फ अलिनगर की भी नहीं है क्योंकि रूठों को मनाने और असंतुष्टों को समझाने का काम अमित शाह ने पूरे बिहार में किया। उन्होंने बगावत की चिंगारी को बुझा दिया और बहुमत की ज्वाला पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चुनाव प्रचार के पूरे अभियान के दौरान अमित शाह ने अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकों, संवादों और रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति राजनीतिक सद्भावना को भी सार्थक दिशा दी। देखा जाये तो अमित शाह की चुनावी शैली की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह रणनीति को तीन आयामों में रचते हैं– संगठन, समाज, और संदेश। यही भाजपा का वह मॉडल है जिसने उसे बार-बार कठिन इलाकों में जीत दिलाई है। देखा जाये तो चुनाव सिर्फ प्रचार से नहीं जीते जाते। चुनाव जीते जाते हैं संयम, संवाद, रणनीति और समय पर लिए गए सटीक निर्णयों से। यह जीत बताती है कि असंतोष चाहे कितना भी गहरा हो, संगठनात्मक नियंत्रक की भूमिका में अमित शाह अतुलनीय हैं। युवा चेहरों को आगे लाने का मोदी-शाह मॉडल सिर्फ प्रयोग नहीं, यह भविष्य की राजनीति का रोडमैप है। भाजपा अब सिर्फ परंपरागत समीकरणों पर नहीं, बल्कि नए सामाजिक-राजनीतिक प्रयोगों पर खड़ी एक गतिशील पार्टी बन चुकी है। अमित शाह भले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन पार्टी आज भी हर बड़ी चुनावी लड़ाई में उनके नेतृत्व-क्षमता पर ही निर्भर रहती है। वह महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में भी कठिन परिस्थितियों को अवसरों में बदल चुके हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत है– राजनीति को भावना नहीं, प्रणाली के तौर पर देखना। अगला चुनावी युद्धक्षेत्र पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा कर दी है कि बंगाल के जंगलराज को समाप्त करना है। माना जा रहा है कि अमित शाह अब बंगाल पर ध्यान केंद्रित करेंगे। क्योंकि जहाँ मोदी जन-भावना जगाते हैं, वहाँ शाह जन-भावना को संरचना में बदलते हैं। बहरहाल, यदि राजनीति एक विद्या है, तो अमित शाह उस विद्या के अधिष्ठाता हैं– रणकौशल, बुद्धि और संगठनात्मक कठोरता के अद्वितीय संयोजन के साथ। अमित शाह की राजनीति आधुनिक चाणक्य की तरह निर्णायक और परिणाम-केंद्रित है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सुरक्षा पर सख्त हुई पुलिस, वित्तीय संस्थानों की घेरेबंदी-जांच तेज

## एसपी स्वीटी सहरावत के निर्देश पर चला निरीक्षण अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** जिले में कानून-व्यवस्था को चौकन्ना रखने की रणनीति के तहत पूर्णिया पुलिस ने सोमवार को वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का अचानक और व्यापक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत रावत के आदेश के बाद यह अभियान पूरे जिले के थानों में एक साथ चलाया गया, जिसमें बैंक शाखाओं से लेकर निजी वित्तीय कार्यालय तक शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गार्ड की उपस्थिति, निगरानी कैमरों की गुणवत्ता, रिकॉर्डिंग सिस्टम, आपातकालीन अलार्म और परिसर की एक्सेस मैनेजमेंट को बारीकी से परखा। कुछ स्थानों पर पुलिस ने सुरक्षा मानकों को और मजबूत करने के लिए तत्काल सुझाव भी दिए।

इस मुहिम ने साफ संकेत दे दिया है कि पूर्णिया पुलिस जिले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा-संवेदनशील ढिलाई को तुरंत चिन्हित कर कार्रवाई करने के मूड में है। बढ़ते डिजिटल और नकद लेन-देन के दौर में यह निरीक्षण अभियान नागरिकों और कारोबारियों दोनों में भरोसा बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है।

# सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** सिविल सर्जन की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की त्रैमासिक बैठक जीएमसीएच पारा मेडिकल भवन में आयोजित की गई, जिसमें समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने पर विशेष निर्देश दिए गए।

बैठक में सिविल सर्जन ने स्पष्ट कहा कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) के माध्यम से सामान्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही इलाज मिले। उन्होंने निर्देश दिया कि एपीएचसी में मासिक न्यूनतम 1800 तथा एचडब्ल्यूसी में 300 मरीजों की जांच हर हाल में सुनिश्चित की जाए। केंद्रों में दवाओं की नियमित उपलब्धता पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला गैर-संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष कुमार सिंह ने एनसीडी मरीजों की अनिवार्य स्क्रीनिंग पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मधुमेह, किडनी, हृदय रोग, अल्जाइमर जैसी बीमारियों की शुरूआती पहचान से बेहतर उपचार संभव है। उन्होंने टेलीकंसल्टेंसी सेवाओं के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया। डीपीसी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि सभी सामुदायिक अस्पतालों में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रत्येक माह जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।बैठक में एसीएमओ डॉ. आर.पी. मंडल, डॉ. के.एम. दास, डीपीएम सुरेंद्र दास, डीएमईओ आलोक कुमार, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट नीरज निराला सहित सभी प्रखंडों के सीएचओ और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## होल्डिंग टैक्स बकाया चुकाने का सुनहरा मौका

# बनमनखी नगर परिषद ने दी बड़ी राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी नगर परिषद ने शहरवासियों को वित्तीय राहत देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब वर्षों से होल्डिंग टैक्स बकाया रखने वाले लोग यदि एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो उन पर लगने वाला ब्याज और पेनाल्टी पूरी तरह माफ कर दी जाएगी।

कार्यपालक पदाधिकारी आदित्य कुमार ने बताया कि नवंबर के मध्य से सभी वार्डों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें लोगों को योजना से जुड़ी जानकारी दी जाएगी और उन्हें तत्काल भुगतान के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 4 अक्टूबर 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार यह विशेष छूट 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। नगर परिषद के अनुसार शहर में करीब दस हजार होल्डिंग टैक्स धारक हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिन्होंने कई सालों से टैक्स जमा नहीं किया है। एकमुश्त राशि चुकाने पर उन्हें न केवल 18 प्रतिशत ब्याज से मुक्ति मिलेगी, बल्कि आगे किसी अतिरिक्त दंड का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। आदित्य कुमार ने कहा कि यह योजना उन परिवारों के लिए विशेष रूप से राहतकारी है, जो आर्थिक बोझ के कारण टैक्स अदायगी टालते आ रहे थे। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि इस छूट अवधि का पूरा लाभ उठाते हुए अपने बकाया का निपटारा जल्द से जल्द करें।

# बिहार जनादेश 2025 : कसबा में नितेश सिंह की जीत ने बदली हवा, लोजपा (रा.) नेताओं ने कहा— यह सिर्फ परिणाम नहीं, जनता का प्रखर संदेश है

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कसबा/पूर्णिया।** बिहार चुनाव 2025 ने साफ कर दिया कि जनता का धैर्य सीमित है और उसकी अपेक्षाएँ ऊँची। इस बार मतदाताओं ने सिर्फ वोट नहीं दिया, बल्कि एक चेतावनी, एक संदेश और एक स्पष्ट दिशा भी तय कर दी—विकास ही अंतिम कसौटी है।

कसबा विधानसभा में लोजपा (रामविलास) के नितेश सिंह की प्रचंड जीत इसी बड़े राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन गई है। लोजपा (रा.) के पूर्णिया जिला महासचिव सह प्रवक्ता विवेक कुमार लाठ (सोनू), जिलाध्यक्ष सौरभ झा और जिला मंत्री मोहित अग्रवाल ने परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिस बुलंद हौसला के साथ जनता को धन्यवाद दिया, वह इस जनादेश की गहराई को भी सामने लाता है। उनके शब्दों में, 'यह जीत किसी उम्मीदवार या दल की उपलब्धि नहीं, बल्कि बिहारवासियों की सामूहिक आकांक्षाओं की प्रतिध्वनि है। जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन के प्रति अपना भरोसा एनडीए की झोली में डाला है। यह जनादेश किसी पर उपकार नहीं, बल्कि अपेक्षाओं का स्पष्ट करार है।' नेताओं का यह भी कहना है कि पूर्णिया जिले की जनता ने पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में जिस विश्वास के साथ जनप्रतिनिधियों को चुनकर भेजा है, वह जिले की राजनीतिक चेतना का प्रमाण है। कसबा को लेकर उनकी टिप्पणी और भी ज्यादा तीखी रही—'पिछले पंद्रह वर्षों से कसबा को विकास के नाम पर सिर्फ वादों की थाली परोसी गई। जनता ने इस बार उसी थाली को उलट दिया। परिवर्तन की आग पहले दिलों में जली, फिर मतपेटियों में फटी।' उन्होंने साफ कहा कि चिराग पासवान के 'बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट' के विजन को कसबा की जनता ने न केवल सुना, बल्कि उसे अपनी राजनीतिक प्राथमिकता बना दिया। यही कारण है कि लोजपा (रा.) के नितेश सिंह को जनता ने रिकॉर्ड बहुमत के साथ विधानसभा की कुर्सी तक पहुंचाया। लोजपा (रा.) के 19 विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएँ देते हुए नेताओं ने जो अंतिम टिप्पणी की, वह आने वाले राजनीतिक मौसम का संकेत भी देती है—'जनता ने भरोसा दिया है, अब हमारी जिम्मेदारी शुरू होती है। बिहार बदलेगा, कसबा बदलेगा—और अब यह वादा नहीं, जनता का आदेश है।'

## मंदिर से पूजन सामग्री चुरा कर भाग रहे युवक को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**बारसोई /कटिहार /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बलतर पंचायत के राधेकृष्ण मंदिर सरलपुर से सुबह पूजन सामग्री चुराकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार चोर की पहचान नगर पंचायत बारसोई स्थित बारसोई बाजार निवासी राम अवतार महतो के पुत्र वीरेंद्र कुमार महतो के रूप में हुई है। इस संबंध में बारसोई थानाध्यक्ष राज कुमार ने बताया कि पुलिस को सुचना मिली थी कि सरलपुर ग्राम स्थित राधेकृष्ण मंदिर से पूजन सामग्री को चुरा कर भाग रहे चोर को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पकड़ कर रखा गया है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उक्त चोर को अपने गिरफ्त में ले लिया।

## जमीनी सच की तलाश में प्रशासन

# डीएम की सक्रियता से राइस मिलों की हकीकत आई जांच के दायरे में



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** विकास योजनाएँ हवा में नहीं चल सकतीं, और न ही सरकारी दायित्व कागजों पर पूरे होते हैं। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने इसी सोच को ताकत देते हुए एक सख़्त और परिणामोन्मुखी निरीक्षण तंत्र खड़ा किया है। संदेश साफ है—जो काम करेगा वही टिकेगा, और जो लापरवाही करेगा वह जवाबदेह भी होगा।

सोमवार को प्रशासन की संयुक्त जांच टीम उसना राइस मिल, परम राइस मिल, अ1 राइस मिल, जेनेक्स राइस मिल और शिव शक्ति राइस मिल के औचक निरीक्षण पर निकली। टीम में जिला नोडल अधिप्राप्ति अधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी और राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक शामिल रहे। जांच के दौरान टीम ने केवल कागजी रिकॉर्ड देखने पर संतोष नहीं किया, बल्कि मिल परिसरों में वास्तविक स्थिति, मशीनरी की उपयोगिता, धान संग्रहण, मिलिंग की गति, चावल गुणवत्ता मानकों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की परत-दर-परत पड़ताल की। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार कई बिंदुओं पर टीम ने सत्यापन कर मिल प्रबंधन से स्पष्ट स्पष्टीकरण भी मांगा। जिला प्रशासन की यह सक्रियता न सिर्फ मिलिंग कार्यों की पारदर्शिता बढ़ाने की पहल है, बल्कि यह संकेत भी कि अब सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासी, ढिलाई और बहानेबाजी नहीं चलेगी।

डीएम की नीति साफ है 'सिस्टम तभी मजबूत होगा, जब निगरानी ईमानदार और कार्रवाई निष्पक्ष हो।' यह निरीक्षण अभियान आगे और तेज होने वाला है, और प्रशासन का अंदाज साफ कर रहा है कि अब काम की गुणवत्ता ही असली पहचान होगी।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आगाज, नौ प्रमंडलों के 350 खिलाड़ी शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ऊर्जा, उत्साह और युवा जोश का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब खेल विभाग, बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन पूर्णिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय एथलेटिक्स बालक खेल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य उद्घाटन हुआ।

समारोह का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने गुब्बारा उड़ाकर किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अंजनी कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, स्थापना उप समाहर्ता इंद्रजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रविंद्र कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च-पास्ट ने स्टेडियम में उत्साह भर दिया, वहीं भारत स्काउट एंड गाइड्स एवं एनसीसी की बैंड पार्टी ने अपनी शानदार धुनों से माहौल को और जीवंत कर दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास और उर्स लाइन कॉन्वेंट की छात्राओं ने खेल के थीम पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने समारोह में चार चाँद लगा दिए। प्रतियोगिता में बिहार के नौ प्रमंडलों से आए लगभग 350 छात्र-खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है, जिन्हें चयनित होने पर बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। अपने संबोधन में जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने बच्चों को अनुशासन और मेहनत के साथ खेल को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य व देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएँ दीं। वहीं उप विकास आयुक्त श्री अंजनी कुमार ने युवाओं को खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की सलाह दी और कहा कि आधुनिक दौर में खेल अपार संभावनाओं का क्षेत्र बन चुका है। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा नामित 30 तकनीकी पदाधिकारी तथा स्थानीय स्तर पर प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। पूरे समारोह का संचालन सुचित्रा कुमारी ने किया।

# कटिहार-पूर्णिया रेलखंड में डीआरएम ने किया निरीक्षण

## यात्री सुविधाओं में जल्द होगा सुधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के पूर्णिया सेक्शन में सोमवार को डीआरएम किरेंद्र नराह ने यात्री सुविधाओं और संचालन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से निरीक्षण करते हुए कई दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में कटिहार रेल मंडल के पीआरओ सह सिनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि डीआरएम के कुशल नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय निरीक्षण दल ने पूर्णिया एवं रानीपतरा रेलवे स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने दोनों स्टेशनों के स्टेशन परिसर, स्वच्छता व्यवस्था,सुरक्षा प्रबंध, यात्री सुविधाएं तथा परिचालन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं का गहन अवलोकन किया। डीआरएम किरेंद्र नराह ने रानीपतरा स्टेशन पर अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और यात्रियों को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही दल ने मार्चेंट रूम, लेबर रूम, प्रतीक्षालयों एवं अन्य सेवा कक्षों का भी निरीक्षण किया तथा उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए सुधार के बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं के विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा पूर्णिया स्टेशन पर टीम ने गुड्स शेड, सकुर्लेटिंग एरिया तथा रेल क्षेत्र स्थित कई स्थानों का निरीक्षण किया और स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा उपाय एवं संरचनात्मक सुधारों से संबंधित निर्देश प्रदान किए। डीआरएम ने कहा कि दोनों स्टेशनों को यात्रियों और कर्मचारियों के लिए और अधिक सुरक्षित,सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने का लक्ष्य उनकी प्राथमिकता में है। उनके द्वारा यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों में निरंतर सुधार, पारदर्शिता और त्वरित क्रियान्वयन को सर्वोच्च महत्व दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर विचार-गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिला प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रेस दिवस को लेकर एनआइसी सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।शाम के समय आयोजित इस विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय प्रेस परिषद से प्राप्त थीम "बढ़ती मिसइनफॉर्मेशन के बीच प्रेस की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करना" पर प्रशासन तथा मिडियाकर्मियों ने अपने विचार व्यक्त रखे।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होता है।

प्रेस को जनता की आवाज और प्रशासन की ऑख माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रेस की विश्वसनीयता तभी बरकरार रह सकती है। जब तथ्यपरक, निष्पक्ष और संवेदनशील रिपोर्टिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं के इस दौर में मीडिया की विश्वसनीयता बचाकर जिम्मेदारीपूर्वक नैतिक पत्रकारिता के सिद्धांतों को मजबूत करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मुश्किल नहीं।डीपीआरओ ने कहा कि प्रशासन मीडिया के साथ मिलकर फेक न्यूज की रोकथाम और जन जागरूकता के लिए निरंतर प्रयासरत है।" उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में बहुत लोग खोजी पत्रकार के रूप में कार्य कर समाज में चल रही गतिविधियों से लोगों को अवगत करा रहे हैं।वहीं उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि डिजिटल युग में सूचनाओं का तेज प्रवाह जहाँ जनजागरूकता का सशक्त माध्यम है, वहीं गलत सूचनाओं का प्रसार लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में पत्रकारिता की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई। वहीं मीडिया नैतिकता, सूचना सत्यापन, डिजिटल सुरक्षा, फेक न्यूज की पहचान और जनसरोकार आधारित पत्रकारिता,वर्तमान मिडिया परिदृश्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दो व्यक्ति घायल

■ हसनगंज से कदवा आये थे बाराती, घूमने के दौरान घटी घटना, एक रेफर, एक फरार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के सोनैली पूर्णिया मुख्य पीडब्लूडी पथ पर शिवगंज के समीप तेज गति से सोनौली की ओर जा रही अपाची बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।बाइक पर तीन व्यक्ति सवार थे। सड़क दुर्घटना में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों की सूचना सड़क पर जा रहे राहगीरों कदवा पुलिस को दी गई।

घटना होते ही सैकड़ो लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को उठाकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज लाया ।अस्पताल लाने के क्रम में गंभीर रूप से घायल मोहम्मद मौकीम (18) की रास्ते में ही दर्दनाक मौत हो गई।वही एक अन्य गंभीर रूप से घायल मोहम्मद मतीकुल की चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिसे एंबुलेंस से बेहतर उपचार हेतु कटिहार सदर ले जाया गया है।घटना के बाबत जानकारी देते हुए सुद्दू सिंह, दयानंद मिश्र ने बताया तीनों बाइक सवार हसनगंज प्रखंड क्षेत्र से कुम्हड़ी के अमतोला गांव में बराती आए थे। बाराती आने के बाद घूमने के उद्देश्य से सोनौली की ओर जा रहे थे। अचानक शिवगंज के पास घटना घट गई। घटना की सूचना प्रकट हुआ पुलिस स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज पहुंची। जहां मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार का दिया है।वही एक अन्य थोड़ा कम घायल अस्पताल से कही फरार हो गये।

# बुजुर्गों की आवाज को मिला सशक्त मंच–'सहारा' वृद्धाश्रम में कानूनी जागरूकता व कल्याण कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूर्णिया।** वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए 'सहारा' वृद्धाश्रम में सोमवार को एक व्यापक कानूनी जागरूकता एवं सहायता कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्णिया और जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के संयुक्त प्रयासों का परिणाम था, जिसका उद्देश्य बुजुर्गों को सहायता तंत्र से सीधे जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमरेश कुमार ने माता-पिता भरण-पोषण एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानों को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि 'बुजुर्गों की सुरक्षा केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी भी है। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए जिला प्रशासन कई योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर रहा है।'

उधर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुनील कुमार ने बदलते पारिवारिक ढांचे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 'एकल परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति ने बुजुर्गों को मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से अधिक असुरक्षित किया है। ऐसे समय में कानूनी जागरूकता ही उनके लिए सबसे मजबूत कवच है, जिसे प्राधिकरण निरंतर उपलब्ध कराता आ रहा है।'

कार्यशाला के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठजनों ने अपनी दैनिक चुनौतियों, भरण-पोषण से जुड़ी परेशानियों और सामाजिक उपेक्षा के अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने प्रत्येक समस्या पर व्यावहारिक समाधान और मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर आया कि वरिष्ठ नागरिक केवल परिवार की विरासत नहीं, बल्कि समाज की अमूल्य धरोहर हैं—और उनकी सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# अदमरावाद से प्रसव कराने आई महिला ने एक साथ तीन लड़के को दिया जन्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही/कटिहार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में प्रत्येक दिन प्रसव कक्ष में एएनएम के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई महिलाओं का प्रसव कराया जाता हैं। विगत दिन एएनएम सह लेबर रूम इंचार्ज शबाना आजमी, एएनएम सेजल जायसवाल,निशा कुमारी एवं सुजाता कुमारी ने प्रसव कराने आई एक महिलाओं से एक साथ एक एक करके तीन नॉर्मल प्रसव कराया।

ताजा मामला कटिहार जिले के अमदाबाद प्रखंड के बैजनाथपुर बांध टोला वार्ड संख्या सात ,पंचायत उत्तरी करीमुल्लापुर, पोस्ट चौक चामा,थाना अमदाबाद के मो. नजमुल हक की 25 वर्षीय पत्नी फराना खातून जो अपने मायके कुछ दिन पूर्व कुर्सेल बांध टोला आई थी। विगत दिन प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही पहुंचे जहां पर ड्यूटी पर तैनात एएनएम सह लेबर रूम इंचार्ज शबाना आजमी, एएनएम सेजल जायसवाल, निशा कुमारी,सुजाता कुमारी, ममता जयमाला देवी ने प्रसव कराने आई महिलाओं को लेबर रूम ले गए एवं सुबह के 9:30 बजे प्रथम बेबी 9:35 में द्वितीय बेबी एवं 9:48 में तृतीय बेबी को नॉर्मल तरीके से प्रसव कराया। इस बाबत लेबर रूम के इंचार्ज सह एएनएम शबाना आजमी ने बताया कि 2013 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में एएनएम के पद पर तैनात हूं। कटिहार जिले के विभिन्न प्रखंड के महिलाएं प्रसव कराने आती हैं। प्रसव कराने आई महिलाओं में वन बेबी टू बेबी का नार्मल प्रसव कराए हैं पहली बार एक साथ तीन नॉर्मल प्रसव करने में थोड़ी सी परेशानी महसूस हुआ लेकिन धैयपूर्वक एक साथ पांच मिनट,पांच मिनट एवं 13 मिनट के अंतराल पर तीन बेबी का नॉर्मल प्रसव कराए।

## वैश्विक बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे भारत जैसे उभरते देश, गोल्डमैन सैश का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अनिश्चितताओं और टैरिफ संकट के बावजूद भारत अन्य उभरते इक्विटी बाजारों के साथ बेहतर स्थिति में है। वे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। गोल्डमैन सैश का मानना है कि आय वृद्धि के दम पर भारत जैसे उभरते बाजार अगले 10 साल में अमेरिका, यूरोप और जापान जैसे बड़े बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे और निवेशकों को 10.9 फीसदी का सालाना रिटर्न देंगे। इस दौरान अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में अमेरिकी शेयर बाजार 6.5 फीसदी, यूरोप 7.1 फीसदी और जापान 8.2 फीसदी का रिटर्न दे सकता है। जापान को छोड़कर एशियाई बाजारों में 10.3 फीसदी की तेजी देखने को मिल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते बाजारों में वृद्धि का नेतृत्व भारत और चीन करेंगे, जहां प्रति शेयर आय (ईपीएस) में मजबूती देखी जा रही है। आने वाले समय में नीतिगत सुधारों की मदद से दोनों देशों में शेयरधारकों को मिलने वाले रिटर्न में सुधार देखा जा सकता है। एसएंडपी 500 सूचकांक पर गोल्डमैन सैश का मानना है कि यह अगले दशक में सालाना औसतन 6.5 फीसदी का रिटर्न दे सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और अनुकूल जनसांख्यिकीय परिस्थितियों के कारण भारत में आय वृद्धि अगले 10 साल में सालाना 13 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ेगी। हालांकि, मूल्यांकन अब भी बाधा बना हुआ है, लेकिन यह वैश्विक इक्विटी बाज़ार के दृष्टिकोण पर हावी नहीं है।

## गौतम अडानी ला रहे हैं देश का सबसे बड़ा राइट्स इश्यू

### 716 रुपये सस्ता मिल रहा शेयर, जानिए डिटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का 25,000 करोड़ रुपये का राइट्स ऑफर 25 नवंबर को खुलेगा और 10 दिसंबर को बंद होगा। कंपनी ने यह जानकारी दी है। 11 नवंबर को कंपनी के बोर्ड ने इस राइट्स ऑफर को मंजूरी दी थी। इसके लिए शेयर की कीमत 1,800 रुपये प्रति शेयर रखी गई है, जो उस दिन के शेयर के बंद भाव से 25 प्रतिशत कम है। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 1.29 फीसदी तेजी के साथ 2516.85 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी ने यह भी बताया कि शेयरधारकों को पूरी रकम यानी हर शेयर के लिए 1,800 रुपये एक साथ नहीं देनी होगी। वे इसे तीन किस्तों में चुकाएंगे। आवेदन करते समय शेयरधारकों को 900 रुपये देने होंगे। इसके बाद दो और किस्तें होंगी, जिन्हें बाजार की भाषा में फर्स्ट कॉल और सेकंड कॉल कहा जाता है। इन दोनों किस्तों में उन्हें 450-450 रुपये देने होंगे। पहली कॉल की अवधि 12 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक रहने की उम्मीद है। फाइनेंशियल ईयर 2026 में 36,000 करोड़ रुपये कैपेक्स की योजना है। इसमें से 16,300 करोड़ रुपये पहली छमाही में खर्च किए गए हैं। इसमें से 10,500 करोड़ रुपये एयरपोर्ट बिजनेस पर, 6,000 करोड़ रुपये रोड और 9,000 करोड़ रुपये पेट्रोकेमिकल्स और मटीरियल्स पर, 3,500 करोड़ रुपये मेटल्स और माइनिंग पर तथा 5,500 करोड़ रुपये अडानी न्यू इंडस्ट्रीज पर खर्च होंगे। राइट्स इश्यू एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें कोई कंपनी अपने मौजूदा शेयरधारकों को रियायती मूल्य पर अतिरिक्त शेयर खरीदने का अधिकार देती है। कंपनियां इससे जुटने वाली राशि का इस्तेमाल अपने कारोबार के विस्तार करने, ऋण चुकाने या अन्य उद्देश्यों के लिए करती है।

### खाद्य पदार्थों पर टैरिफ हटने से किसानों को राहत

# निर्यात तीन अरब डॉलर बढ़ने की उम्मीद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में महंगाई रोकने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई खाद्य पदार्थों को पारस्परिक टैरिफ से बाहर करने के फैसले से भारतीय किसानों को राहत मिल सकती है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे भारतीय कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी। इसे द्विपक्षीय व्यापक व्यापार वार्ता के लिए एक सकारात्मक संकेत भी माना जा रहा है।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (एफआईईओ) के महानिदेशक अजय सहाय का कहना है कि टैरिफ छूट से 2.5 अरब डॉलर से तीन अरब डॉलर के बीच निर्यात में इजाफा होगा। उन्होंने कहा, यह आदेश प्रीमियम, विशिष्ट और मूल्यवर्धित उत्पादों के लिए रास्ता खोलता है, जो निर्यातक उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों की ओर रुख करते हैं वे मूल्य दबावों से बेहतर तरीके से सुरक्षित रहेंगे और बढ़ती उपभोक्ता मांग का लाभ उठा सकेंगे।

व्यापार और कृषि निर्यात नीति से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि अब तमाम खाद्य पदार्थों पर दी गई छूट अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के लिए भी एक सकारात्मक संकेत हैं और इस साल टैरिफ वृद्धि से उत्पन्न निर्यात दबाव को कम कर सकती हैं। भारतीय कृषि निर्यात से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ट्रंप के ताजा फैसले से भारतीय किसानों और चाय, कॉफी, काजू तथा फलों और सब्जियों के निर्यातकों को फायदा होगा।

### ट्रंप के फैसले किसे राहत?

राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को 200 से ज्यादा खाद्य उत्पादों को टैरिफ की सूची से बाहर कर दिया था क्योंकि अमेरिका में किराना सामान की बढ़ती कीमतों को लेकर उपभोक्ताओं की चिंताएं बढ़ रही थीं। चाय, कॉफी, मसालों और काजू जैसी चीजों पर यूरोपीय संघ और वियतनामी आपूर्तिकर्ताओं पर 15–20 प्रतिशत शुल्क था लेकिन भारतीय निर्यातकों को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा था क्योंकि ट्रंप ने कुछ भारतीय वस्तुओं के आयात पर टैरिफ दोगुना करके 50 प्रतिशत तक कर दिया था।

### टैरिफ बढ़ाने से घटा था निर्यात

टैरिफ बढ़ाने के बाद सितंबर में अमेरिका को भारतीय वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर लगभग 12 प्रतिशत घटकर 5.43 अरब डॉलर रह गया था। 2024 में अमेरिका को देश के 87 अरब डॉलर के निर्यात में भारतीय कृषि निर्यात का हिस्सा 5.7 अरब डॉलर होने का अनुमान है। ट्रंप के ताजा फैसले से भारतीय किसानों और चाय, कॉफी, काजू तथा फलों और सब्जियों के निर्यातकों को फायदा होगा।

## आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स बनाएगी लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर कॉरिडोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्रर डेवलपर्स के शेयर की कीमत 17 नवंबर को कारोबार की शुरुआत में 5 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। इसका मुख्य कारण यह है कि कंपनी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से 9,270 करोड़ रुपये का एक नया प्रोजेक्ट मिला है। सुबह 9ः40 बजे तक, क्स्थ पर कंपनी का शेयर 45.20 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले दिन के मुकाबले 2.29 रुपये यानी 5.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। ऋक्र इन्फ्रास्ट्रक्रर ट्रस्ट को एनएचएआई से ज्ञहज्ञ-17 बंडल के लिए ऑर्डर लेटर मिल गया है। यह प्रोजेक्ट 366 किलोमीटर लंबे लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर कॉरिडोर और लखनऊ-वाराणसी कॉरिडोर के एक हिस्से को कवर करता है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित अवधि 20 वर्ष है। कंपनी ने सितंबर महीने में 556.7 करोड़ रुपये का टोल टैक्स कलेक्ट किया, जो पिछले साल के सितंबर (501.8 करोड़ रुपये) की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। सितंबर 2025 मेंकंपनी का अकेला नेट प्रॉफिट 17.8 प्रतिशत बढ़कर 188.37 करोड़ रुपये हो गया, जो सितंबर 2024 में 159.89 करोड़ रुपये था। कंपनी की आय में भी 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## छप्परफाड़ कमाई, ग्रो स्टॉक ने उड़ाया गर्दा, आईपीओ से 60 प्रतिशत चढ़ा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रो के शेयरों में तूफानी तेजी लगातार देखने को मिल रही है। आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन को स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी के शेयरों में 8 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली है। जिसके बाद ग्रो के शेयरों का भाव बीएसई में 160 रुपये के पार पहुंच गया। यह इश्यू प्राइस की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है। बता दें, यह लगातार तीसरा कारोबारी दिन है जब ग्रो के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। ग्रो का आईपीओ जब आया था तब कंपनी ने 100 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया था। तब से अबतक कंपनी के शेयरों में 60 प्रतिशत की तेजी देखने को मिल चुकी है। वहीं, बीएसई में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 114 रुपये पर हुई थी। कंपनी के शेयरों पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस स्टॉक का टारगेट प्राइस 158 रुपये का है। इसके पीछे की वजह कंपनी की वैल्यूएशन और आर्थिक आंकड़े हैं। स्टॉक ब्रोकिंग एप ग्रो के आईपीओ का साइज 6632.30 करोड़ रुपये का था। कंपनी आईपीओ के जरिए 10.60 करोड़ फ्रेश शेयर और ऑफर फार सेल के तहत 55.72 करोड़ शेयर जारी की है। कंपनी का आईपीओ 4 नवंबर से 7 नवंबर तक खुला था। इस आईपीओ का लॉट साइज 150 शेयरों का था। जिसकी वजह से रिटेल निवेशकों को 15000 रुपये का इंवेस्टमेंट करना पड़ा था। ग्रो का आईपीओ एंकर निवेशकों से 2984.54 करोड़ रुपये जुटाए थे। एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 3 नवंबर को ही ओपन हो चुका था। तीन दिन के सब्सक्रिप्शन के दौरान ग्रो के आईपीओ को 17.60 गुना सब्सक्राइब किया गया था। रिटेल कैटगरी में आईपीओ में 9.43 गुना, क्यूआईबी सेक्शन में आईपीओ को 22.02 गुना और एनआईआई कैटगरी में आईपीओ को 14.20 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

# सरकारी बॉन्ड में भारतीय रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय रिजर्व बैंक की सरकारी प्रतिभूतियों में हिस्सेदारी पिछले एक साल में स्पष्ट रूप से बढ़ी है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जून 2025 में आरबीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 14.2 प्रतिशत हो गई, जो जून 2024 में 11.9 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई की ओर से सरकारी बॉन्ड की होल्डिंग में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है, जबकि बैंकों की हिस्सेदारी में कमी आई है। इसके विपरीत, बीमा कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग स्थिर बनी हुई है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से फरवरी 2026 तक हर महीने लगभग एक लाख करोड़ रुपये उधार लेने की उम्मीद है। इसमें मार्च के लिए केवल एक छोटी राशि निर्धारित है। साथ ही अपेक्षाकृत बड़ी स्टेट डेवलपमेंट लोन (एसडीएल)



केंद्र सरकार की अल्पकालिक उधारी से प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। इससे बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी। इसके बावजूद, रिपोर्ट का मानना है कि बॉन्ड प्रतिफल सीमित दायरे में रह सकता है और आने वाले दिनों में इसमें उतार-चढ़ाव हो सकता है। हाल के महीनों में बैंक और म्यूचुअल फंड्स जहां जी-सेक के शुद्ध विक्रेता बने हुए हैं। रिपोर्ट में आरबीआई की विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप गतिविधि को भी रेखांकित किया गया है। केंद्रीय बैंक ने रुपये को अत्यधिक उतार-चढ़ाव से बचाने और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए अपने मजबूत विदेशी मुद्र भंडार का इस्तेमाल किया। जून से अगस्त 2025 के बीच आरबीआई की ओर से लगभग 14 अरब डॉलर की नेट डॉलर सेल की गई, जिसके परिणामस्वरूप बैंकिंग प्रणाली से करीब 1.2 लाख करोड़ की स्थायी तरलता निकल गई। विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, जो जून 2025 में 703 अरब डॉलर था, अक्तूबर के अंत तक घटकर 690 अरब डॉलर रह गया। सोने और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) को छोड़कर, इसी अवधि में भंडार 30 अरब डॉलर घटकर 599 अरब डॉलर से 569 अरब डॉलर रह गया। रुपये में जारी कमजोरी के रुझान के बीच रिपोर्ट का आकलन है कि अगस्त के बाद भी आरबीआई का हस्तक्षेप जारी रहा होगा और अब तक यह आंकड़ा 14 अरब डॉलर से अधिक पहुंच चुका होगा।

## अब छोटे-छोटे चार्ज बदलेंगे खर्चों का गणित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप स्कूल फीस भरने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं? क्या आपके पास एयरपोर्ट लाउंज में मुफ्त एक्सेस के लिए एक से ज्यादा क्रेडिट कार्ड हैं? क्या वॉलेट में पैसा क्रेडिट कार्ड से डालते हैं? और क्या ऑफर, रिवॉर्ड या पॉइंट्स के लिए सारी ऑनलाइन शॉपिंग क्रेडिट कार्ड से करते हैं? तो जरा रुकिए। क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में तमाम बदलाव हुए हैं। ये बदलाव खर्च बढ़ाएंगे और फायदे कम करेंगे।

आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर 2025 में क्रेडिट कार्ड से होने वाला




खर्च 2.17 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह 2020 के बाद सबसे ज्यादा है। हालांकि, सितंबर के पहले तक क्रेडिट कार्ड से खर्च में बड़ी बढ़त नहीं हुई, तो इस बीच कंपनियों ने अपने कई नियम बदल दिए। सितंबर में जीएसटी कटौती और त्योहारी खरीद के कारण क्रेडिट कार्ड से खरीद में रिकॉर्ड उछाल आया।

### नए कार्ड की शर्तों और नियमों पर एक नजर

अगर आप नए क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करने जा रहे हैं, या अपने मौजूदा कार्ड को रिन्यू करवा रहे हैं... तो पहले अपने मौजूदा कार्ड या नए कार्ड की शर्तों और नियमों पर एक बार नजर दौड़ा लीजिए। कहीं ऐसा न हो, अगले महीने का बिल आपको परेशान कर दे या एयरपोर्ट लाउंज में एंट्री की कोशिश में आपकी किरकिरी हो जाए।

क्रेडिट कार्ड से जुड़े सबसे ताजा बदलाव एसबीआई ने किए हैं। इससे दो करोड़ से ज्यादा कार्ड होल्डर्स प्रभावित होंगे। एसबीआई देश की दूसरी सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड कंपनी है। कुल 11.33 करोड़ सक्रिय क्रेडिट कार्ड में आधे से ज्यादा कार्ड एचडीएफसी, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के हैं।

एसबीआई कार्ड ने 01 नवंबर, 2025 से थर्ड पार्टी एप्स (क्रेड, चेक आदि) से स्कूल/कॉलेज फीस के भुगतान और वॉलेट टॉप-अप पर शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसी तरह वॉलेट में 1,000 रुपये से ज्यादा जोड़ने पर एक फीसदी शुल्क देना होगा।

### बदलावों का क्या असर होगा

क्रेडिट कार्ड नियमों में बड़े बदलावों (जैसे रिवॉर्ड घटना, शुल्क लगना, और लाउंज एक्सेस शर्तों में बदलाव) के बाद, आपको अब पहले से कहीं अधिक जागरूक और रणनीतिक होने की जरूरत है। विभिन्न बैंकों और एनबीएफसी ने अपने कार्ड पर विभिन्न सुविधाओं में कटौती की है या फीस लगाई है। छिपे हुए सरचार्ज वाले कार्डों से बचें

# लॉकर से एफडी तक... बदल गया नॉमिनेशन सिस्टम

### जानें किसे बनाएं प्राइमरी और सक्सेसिव नॉमिनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सरकार ने 01 नवंबर, 2025 से नए बैंकिंग नॉमिनेशन नियम लागू कर दिए हैं। इस बदलाव का मकसद खाताधारक की मृत्यु के बाद परिवार को पैसा मिलने की प्रक्रिया तेज और आसान बनाना है, ताकि किसी तरह का विवाद या देरी न हो।

नए नियमों के अनुसार, चार नॉमिनी जोड़ने की सुविधा हो गई है। हर खाते में अब ग्राहक प्राइमरी और सक्सेसिव नॉमिनी जोड़ सकेंगे। इससे यह तय होगा कि उसके निधन के बाद बैंक सबसे पहले पैसा किसे देगा और अगर वह व्यक्ति न रहे, तो अगला कौन होगा।

**किसे बनाएं प्राइमरी नॉमिनी?:** प्राइमरी नॉमिनी वह व्यक्ति होता है, जिसे बैंक सबसे पहले भुगतान



करता है। सक्सेसिव नॉमिनी तभी प्रभावी होता है, जब पहला नॉमिनी जीवित न हो। इस तरह ग्राहक चार नॉमिनी क्रम से जोड़ सकता है। मिनी तय करते समय आप अपने जीवनसाथी या मुख्य आश्रित को प्राइमरी नॉमिनी बनाएं और बच्चों या अन्य रिश्तेदारों को सक्सेसिव नॉमिनी के रूप में रखें। हर बड़े बदलाव, जैसे शादी, बच्चे का जन्म या किसी की मृत्यु, के बाद नॉमिनेशन अपडेट करते रहें।

### क्या होगा फायदा?

चार नॉमिनी जोड़ने से कई फायदे होंगे। परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी, क्योंकि अगर पहला नॉमिनी नहीं है, तो अगला तुरंत अधिकार पा लेगा। बैंक को पहले से पता रहेगा कि पैसा किस क्रम में देना है, जिससे विवाद कम होंगे। आरबीआई ने यह भी तय किया है कि सभी जरूरी दस्तावेज मिलने के 15 दिनों के भीतर बैंक को दावा निपटाना होगा। इससे परिवार को कोर्ट या कानूनी प्रक्रिया के लिए भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। अगर आप चाहते हैं कि आपका पैसा एक साथ दो या ज्यादा लोगों में बांटा जाए, जैसे प प्रतिशती और बेटे को 50-50 फीसदी, तो इसे सिमुल्टेनियस नॉमिनेशन कहा जाता है। और अगर आप चाहते हैं कि पहले प प्रतिशती को मिले, फिर बेटे को और उसके बाद किसी तीसरे व्यक्ति को, तो इसे सक्सेसिव नॉमिनेशन कहा जाएगा।

# सिर्फ 400 से 60 लाख का टर्नओवर, 100 वर्ग फीट की जगह से ऐसा क्या काम शुरू किया, भाग्य ही बदल गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भोपाल की डॉ. बसु चौधरी ने कमाल कर दिया है। सीमित संसाधनों के साथ उन्होंने सिर्फ 400 रुपये के शुरुआती निवेश से ऐसा उद्यम स्थापित किया जो आज 60 लाख रुपये का सालाना कारोबार कर रहा है। बीएससी पूरी करने के बाद बसु ने भारी पूंजी की जरूरत वाले व्यवसायों से बचकर मशरूम की खेती को चुना। उन्होंने 2011 में हिमाचल प्रदेश के सोलन से 400 रुपये में 5 किलो ऑयस्टर मशरूम के स्पॉन (बीज) खरीदे। अपने घर के एक कमरे में 50 बैग लगाए। इससे उन्हें 30,000 रुपये की आय हुई। ज्ञान को बढ़ाने के लिए उन्होंने एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी) में दाखिला लिया। फिर 2014 में राज्य सरकार से 2 लाख रुपये की सब्सिडी लेकर 100 वर्ग फीट की मशरूम स्पॉन लैब स्थापित की। आज वह शीटके, लायन्स मेन, रीशी, और कॉर्डिसेप्स जैसे महंगे और औषधीय मशरूम की किस्में और उनके बीज (स्पॉन) पूरे भारत में बेचकर जमकर कमा रही हैं। आइए,



यहां डॉ. बसु चौधरी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**छोटे ट्रायल से उद्यम की शुरुआत :** डॉ. बसु चौधरी ने 2011 में अपनी उद्यमिता यात्रा की शुरुआत की। तब उन्होंने भारी निवेश के बजाय विज्ञान पर आधारित छोटे व्यवसाय को प्राथमिकता दी। उन्होंने सोलन से 5 किलो ऑयस्टर मशरूम स्पॉन 400 रुपये में मंगवाए। फिर अपने घर में गेहूं के भूसे से भरे 50 बैग में इसका प्रयोग किया। इस पहले ट्रायल से उन्हें 150 किलो मशरूम प्राप्त हुए। इन्हें उन्होंने स्थानीय बाजार में 200 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचकर 30,000 रुपये कमाए। इस प्रारंभिक सफलता ने उन्हें प्रेरित किया। 2013 में उन्होंने मशरूम के बारे में ज्यादा जानने के लिए एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी) में दाखिला लिया। साथ ही, उसी वर्ष उन्होंने 20 किलो स्पॉन का इस्तेमाल करके 600 किलो ऑयस्टर मशरूम का उत्पादन किया। यही नहीं, इन्हें स्थानीय बिक्री के साथ पाउडर के रूप में सुखाकर लंबी शेल्फ लाइफ के लिए भी तैयार किया।

**सरकारी लोन लेकर बनाई लैब :** पोस्ट-ग्रेजुएशन के दौरान डॉ. बसु ने टिश्यू कल्चर और मशरूम फार्मिंग में इंटर्नशिप की। इससे उन्हें एक सफल मशरूम लैब की जरूरतों की गहरी समझ मिली। इसी ज्ञान के आधार पर उन्होंने 2014 में लोन लिया और 100 वर्ग फीट में एक मशरूम स्पॉन प्रयोगशाला स्थापित की। इसके उपकरणों के लिए उन्हें राज्य सरकार से 2 लाख रुपये की सब्सिडी भी मिली। लैब की स्थापना के बाद उन्होंने स्थानीय उत्पादकों को ऑयस्टर मशरूम के स्पॉन की सप्लाई शुरू कर दी। सामाजिक कार्यों में उनके योगदान (खासकर ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त स्पॉन और प्रशिक्षण देकर उनके परिवार के आहार में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने के लिए) के लिए उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त हुई। उनका यह प्रयास न केवल व्यवसायिक था, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण और पोषण में सुधार का एक माध्यम भी बना। डॉ. बसु ने अपनी लैब का काम पूरे साल सुनिश्चित करने के लिए बटन और मिल्की मशरूम की किस्मों के स्पॉन भी बनाने शुरू किए। उन्होंने बाजार की बढ़ती मांग को देखते हुए शीटके, किंग ऑयस्टर, लायन्स मेन और रीशी जैसे एग्जॉटिक (विदेशी) मशरूम की किस्मों पर फोकस किया।

## इस साल पहली बार निगेटिव हुई बिटकॉइन, एक महीने में अर्श से फर्श पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी, सबसे पुरानी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत में भारी गिरावट आई है। इसकी कीमत गिरकर 93,000 डॉलर के करीब पहुंच चुकी है। 6 अक्टूबर को इसकी कीमत रेकॉर्ड .126,251 तक पहुंच थी लेकिन उसके बाद से इसमें भारी गिरावट आई है।बिटकॉइन की कीमत में साल की शुरुआत से अब तक 30 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आई है। इसकी वजह यह है कि ट्रंप प्रशासन के क्रिप्टो–फ्रेंडली रुख को लेकर जो उत्साह दिख रहा था, वह अब काफी हद तक कम हो गया है। रविवार को बिटकॉइन की कीमत 93,124 तक आ गई थी। हालांकि सोमवार को सिंगापुर में सुबह 8ः39 बजे तक बिटकॉइन की कीमत थोड़ी सुधरी और 94,869 पर कारोबार कर रहा था।

# जन वितरण प्रणाली प्रशिक्षण को ले सेमिनार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग तथा उपायुक्त, खूंटी के निदेशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी द्वारा नगर भवन, खूंटी में एक दिवसीय जन वितरण प्रणाली प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त, खूंटी आलोक कुमार उपस्थित हुए। साथ ही बीडीओ-सह-प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी तोरपा, रनियां और कर्रा भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

सेमिनार में सभी सहायक गोदाम प्रबंधकों, झारखंड राज्य खाद्य निगम खूंटी जिला के प्रतिनिधियों एवं सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को विभागीय मानकों के अनुसार गोदाम में खाद्यान्न के वैज्ञानिक भंडारण, रखझरखाव तथा राशन वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने संबंधी तकनीकें बताई गईं। साथ ही ईपॉश मशीन द्वारा ऑनलाइन राशन वितरण की प्रक्रिया एवं उसके लाभ से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने जन वितरण प्रणाली के सुचारू संचालन पर विशेष जोर देते हुए विक्रेताओं को प्रशिक्षण पूरी निष्ठा से ग्रहण करने का निदेश दिया, ताकि जन वितरण प्रणाली संचालन की बारीकियों को समझकर प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। उपस्थित सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा भी जन वितरण प्रणाली दुकान संचालन से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश एवं व्यवहारिक जानकारी साझा की गई।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी ने सभी विक्रेताओं को गोदाम को सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ रखने का निर्देश देते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने हेतु चलाए जा रहे अभियान में विभाग एवं पंचायतों में प्रतिनियुक्त श्छए को सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि, अधिकारियों एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## झारखण्ड के सात जिलों में येलो अलर्ट

**रांची।** झारखंड में कड़ाके की ठंड की शुरूआत हो गई है। मौसम विभाग ने राज्य के सात जिलों में शीतलहर को अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई स्थानों पर तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम दर्ज किया गया है। गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिलों के लिए मंगलवार सुबह 8.30 बजे तक 'येलो अलर्ट' (सावधान रहें) जारी किया गया है।

सोमवार सुबह गुमला में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लोहरदगा में 7.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। रांची में 10.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस कम है।

खूंटी शहर में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में 8.6 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में 8.8 डिग्री सेल्सियस और सरायकेला-खरसावां में 11.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण पारे में गिरावट आई।

# अब नहीं रूकेगी सलगाझरी वेस्ट केबिन स्टेशन पर झाड़ग्राम मेमू एक्सप्रेस सहित चार गाड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले सलगाझरी वेस्ट केबिन स्टेशन से रेलवे ने 16 नवंबर से अगले आदेश तक चार मेमू पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव को हटा दिया है। रेलवे के आदेश के अनुसार, ट्रेन नंबर 18019/18020 झाड़ग्राम - धनबाद - झाड़ग्राम मेमू एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 68023/68024 झाड़ग्राम - पुरुलिया - झाड़ग्राम मेमू का ठहराव अब सलगाझरी वेस्ट केबीन स्टेशन पर नहीं होगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक, सलगाझरी वेस्ट केबिन स्टेशन पर ट्रेनों का कोई कॉमर्शियल स्टॉपेज नहीं दिया गया था, और यहां पर न तो टिकटों की बिक्री होती है, न ही इसे यात्री सुविधाओं के दृष्टिकोण से सही गया है। इसके अलावा, दक्षिण पूर्व रेलवे के कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षण में प्लेटफार्म की कमी की वजह से ट्रेनों के ठहराव पर आपत्ति जताई गई थी।

इसके बाद ही रेलवे ने सात चरणों में सलगाझरी वेस्ट केबिन स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को हटाने का निर्णय लिया। इससे पहले, 1 नवंबर से रेलवे ने पहले चरण में ट्रेन नंबर 68005/68006 खड़गपुर-टाटानगर-खड़गपुर मेमू और ट्रेन नंबर 68015/68016 खड़गपुर-टाटानगर-खड़गपुर मेमू के ठहराव को भी सलगाझरी वेस्ट केबिन स्टेशन से हटा दिया था।

ट्रेनों का ठहराव हटाए जाने से स्थानीय यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि अब इन ट्रेनों के लिए उन्हें अन्य स्टेशन पर यात्रा शुरू करनी होगी। हालांकि, रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

दक्षिण पूर्व रेलवे ने टाटानगर से हटिया के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया है। रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 16 नवंबर से 30 नवंबर तक ट्रेन नंबर 68036/68035 टाटानगर-हटिया-टाटानगर मेमू पैसेंजर का संचालन आदित्यपुर स्टेशन से किया जाएगा। इस अवधि में ट्रेन का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन आदित्यपुर से ही होगा।

रेलवे सूत्रों के अनुसार इस निर्णय के पीछे मुख्य कारण टाटानगर स्टेशन का प्लेटफॉर्म व्यस्त होना है।

निर्धारित समय पर सभी प्लेटफॉर्म ट्रेनों से भरे रहते हैं, जिससे संचालन सुचारू रखने में कठिनाई होती है। प्लेटफॉर्म का भार कम करने और सुरक्षित एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे ने 15 दिनों के लिए इस मेमू पैसेंजर ट्रेन को टाटानगर की जगह आदित्यपुर स्टेशन से चलाने का फैसला लिया है।

# दो नाबालिग बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म

- गांव में लगने वाला जतरा देखने गयी थी बहनें
- तीन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार की रात दो नाबालिग सगी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है।

दोनो पीड़िता सिसई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बताई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार दोनों बहनें सिसई थाना क्षेत्र के एक गांव में लगने वाला जतरा देखने आई थीं।

शाम होने पर वे अपने रिश्तेदार के घर पैदल लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से स्कूटी पर पहुंचे एक युवक ने उन्हें गांव छोड़ने की बात कहकर स्कूटी पर बैठा लिया। अंधेरा होने पर आरोपित उन्हें आताकोरा गांव स्थित पतरा के पास सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसने स्कूटी रोककर अपने दोस्तों को बुलाया।

इसके बाद 5 से 6 युवकों ने मिलकर दोनों नाबालिग बहनों के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। दुष्कर्म के बाद दोनों बहनें किसी तरह अपने रिश्तेदार के घर पहुंचीं और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।

अगले दिन पीड़िताओं की मां ने भरनो थाना पहुंचकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया।

मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक गुमला ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने छापेमारी कर बीते रविवार की रात तीनों आरोपित, भरनो के आताकोरा गांव निवासी विश्वास उरांव (19), डाडकेशा सरना टोली निवासी बीरबल उरांव (21) और डाडकेशा अम्बा टोली निवासी प्रकाश उरांव (19) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को सोमवार को गुमला जेल भेज दिया गया। बताया गया कि घटना में कुल 5 से 6 युवक शामिल थे, जिनमें बाकी फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, एसआई अभिनंदन कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## एनआइटी की टीम ने किया आविष्कार

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) जमशेदपुर के शोधार्थी अब्दुल रहमान ने अपनी पीएचडी का सफल प्रतिरक्षण पूर्ण करते हुए बायोमटेरियल विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि दर्ज की है। उनके शोध का उद्देश्य ऐसे सस्ते, सुरक्षित और शरीर-अनुकूल इम्प्लांट मटेरियल विकसित करना था, जो मानव शरीर में धीरे-धीरे घुलकर समाप्त हो जाएं और दूसरी सर्जरी की आवश्यकता न पड़े। यह शोध विशेषकर हड्डी टूटने पर लाभदायक है। यह शोध विशेष रूप से मैग्नीशियम आधारित धातु हए-43 की जैव-प्रयुक्ति बढ़ाने पर केंद्रित रहा, जिसे उन्होंने वैज्ञानिक रूप से सुधारकर अत्यंत उपयोगी रूप प्रदान किया। उन्होंने बताया कि अब हाथ पैर टूटने पर स्टील के प्लेट लगाकर आपरेशन करने और उसे 5-10 साल दुबारा निकालने की आवश्यकता नही है। उन्होंने यह भी दावा कि जो हड्डी जुड़ने में 45 दिन का समय लगता था, अब यह 30 दिन में जुड़ जाएगा। अब्दुल रहमान ने डब्ल्यूई-43 मिश्रधातु को कैल्शियम और जिंक से संशोधित किया तथा उसमें हड्डी के गुणों से मेल खाने वाले सूक्ष्म बायोझसिरेमिक कण सम्मिलित किए।

# खेत से हाथी भगाने गए युवक की जंगली हाथी ने पटक-पटककर ली जान

## गुस्साये लोगों ने किया जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के लुरूंगी गांव में जंगली हाथी को भगाने एक एक 40 वर्षीय किसान छोटन मुंडा को जंगली हाथी पकड़कर पटक-पटककर मार डाला।

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी देने, उचित मुआवजा देने और जंगली हाथियों के प्रकोप से छुटकारा दिलाने की मांग को लेकर रविवार की सुबह एनएच-75 रांची-डालटनगंज मार्ग को जाम कर दिया।

चान्हो पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने के बाद और वन विभाग द्वारा 25 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ अन्य मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद लगभग दो घंटे बाद जाम हटाया गया।


जानकारी के अनुसार लुरूंगी जंगल के निकट 22 जंगली हाथियों का एक झुंड पिछले कई दिनों से डेरा डाले हुए था। इससे आसपास की खेती और धान की तैयार फसल को नुकसान पहुंच रहा था।

शनिवार की रात जब हाथियों के झुंड को धान के खेत में घुसने की सूचना मिली, तो कई गांवों के दर्जनों लोग हाथियों को भगाने के लिए पहुंचे, जिनमें छोटन मुंडा भी शामिल थे। हाथियों को भगाने के दौरान एक हाथी अचानक पीछे मुड़कर ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़ा।

इस डर से अन्य लोग इधर-उधर भाग गए, लेकिन हाथी ने छोटन मुंडा को पकड़ लिया और उसे मौके पर ही पटककर मार डाला। मृतक छोटन मुंडा पिता अकला मुंडा के चार बच्चों का पिता था। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। यह घटना ग्रामीणों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है, और वे जंगली हाथियों के खतरे से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

# पेयजलापूर्ति के लिए 61 करोड़ की राशि स्वीकृत

## लोगों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पेयजल स्वच्छता विभाग ने 183 करोड़ की लागत से ग्रामीण पेयजलापूर्ति के लिए नौ नई योजनाएं प्रारंभ की हैं। इसमें 61.66 करोड़ की लागत से आरकोसा बहु ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना शामिल है।

इसके अलावा, तपकारा और ठेठाइटांगर में 14 और 16 करोड़ की लागत से नई जलापूर्ति योजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं। चंदवारा बहु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के लिए करीब 50 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।

इस तरह की कुल 9 पेयजलापूर्ति योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को घर तक जल पहुंचाया जाएगा। राज्य सरकार अपने संसाधनों से इन योजनाओं को पूरा करेगी। अभी राज्य में केंद्र सरकार के सहयोग से जल शक्ति मंत्रालय द्वारा हर घर नल योजना चलाई जा रही है।

इसमें केंद्र और राज्य सरकार 50-50 प्रतिशत का योगदान देती है। हालांकि इन योजनाओं की प्रगति धीमी है। अब ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के लिए राज्य सरकार अपनी योजना चला रही है। शहरी और ग्रामीण पेयजलापूर्ति के जरिए राज्य सरकार लोगों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल देने की योजना चला रही है। राज्य के पांच लाख से अधिक घरों तक यह योजना पहुंचाई जानी है।

# तीरंदाजी प्रशिक्षु झोंगो पाहन का एशियाई यूथ पैरा गेम्स 2025, दुबई के लिए चयन

## खिलाड़ी कल्याण कोष से डीडीसी ने सौंपा चेक, दी शुभकामनाएं




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** खूँटी जिला निवासी तीरंदाजी प्रशिक्षु झोंगो पाहन का चयन एशियन यूथ पारा गेम्स 2025, दुबई के लिए हुआ है। झोंगो पाहन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेर्शानुसार जिला खेलकूद कार्यालय द्वारा खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, राँची को आर्थिक सहायता हेतु पत्राचार किया गया। पत्राचार के उपरांत, निदेशालय द्वारा खिलाड़ी कल्याण कोष के अंतर्गत झोंगो पाहन को तीरंदाजी उपकरण खरीदने हेतु तीन लाख अठानबे हजार सात सौ छिहत्तर रुपये की राशि 15 नवंबर को स्वीकृत की गई। यह चेक उप विकास आयुक्त, खूँटी आलोक कुमार द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में खिलाड़ी झोंगो पाहन को सौंपा गया। चेक सौंपते हुए उप विकास आयुक्त ने युवा खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि झोंगो पाहन पूर्व में भी शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए छठा पारा नेशनल आर्चेय चैंपियनशिप जयपुर में एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीता था। अब झोंगो पाहन आगामी दिसंबर में दुबई में आयोजित होने वाले एशियन यूथ पारा गेम्स 2025 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी खूँटी, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी ने भी झोंगो पाहन को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतें तथा खूँटी और झारखंड का गौरव बढ़ाएँ।

# तीन दिनों के बाद चौथे जवान की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा डैम में शुक्रवार को हुए दर्दनाक हादसे में लापता चौथे पुलिसकर्मी का शव सोमवार सुबह बरामद कर लिया गया। बता दें कि शुक्रवार शाम प्रिंसिपल जिला जज (पीडीजे), जमशेदपुर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का वाहन अचानक अनियंत्रित होकर डैम में जा गिरा था।

वाहन में सवार दो पुलिसकर्मी और दो सरकारी चालक डूब गए थे।

हादसे के बाद एनडीआरएफ की टीम ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया था। उसी रात तीन शव–पुलिसकर्मी उपेंद्र कुमार सिंह, रोबिन कुजूर और सरकारी चालक सतेंद्र सिंह को बाहर निकाल लिया गया था। लेकिन चालक सतेंद्र कुमार का शव नहीं मिल सका था, जिसके लिए शनिवार और रविवार को लगातार सर्च अभियान चलाया गया। डैम में जमा कीचड़ और गहराई के कारण खोज अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण रहा।


लगातार तीन दिनों की कोशिशों के बाद सोमवार सुबह एनडीआरएफ को सफलता मिली और सतेंद्र कुमार का शव डैम से बरामद कर लिया गया। धुर्वा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

इससे पहले बचाव टीम डैम में गिरे वाहन से हथियार और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी निकाल चुकी है। यह हादसा पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन के लिए गहरा सदमा लेकर आया है। मृतकों की पहचान उपेंद्र कुमार सिंह, रोबिन कुजूर, सतेंद्र सिंह और सतेंद्र कुमार के रूप में की गई है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मालगाड़ी की छत पर चढ़कर दौड़ने लगा नशेड़ी, मची अफरातफरी

## थमे रहे ट्रेनों के पहिये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर खड़ी कंटेनर मालगाड़ी की छत पर एक युवक चढ़ गया। ऊपर चढ़ कर वह एक कंटेनर से दूसरे के बीच दौड़ने लगा। उसे देखकर यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे अफरा-तफरी मच गई।

प्लेटफॉर्म से फुट ओवरब्रिज तक यात्रियों की भीड़ एकत्रित हो गई। ऊपर चढ़ा युवक नीचे छलांग लगाने की कोशिश करने लगे। उसे देख कर यात्री चिल्लाने लगे। शोर सुन कर आरपीएफ पहुंची और उसे नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। कैरेज एंड वैगन विभाग के कर्मचारी सीढ़ी लेकर पहुंचे। उन्हें देखते ही ऊपर चढ़ा युवक कभी लात-घूंसे चलाने लगा तो कभी ओवरहेड तार को छूने को दौड़ने लगा। ओवरहेड तार को स्पर्श कर लेने से उसकी जान जा सकती थी। इस वजह से विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। काफी देर तक धक्का-मुक्की के बाद उसे नीचे उतारा गया। इस घटना के कारण अमृतसर से सियालदह जानेवाली जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को धनबाद स्टेशन पर काफी देर तक रोका गया। रेस्क्यू किया गया युवक नशे में धुत बताया गया।

## नहीं रहे अरूण महतो

**खूंटी।** इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन के खूंटी जिला अध्यक्ष सुदामणी देवी की पति अरूण महतो का आज निधन हो गया है। वे पिछले कुछ महीने से बिमार चल रहे थे। आज खूंटी सदर अस्पताल में ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया है। उनके निधन पर इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन झारखंड राज्य के महासचिव तपन कुमार घोष, भाजपा नेता ओ, पी, कस्यप, काशी नाथ महतो, इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन के अंथोनि मार्शलन हंश, बिरसा लोहार, डॉ पी के विश्वास, डॉ अनुप, मदीराय नाग, संजय नाग मुंडा, अधिवक्ता कविता देवी, प्रशांत कुमार, मार्शल बारला, जितेन्द्र पांडे, प्रभाकर मिश्रा, कार्तिक प्रजापति आदि ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अरूण महतो की आत्मा की शांति ईश्वर से प्रार्थना किया है। मालूम हो कि वे अपने पीछे पत्नी और तीन बेटो को छोड़ गए हैं। वे अपने माँ बाप के एकमात्र बेटा थे। बुढ़ा माँ बाप, पत्नी, बेटो का रो रो कर बुरा हाल है। अरूण महतो ही परिवार के एक मात्र सहारा थे।

# चाल धंसने से एक मजदूर की मौत, तीन अन्य जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के निरसा स्थित ईसीएल के बंद पड़े कापासारा आउटसोर्सिंग कोलियरी क्षेत्र में रविवार सुबह अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कोयले की चाल धंसने से एक महिला सहित चार लोग मलबे में दब गए। हादसे में सीतारामपुर (पश्चिम बंगाल) निवासी मनोज कोयरी (46) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

खदान से जुड़े लोगों ने सभी को मलबे से बाहर निकाला और घायलों का इलाज गुप्त रूप से कराया जा रहा है। घटना के बाद भी कोलियरी प्रबंधन और निरसा पुलिस किसी भी दुर्घटना से साफ इंकार कर रहे हैं। घटना कापासारा कोलियरी के पश्चिम दिशा में मुगमा स्टेशन रोड के पास हुई, जहां लगभग 100 फीट गहरी सुरंगनुमा जगह में लंबे समय से अवैध खनन किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह आठ-दस मजदूर रोज की तरह अंदर उतरे थे। कुछ घंटों बाद अचानक चाल धंस गई और चार लोग मलबे में दब गए। मौके पर ही एक की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन में शामिल अधिकांश मजदूर पश्चिम बंगाल और आसपास के जिलों के निवासी थे।

स्थानीय ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए कोलियरी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि खदान की सुरक्षा व्यवस्था नाममात्र की है। डेंजर एरिया और वर्जित क्षेत्र के बोर्ड लगाकर खानापूर्ति की जाती है, जबकि खदान को खुला छोड़ दिया गया है। मजबूरी में लोग अपनी जान जोखिम में डालकर रोजी-रोटी के लिए अवैध खनन करने को विवश हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस क्षेत्र में अवैध खनन का संचालन स्टेशन रोड निवासी अजगर नामक युवक द्वारा किया जाता है। इसके लिए कुल्टी, बराकर, आसनसोल, पुरुलिया, बांकुड़ा, जामताड़ा, नारायणपुर, मधुपुर सहित विभिन्न स्थानों से मजदूर लाए जाते हैं, जिनकी पूरी व्यवस्था संचालक करता है। दुर्घटना होने पर मजदूरों को चुपचाप मुआवजा देकर मामला दबा दिया जाता है।

जानकारी से इंकार किया। आज की घटना पर माइनिंग सरदार इंद्रजीत सिंह और ओवरमैन अरुण सिंह ने किसी भी जानकारी से इंकार किया है, जबकि स्थानीय लोग दावा कर रहे हैं कि क्षेत्र में अवैध खनन का पूरा नेटवर्क संगठित तरीके से फल-फूल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### इस्तीफे की अटकलों के बीच डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा, वह पार्टी के एक अनुशासित सिपाही हैं



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को लेकर पिछले कुछ महीनों से लगातार नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें लग रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कैबिनेट फेरबदल और वरिष्ठ नेता शिवकुमार के पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफे की अटकलें लगाई जा रही थी। अब डिप्टी सीएम शिवकुमार ने पार्टी की प्रदेश इकाई अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की अटकलों को रविवार को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के एक अनुशासित सिपाही हैं। सरकार में मंत्रिमंडल में होने वाले फेरबदल पर जोर देते हुए डिप्टी सीएम शिवकुमार ने इस बात पर जोर दिया कि फेरबदल का निर्णय पूरी तरह सीएम सिद्धरमैया का विशेषाधिकार है और यह पार्टी आलाकमान के साथ विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कर्नाटक में 100 नए कांग्रेस कार्यालयों के शिलान्यास समारोह का निमंत्रण देने के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पास दिल्ली आए थे। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा, ''शिलान्यास समारोह और कई अन्य कार्यक्रम होने वाले हैं। यह सब कौन संभालेगा? मुझे ही करना है। मैं (प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से) इस्तीफा देने की बात क्यों कहूंगा? अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है।'' उन्होंने कहा, ''मैं एक अनुशासित सिपाही की तरह पार्टी की सेवा के लिए समर्पित हूं और मुझे जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है, मैं उसे पूरा करता हूं। मैं इस्तीफे की धमकी देकर पार्टी को ब्लैकमेल नहीं करता हूं।'' शिवकुमार ने इन अटकलों को मीडिया की उपज बताया और कहा, ''मैं कांग्रेस को ब्लैकमेल करने वाला नहीं हूं। मैंने इस पार्टी को खड़ा किया है और इसके लिए दिन-रात अथक परिश्रम किया है। मैं आगे भी ऐसा करता रहूंगा। हमारी पार्टी 2028 में (कर्नाटक में) सत्ता में वापसी करेगी।''

### तो अगला चुनाव भी हारेगी कांग्रेस: फडणवीस



**संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग या अदालतों में बिना कोई सबूत पेश किए वोट चोरी और चुनावी अनियमितताओं का आरोप लगाने से कांग्रेस को आगामी चुनावों में भी हार का सामना करना पड़ेगा। हाल ही में हुए बिहार चुनाव में कांग्रेस की करारी हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए फडणवीस ने यह टिप्पणी की। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को केवल छह सीट पर जीत मिली। छत्रपति संभाजीनगर जिले के चिखलथाना में एक कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक किस्मत बदलने के लिए जनता से फिर से जुड़ना होगा और उसके मुद्दों को ईमानदारी से उठाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी और ईवीएम जैसे मुद्दे उठाती है, लेकिन जब अदालत या निर्वाचन आयोग सबूत मांगता है, तो वे सबूत देने में विफल रहते हैं। फडणवीस ने कहा कि अगर कांग्रेस के लोग अपने रवैये में सुधार नहीं करेंगे, तो मेरा अनुमान है कि आगामी स्थानीय चुनाव में भी उन्हें ऐसी ही हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को निराधार आरोप लगाना बंद करना होगा। फडणवीस ने रावसाहेब दानवे, मंत्री अतुल सावे, पंकजा मुंडे, मेघना बोर्डिकर और सांसद भागवत कराड की उपस्थिति में भाजपा के नए क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। बिहार विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत पर उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा करता आ रहा है।

## लालकिला ब्लास्ट में 2000 कश्मीरी छात्रों से पूछताछ

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी से मिले थे अहम सुराग

**फरीदाबाद , एजेंसी।** दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट में 12 लोगों की मौत के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी जांच और तेज कर दी है। इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस ने सोमवार को शहर में किराए पर रह रहे बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्रों व अन्य किरायेदारों से पूछताछ जारी रखी। अब तक 2000 से ज्यादा छात्रों और किरायेदारों से पूछताछ की जा चुकी है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि कहीं इस व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल से जुड़े और भी सुराग तो नहीं छूट गए।

फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी इस मामले में सबसे पहले शक के दायरे में आई थी। यहां से हथियार, विस्फोटक, अमोनियम नाइट्रेट समेत कई आपत्तिजनक सामान मिलने के बाद एजेंसियों ने इंटर-स्टेट जांच शुरू की। दिल्ली, फरीदाबाद और जम्मू-कश्मीर में लगातार छापेमारी और पूछताछ चल रही है।

सोमवार को फरीदाबाद क्राइम ब्रांच की टीम फिर यूनिवर्सिटी कैंपस पहुंची और ब्लास्ट






मॉड्यूल से जुड़े कई पहलुओं पर जांच की। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने साफ किया है कि आरोपी डॉक्टरों से उनका संबंध उनकी आधिकारिक भूमिका तक ही सीमित था, और कैंपस में कोई संदिग्ध सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। जांच में खुफिया एजेंसियों ने 20 लाख रुपये की हवाला फंडिंग का सुराग भी निकाला है। यह रकम कथित तौर पर जैश-ए-मोहम्मद के एक हैंडलर द्वारा तीन डॉक्टरों – उमर, मुझम्मिल और शाहीन को भेजी गई थी। इनमें से करीब 3 लाख रुपये 26 क्विंटल एनपीके फर्टिलाइजर खरीदने में खर्च किए जाने का शक है। यह खाद कृषि के अलावा विस्फोटक तैयार करने में भी इस्तेमाल की जा सकती है। प्रारंभिक जांच बताती है कि आरोपी समूह जोड़ों में घूमकर कई जगह एक-साथ ढ्धश्वष्ठ ब्लास्ट करने की योजना पर काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस ने पुष्टि की है कि रेड फोर्ट के पास कार ब्लास्ट करने वाला शख्स डॉ. उमर उन-नबी था। फॉरेंसिक ष्ठह्र टेस्टिंग में उसके सैंपल उसकी मां से मैच कर गए। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने शनिवार को रेड फोर्ट ब्लास्ट मामले में नई एफआइआर दर्ज की, जबकि अब इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी के हवाले कर दी गई है। इसी बीच, नेशनल मेडिकल कमीशन ने कार्रवाई करते हुए जम्मू-कश्मीर के चार डॉक्टरों डॉ. मुझफ्फर अहमद, डॉ. आदिल अहमद राथर, डॉ. मुझम्मिल शाकिल और डॉ. शाहीन सईद का मेडिकल रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

## कहता था शादी करेंगे, संबंध बनाया और मुकर गया, प्रेमी के घर 5 दिन धरने पर बैठी प्रेमिका

**कुशीनगर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में एक प्रेमिका अपने प्रेमी के घर के दरवाजे पर धरने पर बैठ गया। 18 साल की इस प्रेमिका ने प्रेमी पर आरोपों की झड़ी लगा दी। प्रेमिका ने आरोप लगाया कि शादी का झांसा देकर लड़के ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी करने से मुकर गया। यहां तक कि अब उसका फोन भी न नहीं उठाता है।

मामला, कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार इंस्टाग्राम पर शुरू हुआ प्रेम प्रसंग अब धरने में तब्दील हो गया है। गोरखपुर की रहने वाली 18 साल की लड़की पिछले पांच दिन तक अपने प्रेमी के दरवाजे पर न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठी रही। लड़की का आरोप है कि लड़के ने सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद हुई मुलाकातों में शादी का भरोसा दिया था। इसके बहाने उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाया, लेकिन शादी की बात आने पर वह मुकर गया है।

लड़की के अनुसार एक साल पहले इंस्टाग्राम पर दोनों का परिचय हुआ था। बातचीत कुछ ही महीनों में प्रेम में तब्दील हो गया। लड़की के मुताबिक इस दौरान लड़के ने उसे शादी का आश्वासन दिया, जिस पर भरोसा कर लड़की ने संबंध आगे बढ़ाए, लेकिन जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो लड़के ने न केवल इनकार कर दिया, बल्कि बातचीत भी बंद कर दी। गांव में मामले की चर्चा फैलते ही लोग इकट्ठा होने लगे। इस बीच लड़का और उसका परिवार घर छोड़कर फरार हो गया। इससे आहत लड़की दरवाजे पर बैठ खुद के साथ न्याय करने की मांग कर रही है। उसके परिजन भी पहुंचे, समझाने की कोशिश की, लेकिन लड़की अपनी जिद पर अडिग रही और प्रेमी के बिना घर लौटने से इंकार कर दिया। गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नेबुआ नौरंगिया दीपक सिंह ने बताया कि लड़की को सुरक्षा की दृष्टि से वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। लड़की के परिवारीजनों से बात कर तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद में जाम से राहत दिलाने को 4 सड़कों का चयन

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद आरडीसी समेत शहर की अतिव्यस्त चार सड़कें जाम मुक्त करने की तैयारी की जा रही है। इस पर गाजियाबाद नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) संयुक्त रूप से काम करेंगे। जाम से राहत के लिए पार्किंग की स्थिति बदलने के साथ अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसकी नगर निगम ने कार्य योजना तैयार कर ली है। निगम पहले चरण में चार सड़कों का चयन कर प्लान तैयार कर रहा है। पहले चरण में आरडीसी राजनगर, राजनगर एक्सटेंशन, शेषनाग द्वार और काला पत्थर रोड को जाम मुक्त कराया जाएगा। इन सड़कों पर सुबह और शाम ज्यादा दिक्कत होती है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रविवार को निगम और जोनल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसे स्थान चिह्नित किए जाएं, जहां अधिक जाम रहता है। इसके बाद प्लानिंग कर जाम खत्म करने का मॉडल तैयार किया जाएगा। पहले चरण में चार सड़कों का जाम फ्री करने के लिए चयन किया है। निगम अधिकारी के साथ विशेषज्ञ निरीक्षण करेंगे ञ्ज नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बैठक में सभी जोनल प्रभारी और निर्माण विभाग टीम को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर हॉटस्पॉट चिह्नित करने के निर्देश दिए। साथ में विशेषज्ञ टीम के सदस्य भी स्थलीय निरीक्षण करेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि सबसे पहले आरडीसी से जाम की समस्या को खत्म किया जाएगा।

### यह चोरी नहीं, डकैती है... सब खुलेआम हुआ: अखिलेश यादव

**लखनउ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के नेता और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कांग्रेस लीडर राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों का समर्थन किया। बेंगलुरु में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह सिर्फ वोट चोरी नहीं बल्कि डकैती है। अखिलेश ने कहा, 'यह चोरी नहीं है। चोरी तो छोटी चोरी होती है। यह डकैती है। खुलेआम की गई।' राहुल ने आरोप लगाया था कि देश में जानबूझकर वोट चोरी हो रही है। उन्होंने कलबुर्गी निर्वाचन क्षेत्र के अलंद का उदाहरण दिया, जहां अल्पसंख्यकों और पिछड़ी जातियों के वैध वोट हटाने की कोशिश की गई। सपा नेता 'विजन इंडिया : स्टार्टअप समिट' में भाग लेने के लिए बेंगलुरु में थे। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे पर अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने अभी तक बूथ स्तर का विश्लेषण नहीं किया है, लेकिन परिणाम देखे हैं। नेता तेजस्वी यादव एक लोकप्रिय चेहरा हैं और महागठबंधन सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ था।

## दलित से शादी नहीं करूंगा; रिलेशन बनाने के बाद मुकरा पुलिसकर्मी; हाईकोर्ट ने दिया झटका

**बैंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक में दो पुलिसकर्मियों के बीच में शादी का झूठा वादा करके संबंध बनाने का मामला सामने आया है। महिला पुलिसकर्मी का आरोप है कि आरोपित ने साई बाबा की फोटो के सामने गुप्त रूप से उससे शादी की और फिर संबंध बनाए। अब आरोपित ने दलित होने का हवाला देकर उसे पत्नी मानने से इनकार कर दिया है। इसके बाद महिला ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज कराए जाने के बाद कॉन्सटेबल ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दर्ज कराई थी। इस मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एस. राचौया की पीठ ने




कहा कि इस मामले में स्ष्ट/स्ञ्ज एक्ट में आरोपितों को अग्रिम जमानत न देने का प्रतिबंध लागू होता है। ऐसे में उन्होंने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने अपना फैसला सुनाने के बाद टिप्पणी करते हुए कहा, शिकायत में कहा गया है कि आरोपित ने शिकायतकर्ता को अनुसूचित जाति से होने की वजह से पत्नी मानने से इनकार कर दिया है।

## ड्रग ले जा रही बोट पर अमेरिका का हवाई अटैक

**75 दिनों में 21वां हमला**

### अब तक 83 मौतें; ट्रम्प ने उड़ाने का आदेश दिया था



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका ने शनिवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ड्रग तस्करी करने वाली नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। यह सितंबर की शुरुआत से अब तक अमेरिकी सेना का ड्रग नावों पर किया गया 21वां हमला है। आंकड़ों के अनुसार, इन हमलों में अब तक 83 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर हो रहे हैं।

ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया। न्याय विभाग ने इन हमलों को सही ठहराया है और कहा गया है कि इन ऑपरेशनों में शामिल अमेरिकी सैनिकों को मुकदमा चलाने से छूट मिलेगी।

अमेरिकी दक्षिणी कमान ने रविवार को हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया ङ्ग पर जारी किया। वीडियो में विस्फोट दिख रहा है, जिससे नाव के परखच्चे उड़ गए। हमले के तुरंत बाद बोट में आग लग गई। मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता या पहचान की जानकारी नहीं दी गई।

इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था, 'मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे।' अमेरिका ने 10 नवंबर को भी पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए थए। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं।

अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों, मानवाधिकार संगठनों और सहयोगी देशों ने इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि युद्ध क्षेत्र से बाहर हमले करने का कानूनी आधार साफ नहीं है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि उसके पास पूर्ण कानूनी अधिकार हैं। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया। इससे अमेरिका में इस ग्रुप को किसी भी तरह की मदद देने वाला अपराधी माना जाएगा। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि यह संगठन 'ट्रेन डे अरागुआ' नामक अपराधी समूह के साथ मिलकर अमेरिका में नशीले पदार्थ भेजता है। ट्रम्प प्रशासन का दावा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो इस कार्टेल के नेता हैं, हालांकि मादुरो हमेशा इससे इनकार करते आए हैं। अमेरिकी अधिकारी मादुरो सरकार के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने पर विचार कर रहे हैं।

**● हजारों युवा प्रदर्शनकारी गलियों और चौकों में उतर आए**

## युवा प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बरसाए पत्थर और डंडे

**मेक्सिको , एजेंसी।** मेक्सिको सिटी की सड़कों पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने देशभर का ध्यान अपनी ओर खींचा। हजारों युवा प्रदर्शनकारी गलियों और चौकों में उतर आए और अपराध तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने गुस्से का इज़हार किया। इस आंदोलन में सिर्फ युवा ही नहीं, बल्कि विभिन्न उम्र के लोग भी शामिल हुए, जिन्होंने अपने-अपने मुद्दों के लिए आवाज उठाई। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि प्रदर्शन का एक हिस्सा चीन समर्थक राष्ट्रपति के खिलाफ भी था। प्रदर्शन तेज होने के बाद हिंसक मोड़ भी लिया। प्रदर्शनकारियों ने पत्थर, डंडे और चेन के सहारे पुलिस पर हमला किया। मेक्सिको सिटी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वैजेक के अनुसार, इस झड़प में लगभग 120 लोग घायल हुए, जिनमें 100 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इस हिंसा में 20 लोगों को गिरफ्तार भी




किया गया। एक 29 वर्षीय व्यवसायी ने कहा कि उन्हें अधिक सुरक्षा की आवश्यकता महसूस हो रही है। वहीं, एक 43 वर्षीय महिला फिजिशियन ने प्रदर्शन में शामिल होकर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए अधिक फंड की मांग की। उन्होंने कहा कि आज डॉक्टरों को मार दिया जाता है और इसके लिए कोई जवाबदेही नहीं होती। हाल के दिनों में मेक्सिको में कई हाई-प्रोफाइल हत्याओं ने जनता को हिला कर रख दिया है। इनमें पश्चिमी राज्य मिचोआकैन के मेयर की हत्या भी शामिल है। प्रदर्शन में शामिल कुछ लोग उनके समर्थन में भी आए। एक नागरिक, रोजा मारिया एविला ने कहा, यह राज्य मर रहा है। मेयर को इसलिए मारा गया क्योंकि वह युवा अपराधियों से निपटने के लिए अधिकारियों को भेजता था। वह अपराधियों का मुकाबला करने की हिम्मत रखते थे। शनिवार को हुए इस विरोध प्रदर्शन में विभिन्न उम्र और पेशों के लोग शामिल थे। युवा प्रदर्शनकारियों ने ऊर्जा और गुस्से का प्रदर्शन किया, जबकि अनुभवी नागरिकों ने अपने अनुभव और समाजिक मुद्दों को उठाया। इस तरह यह प्रदर्शन केवल जेन-जी का आंदोलन नहीं बल्कि एक व्यापक सामाजिक चेतना का प्रतीक बन गया।

## ड्रग गिरोह का सरगना स्पेन में पकड़ा गया

**क्विटो, एजेंसी।** इक्वाडोर के सबसे वांछित ड्रग तस्करों में से एक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कई साल पहले वो अपनी मौत का नाटक करके स्पेन भाग गया था। इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने कहा कि विल्मर चावरिया, जिसे 'पिपो' के नाम से भी जाना जाता है, को स्पेनिश पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में स्पेन के शहर मलागा में पकड़ लिया गया। चावरिया को लॉस लोबोस का सरगना माना जाता है, जो लगभग 8,000 लड़ाकों वाला एक ड्रग तस्करी समूह है और जिसे हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा एक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। लॉस लोबोस का नाम इक्वाडोर में राजनीतिक हत्याओं से जुड़ा रहा है और उस पर मैक्सिको के जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल के साथ मिलकर काम करने का भी आरोप है। नोबोआ ने कहा कि चावरिया ने 2021 में कोविड महामारी के दौरान अपनी मौत का नाटक किया, एक नई पहचान हासिल की और स्पेन चला गया, जहां से उसने नशीले पदार्थों की खेपों का समन्वय किया, हत्याओं का आदेश दिया और इक्वाडोर में सोने की खदानों के खिलाफ जबरन वसूली के रैकेट चलाए।

### स्वेदा में सांप्रदायिक हिंसा पर सुरक्षा बलों और सैन्य अधिकारियों की गिरफ्तारी

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वीदा में जुलाई में हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच के सिलसिले में सीरिया के सुरक्षा और सैन्य सेवाओं के सदस्यों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे, जांचकर्ताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वीदा में हिंसा की जांच कर रही एक सीरियाई समिति के प्रमुख ने राजधानी दमिश्क में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें प्रगति पर चर्चा की गई, लेकिन उन्होंने मृतकों की संख्या जारी नहीं की, यह कहते हुए कि यह अंतिम रिपोर्ट में बताई जाएगी।

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रंप सरकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे समर्थन दे दिया है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि 'रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है।' रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख



योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है। एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रंप उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

# किसानों को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले, इसे सुनिश्चित करें : डीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि, सहकारिता, मत्स्य, पशुपालन एवं गव्य विकास विभागों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वप्रथम कृषक पाठशाला की जानकारी ली गई, जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी मो शाहीद ने बताया कि जिले के दो प्रखंडों में कृषक पाठशाला बन कर तैयार में, जिसमें नावाडीह प्रखंड में 12.5 एकड़ एवं जरीडीह प्रखंड में 25 एकड़ भूमि में बना है। उक्त पाठशाला में कृषि मित्रों का प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही किसानों को मौसमी फसलों की बोआई से लेकर कटाई तक की भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त पाठशाला की भूमि में खेती, बने तालाब में मछली पालन, सब्जी उत्पादन भी की जा रही है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला कृषि पदाधिकारी मो शाहीद, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। धान कटनी उत्सव के लिए रूप में सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुति सुनिश्चित करें- उपायुक्त अजय नाथ झा ने धान कटनी उत्सव व्यापक रूप से मनाने का निर्देश दिया। इसमें सांस्कृतिक दलों एवं नुक्कड़ नाटक की टीम की सेवाएं लेने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की में किसानों का अहम योगदान है। ऐसे में उनके साथ किसी भी स्तर से धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य मिले संबंधित अधिकारी से सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रत्येक पैक्सों के नियंत्रि पदाधिकारी होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कृषि कार्य से संबंधित सभी विभाग आपस में समन्वय के साथ कार्य करें ताकि बेहतर परिणाम दिया जा सके।



**जरीडीह क्षेत्र में एफपीओ का निबंधन 10 दिनों के अंदर करे पूरा-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जरीडीह प्रखंड क्षेत्र में एफपीओ फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन का निबंधन 10 दिनों के अंदर पूरा करने को कहा। एफपीओ यह एक प्रकार की सहकारी संस्था है जो किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने और अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करने में मदद करती है। साथ ही एक सप्ताह के अंदर कृषक पाठशाला को साफ सुथरा एवं सुसज्जित करने का निर्देश। साथ ही कहा कि कृषि विभाग की बैठक हर 15 दिनों में की जाएगी इसकी तैयारी अभी वर्तमान से ही कर ले। उन्होंने कृषि पदाधिकारी को कहा कि किसानों का गुरु गोष्ठी का कार्य एवं चौपाल का कार्य कृषक पाठशाला में ही करने को कहा। इसके लिए उन्होंने उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार को निर्देश दिया कि दोनों प्रखंडों के कृषक पाठशाला का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

**जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर का कृषि से संबंधित एक्टिविटी का केंद्र कृषक पाठशाला में होना चाहिए-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिले में कृषक पाठशाला आधुनिक होनी चाहिए जिसमें खेती योग्य भूमि व्यवस्थित होना चाहिए। फसल में किसी तरह का घास नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर का कृषि से संबंधित एक्टिविटी का केंद्र कृषक पाठशाला में होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पेटरवार प्रखंड के आमाडीह ग्राम में कोल्ड स्टोर बनाने का निर्देश दिया। इसके लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी को उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा। ताकि कोल्ड स्टोर का कार्ड जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने हेल्थ कार्ड का कार्य धीमी गति से होने पर कृषि पदाधिकारी से पूछा गया। इस पर कृषि पदाधिकारी ने कहा की इक्विपमेंट कम रहने के कारण काम धीमा चल रहा है जिसे जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

**ससमय किसानों तक बीज वितरण सुनिश्चित हो एवं मार्केटिंग स्ट्रेटजी भी करें तैयार-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने रवि फसल के बीज वितरण के संबंध में संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ससमय किसानों तक वितरण सुनिश्चित हो ताकि समय रहते किसान उक्त बीज की बुआई कर सके। वहीं, मत्स्य पालन क्षेत्र की गतिविधियों के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को कहा की मत्स्य उत्पादन जिला के सभी तालाबों में सुनिश्चित करें तथा इसके बाजार क्षमता के अनुरूप मार्केटिंग स्ट्रेटजी भी तैयार करें।

# हुक्काबार एवं सामुदायिक स्तर पर धुम्रपान करना प्रतिबन्धित : जिला परामर्शी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर में कई स्थानों पर तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया। जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेन्टर, लक्ष्मी मार्केट, अम्बेडकर चौक एवं स्कूल व बीजीएच अस्पताल के आसपास के कुल 93 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 21 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुए पाया गया। जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 4900 रुपए की वसूली की गई। इस संबंध में जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 तहत कोटपा कानून व अर्थदण्ड में बदलाव किया गया है। धारा-4 सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान पर प्रतिबंध है। उल्लंघनकर्ता को . 1000/-(एक हजार रुपए) तक का जुमार्ना देना पड़ सकता है। धारा-4ए हुक्काबार पर पूर्ण प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 3 वर्ष तक का कारावास जोकि 1 वर्ष से कम नही होगी तथा.100000 (एक लाख रुपए) तक का जुमार्ना जोकि . 50000/- (पचास हजार रुपए) से कम नही होगी। धारा-5 सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध। प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास या फ्र.1000/-(एक हजार रुपए) तक का जुमार्ना अथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 5 वर्ष तक का कारावास या फ्र.5000/-(पांच हजार रुपए) तक का जुमार्ना अथवा दोनो। धारा-6ए 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तम्बाकू पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को फ्र. 1000/- (एक हजार रुपए) तक का जुमार्ना। धारा-6बी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल एवं सरकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को फ्र. 1000/- (एक हजार रुपए) तक का जुमार्ना। धारा-6सी खुला सिगरेट बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को फ्र. 1000/-(एक हजार रुपए) तक का जुमार्ना। सभी दुकानदार से अनुरोध है कि उक्त कोटपा कानून का अनुपालन आवश्य करें । साथ ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित कोई भी पोस्टर, बैनर, टैग अपने दुकानों के सामने न लगायें क्योकि तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करना कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है। सभी आमजनमानस से अपील है कि खुले में धुम्रपान न करे, खुले में धुम्रपान करने से आपके द्वारा छोड़े गये धुआं से अन्य व्यक्ति को भी नुकसान करता है जोकि कोटपा की धारा 4 का उल्लंघन है ऐसे व्यक्ति को 1000 रुपए का जुमार्ना हो सेकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 4 थाना के एस0आई0 के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।




# वृद्धजन बोझ नहीं हमारे अनुभव के स्तंभ हैं : न्यायाधीश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वृद्धजन समाज की धरोहर हैं और उनका सम्मान तथा देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है।माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 इसी उद्देश्य से बनाया गया है। उपरोक्त बातें सोमवार को सिविल कोर्ट धनबाद में वृद्धजनों के लिए आयोजित जागरूकता शिविर में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कही। उन्होंने कहा कि वृद्धजन बोझ नहीं, हमारे अनुभव का खजाना हैं। उन्होंने विधि स्वयंसेवकों को कहा कि हम यह सुनिश्चित करें कि कोई भी अनपढ़ या असहाय बुजुर्ग अपने अधिकारों से वंचित न रहे, और उन्हें समय पर न्याय तथा आर्थिक सहायता मिल सके। कानून के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत हर माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक को यह अधिकार है कि उनके बच्चे या परिवार के सदस्य उनकी भोजन, दवा, रहने और अन्य जरूरी खर्चों की जिम्मेदारी निभाएँ। लेकिन हमारे समाज में अनेक वृद्धजन ऐसे हैं, जो अनपढ़ हैं, आर्थिक रूप से कमजोर हैं, और अपने अधिकारों के बारे में जान नहीं पाते। उन्हें सहायता की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। इसलिए यह हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसे वृद्धजनों को आगे बढ़ाकर इस कानून के तहत भरण-पोषण भत्ता/राशि दिलाने में मदद करें।इस अधिनियम के अनुसार वृद्धजन स्वयं या किसी प्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, और अदालत या ट्रिब्यूनल 90 दिनों के भीतर भरण-पोषण राशि तय करता है। इसका उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे सभी वृद्ध नागरिकों को पूरी तरह मुफ़्त कानूनी सहायता प्रदान करता है। वृद्धजन हमारे अनुभव और संस्कार के आधार स्तंभ हैं। हम यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक, खासकर अनपढ़ या अकेला बुजुर्ग, भरण-पोषण के अपने अधिकार से वंचित न रहे, और उन्हें डालसा के माध्यम से पूरा न्याय और सहायता मिल सके। इस मौके पर सोलह वरिष्ठ नागरिको को मौके पर वृद्धा पेंशन मुहैया कराया गया. कार्यक्रम में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम धनबाद के चीफ कुमार विमलेंदू ,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, नीरज कुमार गोयल, सुमन पाठक शैलेन्द्र झा, कन्हैयालाल ठाकुर, मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी समेत प्राधिकरण के सभी विधिक स्वयंसेवक व दर्जनों लोग उपस्थित थे.




# डीएवी के 49 बच्चे विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के सेकेंड लेवल में पहुंचे

## विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण संप्रेषित करने के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं आवश्यक : प्राचार्य

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के विज्ञान भारती, नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम एवं एनसीईआरटी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा "विद्यार्थी विज्ञान मंथन" के फर्स्ट लेवल में डीएवी सेक्टर-4 के 71 विद्यार्थियों में से 49 विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक मेघा के बल पर उत्तीर्ण हो द्वितीय स्तर पर पहुंच गए हैं। द्वितीय स्तर की प्रतियोगिता 19 नवंबर से 30 नवंबर 2025 के मध्य ऑनलाइन ली जाएगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एसके मिश्रा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलता है और विज्ञान के प्रति रुचि पैदा होती है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और सेकंड लेवल के लिए नियोजित तैयारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन किया।




# डालसा ने बुजुर्गों के बीच आयुष्मान कार्ड, पेंशन कार्ड, आधार कार्ड, हेल्थ कार्ड वितरण किया



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद डालसा के सचिव के आदेशानुसार बुजुर्गों के अधिकारों से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज सबलपुर, सहयोगी नगर सेक्टर 3 स्थित ओल्ड ऐज होम में रह रहें बुजुर्गों के बीच डालसा के द्वारा हेल्थ कार्ड, पेंशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड, वितरण किया गया। वहीं मीडिया को सम्बोधित करते हुए अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार नें कहा की आज आश्रम के लोगों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। और हमलोगो नें डालसा के सचिव के आदेशानुसार इनलोगो के बीच आभार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड हेल्थ कार्ड, और पेंशन कार्ड का वितरण किया. वहीं आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी ने इन सभी को दिल से आभार प्रकट किया वहीं उन्होंने कहा कि आज आश्रम में लोगों के बीच राशन कार्ड आधार कार्ड पेंशन कार्ड हेल्थ कार्ड का जो वितरण किया गया इसके लिए मैं डालसा के सचिव, नीरज,शैलेंद्र,चंदन एवं संध्या को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं, जिनके प्रयास से आज हमारे आश्रम में लोगों के बीच यह कार्ड का वितरण किया गया। वहीं इस मौके पर आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, आश्रम के सह सचिव सुरेंद्र यादव, नीरज गोयल, शैलेंद्र कुमार, चंदन कुमार, संध्या देवी सहित आश्रम के सदस्य लोग उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा न०-2 के निदेर्शानुसार आज वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ओल्ड एज होम, बड़ाजोर, (चंदनकियारी) तथा ओल्ड एज होम, सोलागिडीह (चास) में किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बोकारो के सचिव अनुज कुमार न०-2 के निर्देश पर मध्यस्थ विष्णु प्रसाद नायक एवं विजय कुमार यादव ने सीनियर सिटीजंस एक्ट संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। इनके साथ पारा लीगल वॉलंटियर्स यदु महतो एवं रतिलाल कुम्भकार ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। वरिष्ठ नागरिकों एवं उपस्थित अधिकारियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई, जिसमें माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, देखभाल तथा उनके अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपने विचार साझा किए और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बोकारो का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को उनके अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय पर मिले और वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। उक्त आशय की जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनुज कुमार के द्वारा दी गई।

# बोकारो हवाई अड्डा से व्यवसायिक उड़ान जल्द

## ● मानक के अनुसार 15 प्रतिशत कार्य शेष, समय निर्धारित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ान सेवा शुरू होने की दिशा में लंबे समय से चल रहे प्रयासों के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बोकारो के उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा, रांची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य उड़ान सेवा शुरू करने की तैयारी से जुड़े लंबित कार्यों और लाइसेंस प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों की समीक्षा करना था। बैठक के दौरान अधिकारियों ने हवाई अड्डा परिसर में विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। डीसी अजय नाथ झा ने बताया कि बोकारो में उनकी पदस्थापना के बाद एयरपोर्ट से जुड़े लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरे कर लिए गए हैं। शेष 15 प्रतिशत कार्यों के लिए स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित कर दी गई है, ताकि इन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे की बाउंड्री के आसपास मौजूद अतिक्रमण को पूरी तरह हटा दिया गया है, जिससे लाइसेंस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। डीसी ने भरोसा दिलाया कि उड़ान सेवा शुरू करने में अब बहुत अधिक समय नहीं लगेगा। हालांकि किसी निश्चित तारीख की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है, लेकिन प्रशासन और संबंधित एजेंसियाँ कार्य में तेजी ला रही हैं। उन्होंने कहा कि हवाई सेवा शुरू करने का लक्ष्य बोकारो के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, और इसके लिए हर संभव प्रयास जारी है। रांची एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने भी सकारात्मक संकेत देते हुए कहा कि पहले से तय कई बिंदुओं पर अब प्रगति हो रही है। कुछ तकनीकी और संरचनात्मक कार्य अभी बाकी हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि हवाई सेवा शुरू करने में किसी प्रकार की बड़ी बाधा नहीं है और प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बैठक में यह स्पष्ट हुआ कि बोकारो एयरपोर्ट जल्द ही लोगों के लिए खोला जा सकता है। प्रशासनिक सक्रियता और विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से जिले के लोगों की वर्षों पुरानी उड़ान सेवा की प्रतीक्षा अब जल्द समाप्त होने की संभावना है।

# साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी में साहित्यकार बुद्धिनाथ झा हुए सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी, पटना से पधारे प्रसिद्ध कवि व शायर सुशील ठाकुर साहिलसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के आवास पर आयोजित इस रचनागोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति', शैलजा झा, मनाली मिश्रा, अमन कुमार झा, अरुण पाठक, डॉ रणजीत कुमार झा, विश्वनाथ झा, धर्मवीर सिंह, शम्भु झा आदि शामिल हुए। मैथिली महाकाव्य 'ऊं महाभारत' के रचयिता वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछले दिनों चेतना समिति पटना द्वारा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के हाथों वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा को यात्री चेतना पुरस्कार से सम्मानित होने पर सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री झा को बधाई दी। कवयित्री मनाली मिश्रा ने 'मोह' व 'अनचाही बेटी', अमन कुमार झा ने 'आशीर्वाद', धर्मवीर सिंह ने 'देश का मौसम बदला-बदला नजर आ रहा है', विजय शंकर मल्लिक ने मैथिली कविता 'संसारिक बात' व 'जयंती', डॉ रणजीत कुमार झा ने मैथिली गीत 'कोन करम हम कएल विधाता', बुद्धिनाथ झा ने मैथिली में 'नंगटा पाकिस्तान' व 'अहां भारत के बेटी छी', सुशील साहिल ने हिन्दी में कविता व गजल 'मेरे सोने के भारत को मेरे बच्चे संभालेंगे', 'पनिहारिन के गीत मैं गाऊं तो कैसे' व 'जिस नजर से शराब होता रहा' सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई।

# डिजिटलीकरण के माध्यम से पर्यावरण स्थिरता की ओर बोकारो स्टील प्लांट का एक और कदम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा पर्यावरण स्थिरता की पहल के अंतर्गत ऑनलाइन उत्सर्जन निगरानी प्रणाली पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का शुभारंभ आज 17 नवंबर, 2025 को पर्यावरण संरक्षण एवं स्थिरता विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से 30 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. उल्लेखनीय है कि बीएसएल ने पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी हेतु तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई है. बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं स्थिरता विभाग की पूर्ण-विकसित प्रयोगशाला द्वारा संयंत्र एवं टाउनशिप में हवा, पानी तथा स्टैक उत्सर्जन के विभिन्न मापदंडों के नमूने लेकर मानक प्रक्रियाओं के अनुसार उनका विश्लेषण किया जाता है. इसके अतिरिक्त, बीएसएल ने थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग के लिए एनएबीएल मान्यता प्राप्त एवं एमओईएफसीसी से अनुमोदित प्रयोगशाला को भी संलग्न किया है. इन प्रयासों के अलावा, विभिन्न पर्यावरणीय मापदंडों की 24७७ वास्तविक समय निगरानी हेतु, बीएसएल ने 33 स्टैक उत्सर्जन निगरानी प्रणाली और तीन एफ़्लुएंट गुणवत्ता निगरानी प्रणाली स्थापित की हैं. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मेसर्स एनवीया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बाह्य संकाय के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री राजीव श्रीवास्तव द्वारा, महाप्रबंधक (ईसीएस) श्रीमती प्रीति झा और परियोजना निष्पादन क्षेत्र के प्रतिनिधि श्री एम.के. सिंह की उपस्थिति में किया गया. कार्यशाला में उप महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री नितेश रंजन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और उन्नत प्रणाली के माध्यम से विभिन्न पर्यावरणीय मापदंडों की वास्तविक समय निगरानी के महत्व को समझाया, ताकि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके. मेसर्स एनवीया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संकाय सदस्य श्री राहुल मुरलीधर वेलहल ने अपनी टीम के साथ मिलकर, ऑनलाइन उत्सर्जन निगरानी प्रणाली के कार्यकारी सिद्धांतों तथा उचित परिचालन एवं रखरखाव के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में प्रायोगिक प्रदर्शन और हैंड्स-ऑन अभ्यास भी शामिल हैं. यह प्रशिक्षण संयंत्र के सीओ एंड सीसी, एसपी, आरएमपी, बीएफ, एचएसएम, सीआरएम-1 & 2, और सीआरएम-3 जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थापित 33 ऑनलाइन कंटीन्यूअस स्टैक उत्सर्जन निगरानी प्रणालियों के उचित ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस और ट्रबल-शूटिंग पर केंद्रित था। यह पहल एक स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त पर्यावरण के निर्माण की दिशा में बीएसएल की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करती है.





**बीएसएल बोकारो दीक्षा और आईएसएम धनबाद के बीच प्रशिक्षण सहयोग की नई पहल**

बोकारो स्टील प्लांट एवं डालमिया भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित बोकारो दीक्षा स्किल डेवलपमेंट सेंटर में आईआईटी (आईएसएम) अटल इनोवेशन सेंटर, धनबाद की चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्रीमती आकांक्षा सिन्हा, प्रबंधक सुश्री चमेली चौधरी और श्री संजय मोदक ने दौरा किया. टीम ने केंद्र की प्रशिक्षण संरचना, उपलब्ध संसाधनों, अत्याधुनिक सुविधाओं और संकाय द्वारा अपनाई जा रही शिक्षण पद्धतियों का अवलोकन किया. अटल इनोवेशन सेंटर की टीम ने बोकारो दीक्षा की प्रशिक्षण अवसंरचना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था की सराहना की. दौरे के दौरान यह निर्णय लिया गया कि बोकारो दीक्षा के प्रशिक्षुओं को एक सप्ताह के शिक्षक प्रशिक्षण एवं औद्योगिक नवाचार अनुभव के लिए आईआईटी (आईएसएम) अटल इनोवेशन सेंटर, धनबाद आमंत्रित किया जाएगा. गौरतलब है कि अटल इनोवेशन मिशन, भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में नवाचार, उद्यमिता तथा नवाचार-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना है. बोकारो दीक्षा और अटल इनोवेशन सेंटर, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की टीम के बीच भविष्य में सहयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सकारात्मक सहमति बनी. प्रस्तावित सहयोग में अटल इनोवेशन सेंटर, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के छात्रों को कौशल प्रशिक्षण एवं औद्योगिक अवलोकन हेतु बोकारो दीक्षा भेजना, साथ ही दोनों संस्थानों के बीच शिक्षक आदान-प्रदान कार्यक्रम प्रारंभ करना शामिल है. टीम ने स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और रोजगार-सृजन में बोकारो दीक्षा के योगदान की सराहना करते हुए इसे एक उत्कृष्ट, प्रभावशाली और अनुकरणीय सीएसआर मॉडल बताया. टीम सदस्यों ने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का इतना सशक्त और परिणाम-उन्मुख स्वरूप कम ही देखने को मिलता है. उल्लेखनीय है कि आज दीक्षा स्किल डेवलपमेंट सेंटर बोकारो एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए नई संभावनाओं का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K